www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 8 जून, 2024 | वर्ष-17 | अंक-63 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए



देश की जनता ने मोदी को नहीं दिया बहुमत : पप्पू यादव 02
■ दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने वजीराबाद...
■ नीट के रिजल्ट में दिल्ली के सरकारी स्कूलों ने... 03
■ गाजा में भीषण संघर्ष जारी, 13 फिलिस्तीनियों की मौत
■ यूक्रेन को मिराज लड़ाकू विमान देगा फ्रांस 07
'गांठ' के कलाकारों के साथ सलोनी बत्रा ने ... 10

### राष्ट्रपति मुर्मू ने मोदी को सरकार बनाने का न्योता दिया

# कल प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे मोदी

## एनडीए संसदीय दल के नेता के रूप में मोदी के नाम का राजनाथ ने रखा था प्रस्ताव

**नई दिल्ली,** 7 जून (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद अब सरकार बनाने की कवायद चल रही है। इसी क्रम में संसद भवन में एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई। इस बैठक में एनडीए के तमाम घटक दल के नेता शामिल हुए और राजनाथ सिंह की ओर से मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता नामित करने के प्रस्ताव रखा व राजग के घटक दलों ने इसका समर्थन किया ।

**सरकार बनाने का दावा पेश किया**

इस निर्णय के बाद एनडीए की ओर से सरकार बनाने का दावा पेश किया। एनडीए की तरफ से नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने मोदी को सरकार बनाने का न्यौता दिया। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रहलाद जोशी ने घोषणा की कि 73 वर्षीय मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह समारोह रविवार 9 जून को शाम 6 बजे निर्धारित है। शपथ ग्रहण में बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान, नेपाल, मालदीव और मॉरीशस जैसे देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, '18वीं लोकसभा एक प्रकार से नई ऊर्जा, युवा ऊर्जा और कुछ कर गुजरने के इरादे वाली लोकसभा है। आजादी के अमृत महोत्सव के बाद का यह पहला चुनाव है। यह वह 25 वर्ष है जो हमारे अमृत काल के 25 वर्ष है।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि 18वीं लोकसभा में देश की आशाओं और आकांक्षाओं को पूर्ण करने में कोई कमी नहीं रखेंगे।



### बैठक से पहले संविधान को माथे से लगाया

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल की बैठक में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने भारत के संविधान को अपने माथे से लगाया। इसके बाद उन्हें सर्वसम्मति से राजग संसदीय दल का नेता चुन लिया गया।

- तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे
- 9 जून को शाम 6 बजे होगा शपथ ग्रहण
- समारोह में कई राष्ट्राध्यक्ष शामिल होंगे

मैं देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि 18वीं लोकसभा में, हम देश की आशाओं और आकांक्षाओं को पूर्ण करने में कोई कमी नहीं रखेंगे : नरेंद्र मोदी

**हम लोग सब इनके साथ : नीतीश**

बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के नेता नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी पार्टी भाजपा संसदीय दल के नेता नरेंद्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन देती है। यह बहुत खुशी की बात है कि 10 साल से ये पीएम हैं और फिर पीएम होने जा रहे हैं। इन्होंने पूरे देश की सेवा की। हमें पूरा भरोसा है कि जो भी बचा हुआ है अगली बार सब पूरा कर देंगे। हम लोग पूरे तौर पर, सब दिन इनके साथ रहेंगे।

### जयंत को मंच पर बैठने की नहीं मिली जगह

नरेंद्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुना गया। इस बैठक की तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें तमाम एनडीए के सहयोगी पीएम मोदी के साथ मंच पर बैठे हैं लेकिन रालोद प्रमुख जयंत चौधरी को मंच पर जगह नहीं दी गई, जिसे लेकर समाजवादी पार्टी ने रालोद पर तंज कसा है। सपा ने कहा इससे भाजपा की जाट समाज से नफरत और स्व.चौधरी चरण सिंह जी एवं चौधरी अजीत सिंह जी के प्रति नाटकीय झूठे सम्मान का भंडाफोड़ हो गया है।

# नीट परीक्षा में धांधली की हो जांच : खड़गे

## पेपर लीक के लिए मोदी सरकार को ठहराया जिम्मेदार



**नई दिल्ली,** 7 जून (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा का पेपर लीक हुआ है और परीक्षा परिणाम में जबरदस्त धांधली हुई है जिससे असंख्य बच्चों का भविष्य दांव पर लग गया है इसलिए इस मामले की जांच कराई जानी चाहिए। श्री खडगे ने कहा पेपर लीक, धांधली और भ्रष्टाचार नीट समेत कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गई हैं। इसकी सीधी ज़िम्मेदारी मोदी सरकार की है। अभ्यार्थियों के लिए भर्ती परीक्षाओं में भाग लेना, फिर अनेकों अनियमितताओं से जूझना, पेपर लीक के चक्रव्यूह में फँसना, उनके भविष्य से खिलवाड़ है। उन्होंने कहा भाजपा ने देश के युवाओं को ठगा है। हमारी मांग है कि सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में एक उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए जिससे नीट व अन्य परीक्षाओं में भाग लेने वाले हमारे प्रतिभाशाली छात्र- छात्राओं को न्याय मिले। श्रीमती वाड्रा ने कहा पहले नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ और अब छात्रों का आरोप है कि इसके रिजल्ट में भी स्कैम हुआ है। एक ही सेंटर के 6 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिलने पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं और कई तरह की अनियमितताओं की बातें सामने आ रही हैं।

### सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में हो जांच : कांग्रेस

***नई दिल्ली।*** *कांग्रेस ने मेडिकल परीक्षा नीट के आयोजन और रिजल्ट पर प्रश्न उठाए हैं। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि आखिर कैसे एक साथ 67 टॉपर को नीट परीक्षा में 720 में से पूरे 720 अंक मिल गए। इसके अलावा कांग्रेस ने यह भी प्रश्न उठाया है कि एक ही सेंटर के 8 बच्चे कैसे 720 में से 720 अंक हासिल कर टॉपर बन गए। पार्टी ने अब इस पूरे मामले में सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में जांच की मांग की है।*

## सार संक्षेप

### प्रज्वल रेवन्ना की मां को मिली अंतरिम जमानत



**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने सेक्स वीडियो स्कैंडल से जुड़े अपहरण के एक मामले में शुक्रवार को प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना को अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने 14 जून तक के लिए उनकी जमानत मंजूर की है। उच्च न्यायालय ने आदेश सुनाते हुए भवानी रेवन्ना को शुक्रवार को एक बजे जांच के लिए उपस्थित होने और जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया।

### कंगना से उलझने वाली कॉन्स्टेबल का टिकैत ने किया बचाव



**अलीगढ़।** चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर गुरुवार को बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत को सीआईएसएफ की एक महिला कॉन्स्टेबल ने थप्पड़ जड़ दिया। इस घटना पर किसान नेता राकेश टिकैत की प्रतिक्रिया सामने आई है। राकेश टिकैत ने महिला कॉन्स्टेबल का बचाव करते हुए कहा कि दोनों में बहस हुई थी, थप्पड़ नहीं मारा। महिला कॉन्स्टेबल कंगना के बयानों से आहत थी। हम सब उस परिवार और बेटी के साथ हैं।

### नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू सबके हैं : संजय राउत



**मुंबई।** शिवसेना नेता संजय राउत ने नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ये दोनों ही नेता सभी के हैं। संजय राउत ने कहा, नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू सबके हैं। आज आपके हैं, तो कल हमारे होंगे। मोदी सरकार जो भी फैसला लेना चाहती थी, उसका आम लोगों ने विरोध किया।

# मणिपुर के दो जिलों में लगा कर्फ्यू

## जिरीबाम व तामेंगलोंग में अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगाया

**इंफाल,** 7 जून (एजेंसियां)। मणिपुर में 59 साल के एक व्यक्ति की हत्या के बाद जिरीबाम और तामेंगलोंग जिलों में अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को ये जानकारी दी।

इंफाल में मणिपुर के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि गुरुवार रात को जिरीबाम में सोइबाम सरतकुमार सिंह का शव बरामद होने के बाद स्थानीय लोगों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार को भी स्थिति तनावपूर्ण है, हालांकि नियंत्रण में है। शव पर कई चोटें और कट के निशान मिले थे। इसके अलावा कुछ घरों में आग लगा दी गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जिरीबाम में अपने लाइसेंसी हथियार वापस करने की मांग की। लोकसभा चुनाव से पहले इसे जमा करा लिए गए थे। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने जिरीबाम जिले में असम राइफल्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और मणिपुर पुलिस का एक संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। जिरीबाम और निकटवर्ती तामेंगलोंग जिले में राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों सहित सुरक्षा बलों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है।



- 1 व्यक्ति का शव बरामद
- कुछ घरों में आग लगाई

असम की सीमा से सटे जिरीबाम में मिली जुली आबादी है, जिसमें मैतेई, मुस्लिम, नागा, कुकी और गैर-मणिपुरी रहते हैं। यह जिला पिछले साल 3 मई से मणिपुर में हुई जातीय हिंसा से अब तक काफी हद तक अप्रभावित रहा है। मैतेई और कुकी-जोमी के बीच जातीय संघर्ष ने अब तक दोनों समुदायों के 220 से अधिक लोगों की जान ले ली है। एक साल से अधिक समय से चल रही जातीय हिंसा में दोनों समुदायों के 70,000 से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित हो चुके हैं।

# संसद परिसर से गांधी, आंबेडकर की मूर्ति हटाने पर भड़का विपक्ष

**नई दिल्ली,** 7 जून (देशबन्धु)। संसद भवन परिसर में 18वीं लोकसभा के सदस्य जब शपथ लेंगे तब वहां अलग ही तरह का नजारा देखने को मिलेगा। संसद भवन परिसर में न केवल महात्मा गांधी, बाबासाहेब आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी की प्रतिमाएं अब अपने निर्धारित स्थानों पर नहीं रहेंगी, बल्कि परिसर में संसद सुरक्षा कर्मियों की जगह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तैनाती भी की जाएगी। संसद परिसर में किए जा रहे पहले बदलाव से जहां खास तौर पर कांग्रेस नाराज हो गई है।

विपक्षी पार्टी ने आरोप लगाया कि संसद परिसर में महात्मा गांधी, भीमराव आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी सहित अन्य की प्रतिमाओं को स्थानांतरित कर दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विपक्षी दल लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन न कर सकें। साथ ही यह भी कहा कि इस तरह के हथकंडे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अस्थिर सरकार को गिरने से नहीं बचा सकते।

- कांग्रेस ने जताई नाराजगी, विरोध प्रदर्शन से रोकने की कोशिश बताया
- महात्मा गांधी, आंबेडकर व शिवाजी की प्रतिमाएं स्थानांतरित की गई



### राजग को वोट नहीं देने का बदला निकाला

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि संसद भवन परिसर से मूर्तियों का हटाना महाराष्ट्र की जनता से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट नहीं देने का बदला निकालना है। गांधीजी, डॉ अंबेडकर और शिवाजी महाराज की मूर्ति हटाने को लेकर सरकार जो भी तर्क दे, लेकिन असलियत यह है कि उसने महाराष्ट्र के लोगों से बदला लेने के लिए यह कदम उठाया है। उनका कहना था कि सरकार को इस मामले में स्पष्टीकरण देना चाहिए।

**स्पष्टीकरण को 'पूरी तरह फर्जी' बताया**

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रतिमाओं को स्थानांतरित करने के लिए लोकसभा सचिवालय के स्पष्टीकरण को पूरी तरह फर्जी करार दिया और कहा कि इस मामले पर किसी भी राजनीतिक दल के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है। इस पर लोकसभा सचिवालय ने सफाई दी। उसने एक बयान में कहा कि प्रतिमाओं को संसद भवन परिसर के पीछे की ओर एक नए स्थान पर ले जाया जाएगा।

### महंगी सब्जियों ने बिगाड़ा शाकाहारी थाली का बजट

# शाकाहारी थाली की कीमत 9 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। अगर आप शाकाहारी हैं तो आपको इस खबर से झटका लग सकता है. टमाटर-प्याज जैसी सब्जियों की कीमतों में उछाल के चलते मई महीने में शाकाहारी थाली के दाम बढ़ गए है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के मुताबिक, मई 2024 में शाकाहारी थाली की कीमत 9 फीसदी का उछाल आया है, जिसके बाद थाली की कीमत 27.8 रुपए हो गई है जो मई 2023 में 25.5 रुपए रही थी, वहीं, इस दौरान चिकन यानी नॉन वेज थाली की कीमत में गिरावट आई है।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक रोटी चावल दर रिपोर्ट में शाकाहारी थाली महंगी होने की बात कही गई। हालांकि, ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में गिरावट से मांसाहारी भोजन की लागत में कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी भोजन की कीमत मई में बढ़कर 27.8 रुपए प्रति थाली हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.5 रुपए थी, वहीं एक महीने पहले अप्रैल में शाकाहारी थाली 27.4 रुपए की थी। टमाटर, आलू और प्याज की कीमतों में उछाल के चलते शाकाहारी भोजन वाली थाली मई 2024 में 9 फीसदी महंगी हो गई है। वेज थाली मई में 27.8 रुपए की हो गई है जो बीते वर्ष मई 2023 में 25.5 रुपए थी। अप्रैल 2024 में वेज-थाली की कीमत 27.1 रुपए थी। यानि अप्रैल के मुकाबले भी वेज थाली महंगी हुई है. शाकाहारी भोजन वाली थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद आता है। क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पिछले वित्त वर्ष में लो बेस के चलते मई महीने में टमाटर 39 फीसदी महंगा हुआ है तो आलू के दामों में 41 फीसदी और प्याज की कीमतों में 43 फीसदी का उछाल देखने को मिला है।



नॉन वेज थाली हुई सस्ती

# केजरीवाल की जमानत याचिका पर 14 जून तक टली सुनवाई

**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। दिल्ली अबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर शुक्रवार को विशेष अदालत में सुनवाई 14 जून के लिए स्थगित कर दी गई।

राउज एवेन्यू स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मामलों से संबंधित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने श्री केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन के अनुरोध पर गौर करते हुए सुनवाई स्थगित करने का आदेश पारित किया। श्री हरिहरन ने अदालत के समक्ष दावा करते हुए कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर 182 पन्नों का जवाब उन्हें आज (सात जून को) मिला है। इसे पढ़ने के लिए उन्हें और समय चाहिए।



केजरीवाल के अधिवक्ता के अनुरोध पर सुनवाई स्थगित की

### तेदेपा नेता का दावा

# 12 को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे नायडू

**विशाखापत्तनम,** 7 जून (एजेंसियां)। तेलुगु देशम पार्टी के मुखिया चंद्रबाबू नायडू 12 जून को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। तेदेपा के वरिष्ठ नेता के रघु राम कृष्ण राजू ने यह दावा किया है। उन्होंने बताया कि चंद्रबाबू नायडू 12 जून को शाम करीब 4.55 बजे सीएम पद की शपथ ले सकते हैं। लोकसभा चुनाव के साथ ही आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी हुए, जिनमें तेदेपा ने जबरदस्त जीत हासिल की। जिसके बाद चंद्रबाबू नायडू की पार्टी तेदेपा एक बार फिर आंध्र प्रदेश की सत्ता में वापसी कर रही है।

रघु राम कृष्ण राजू ने कहा, 'चंद्रबाबू नायडू 12 जून को शाम करीब 4.55 बजे आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। यह आंध्र प्रदेश के लोगों के लिए बड़ी खुशी का पल है, जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे नेताओं चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण की तारीफ की।

**निर्णय** — *आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने किया ऐलान*

# लगातार आठवीं बार रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं

**मुंबई, 7 जून (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने तीन दिनों तक चली बैठक के बाद रेपो रेट को वर्तमान दर पर बरकरार रखने का फैसला किया है। दर निर्धारण समिति ने लगातार आठवीं बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। इससे पहले केंद्रीय बैंक ने पिछली बार फरवरी 2023 में रेपो दर बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत की थी।**

रेपो रेट से बैंकों की ईएमआई जुड़ी होती है। ऐसे में रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं होने से यह तय हो गया है कि आपके बैंक लोन की ईएमआई में फिलहाल कोई बदलाव नहीं होने वाला है।

इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ब्याज दर निर्धारण समिति ने अगली मौद्रिक नीति तय करने के लिए बुधवार को तीन दिवसीय बैठक शुरू की। यह बैठक 5 जून से शुरू होकर 7 जून 2024 यानी आज तक चली। एमपीसी की बैठक में छह सदस्यों में से चार ब्याज दरों को स्थिर रखने के पक्ष में रहे।



फरवरी 2023 में रेपो दर बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत की थी

**जीडीपी ग्रोथ 7.2 फीसदी रहने का अनुमान**

आरबीआई गवर्नर ने एमपीसी के फैसले का एलान करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 25 में रियल जीडीपी ग्रोथ 7.2 फीसदी रहने का अनुमान है। जो पिछले अनुमान 7 फीसदी से अधिक है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्थिर खर्च के साथ निजी खपत में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि निवेश गतिविधियों में तेजी जारी है।

**महंगाई दर 4 फीसदी पर लाने के लिए प्रतिबद्ध**

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि महंगाई में कमी लाने में एमपीसी की भूमिका अहम है। दास ने कहा कि वर्तमान में गर्मी के कारण सब्जियों की कीमतें बढ़ रही हैं। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति को स्थायी आधार पर 4 फीसदी के लक्ष्य पर वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ईंधन की कीमतों में गिरावट के रुख के लिए एलपीजी कीमतों में कटौती को जिम्मेदार ठहराया।

# देश

उवाच

लोग जानते हैं कि नमो-नीतीश जैसे राजनेताओं के लिए राष्ट्र व जनता प्रथम है। दोनों के सुशासन में देश और राज्य में हुए क्रांतिकारी बदलावों से भी सभी परिचित हैं। इसलिए सभी को विश्वास है कि नमो-नीतीश की जोड़ी से देश और बिहार का और तेज गति से विकास होगा ।

-राजीव रंजन, जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41.0 | 29.0 |
| मुंबई | 32.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 34.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 28.0 |

# चुनावी परिणामों से उत्साहित कांग्रेस उत्तर प्रदेश में निकालेगी धन्यवाद यात्रा

**लखनऊ,** 7 जून (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के परिणामों से उत्साहित कांग्रेस पार्टी 11 जून से 15 जून तक प्रदेश में धन्यवाद यात्रा निकालेगी। इसके जरिए पार्टी प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों तक पहुंचेगी और जनता से आभार जताएगी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का संदेश जनता तक पहुंचाएगी। यह जानकारी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने दी। उन्होंने शुक्रवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी ने लोकसभावार चुनाव परिणाम की समीक्षा की। हम 17 सीटों पर लड़े और छह पर जीते। हमने गठबंधन के रूप में चुनाव में भाग लिया और हमारा गठबंधन प्रदेश की 43 सीटों पर विजयी रहा। बैठक में महिला अधिकार समेत 9 प्रस्ताव पास किए गए। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से जनता हमसे जुड़ी। देश के संविधान पर खतरा मंडरा रहा था। यूपी की जनता ने अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया। कांग्रेस के हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने संसाधन के अभाव में भी पूरा सहयोग किया और कठोर मेहनत की। प्रदेश में नया बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि हमने बैठक में आने वाले समय में जिम्मेदारियों की चर्चा की और 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा की। हमारी केंद्र में सरकार नहीं है लेकिन किसानों के प्रति अन्याय, उनकी फसलों की कीमत के लिए संघर्ष करेंगे। युवाओं के रोजगार के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने अमेठी, रायबरेली और वाराणसी की जनता का भी आभार जताया।



- पार्टी सभी सीटों तक पहुंचाएगी राहुल व प्रियंका गांधी का संदेश
- उत्तर प्रदेश में 11 से 15 जून तक किया जाएगा धन्यवाद यात्रा का आयोजन

### राहुल खुद लेंगे रायबरेली व वायनाड से सदस्यता पर निर्णय

प्रदेश प्रभारी ने कहा कि रायबरेली और वायनाड से सदस्यता को लेकर राहुल गांधी खुद निर्णय लेंगे लेकिन हमारी मांग है कि वह रायबरेली से सांसद बने रहें। अविनाश पांडेय ने कहा कि देश की जनता का आस्था और विश्वास से कोई समझौता नहीं है। भाजपा भगवान का नाम लेकर जिस तरह से माहौल बनाने का प्रयास कर रही थी उसे जनता ने नकार दिया है। अयोध्या ही नहीं सीतापुर, बाराबंकी और प्रयागराज ने हम पर पूर्ण विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि हम 5 सूत्रीय कार्यक्रम और 25 गारंटियों को लेकर गंभीर हैं। राहुल गांधी के अयोध्या जाने को लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें जब भी अवसर मिलेगा वो अयोध्या जाएंगे। उन्होंने कहा कि अजय राय तीन बार वाराणसी से चुनाव लड़े और लगातार वहां की जनता के लिए काम करते रहे हैं। इस बार भी कड़ी टक्कर दी है। असली जीत अजय राय की हुई है।

### गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए मोदी में आवश्यक गुणों का अभाव : कांग्रेस



**गुवाहाटी।** कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार के भविष्य को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार चलाने के लिए आपको बड़ा दिल और खुले, समावेशी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी में यह गुण नहीं हैं। उनमें गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए इन आवश्यक गुणों का अभाव है। गोगोई ने उत्तर प्रदेश के लोगों का भी आभार जताते हुए कहा कि यहां की जनता ने राहुल गांधी का कद पीएम मोदी से ऊपर कर दिया है। यहां की जनता ने राहुल गांधी को नरेंद्र मोदी से बड़ा जनादेश दिया है। रायबरेली में राहुल गांधी की जीत का अंतर वाराणसी में पीएम मोदी से ज्यादा है।

## आलमगीर से सभी विभाग वापस लिए गए

**रांची,** 7 जून (एजेंसियां)। जेल में बंद झारखंड सरकार में कांग्रेस कोटे के कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम से सभी विभाग वापस ले लिए गए हैं। उनके अधीन ग्रामीण विकास के अलावा संसदीय कार्य विभाग था। ये सभी विभाग अब मुख्यमंत्री चंपई सोरेन खुद देखेंगे। यह निर्णय शुक्रवार की शाम लिया गया। आलमगीर पिछले 24 दिनों से जेल में बंद हैं, लेकिन उन्होंने न तो इस्तीफा दिया है, न ही उन्हें उनके पद से हटाया गया। अब बीच का रास्ता निकाला गया है। आलमगीर बिना पोर्टफोलियो के मंत्री रहेंगे। बता दें कि झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के जेल में बंद रहने से राज्य में ग्रामीण विकास की हजारों करोड़ की योजनाओं पर ब्रेक लगने की आशंका पैदा हो गई थी। झारखंड में इसके पहले भी कई मंत्री गिरफ्तार हुए हैं, लेकिन जेल जाते ही उन्हें पद से हटना पड़ा था। यहां तक कि सीएम के पद पर रहते हुए जब ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार करने का फैसला किया, तो उन्होंने हिरासत में लिए जाने के पहले रात दस बजे राजभवन जाकर राज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया था। आलमगीर की हैसियत राज्य की सरकार में सीएम के बाद नंबर दो मंत्री की रही है। उनके जिम्मे ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ग्रामीण कार्य के अलावा संसदीय कार्य विभाग भी था।



# जनता के फैसले ने देश के संविधान को बचाया : फारूक

**श्रीनगर,** 7 जून (एजेंसियां)। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि लोगों ने वोट की ताकत से अपना फैसला सुनाया और भारत के संविधान को बचाया। अब्दुल्ला ने यहां

### एग्जिट पोल पर साधा निशाना

मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि जनता ने दिखा दिया कि ताकत उनके हाथ में है और मतदान के माध्यम से इसे साबित भी कर दिया ,जोकि बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि लोगों ने मतदान की ताकत से अपना फैसला सुनाया और देश के संविधान को बचाया।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों के पास कुछ नहीं, लेकिन वोट की ताकत से वह लोगों को उठाते हैं और गिरा देते है, यह उन्होंने साबित कर दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का 400 पार का दावा था, लेकिन ये लोग ही हैं जिनके हाथ में सत्ता है। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल बंद कर देना चाहिए।



लोगों के बीच गलतफहमी फैलाने के लिए एग्जिट पोल मांगे माफी : फारूक अब्दुल्ला

एनसी अध्यक्ष ने कहा कि एग्जिट पोल वालों को अपनी दुकानें बंद कर देनी चाहिए और लोगों के बीच गलतफहमी फैलाने के लिए माफी मांगनी चाहिए।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सरकार बनाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कुछ नहीं कहूंगा। सरकार बनने दीजिए। जब सरकार बनेगी तो सब देखेंगे।

### संसद में विपक्ष होगा और अधिक मजबूत

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि संसद में विपक्ष और अधिक मजबूत होगा । पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं जब सांसद था, उस समय सदन में विपक्ष बहुत कमजोर था और कोई भी हमारी सुनने को तैयार ही नहीं था, उस समय सदन में तानाशाही चल रही था। खुदा का शुक्र है कि अब तानाशाही का खात्मा हो चुका है।

## सार संक्षेप

### धनखड़ से मप्र के सीएम मोहन यादव ने की भेंट



**भोपाल।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने शुक्रवार को दिल्ली प्रवास के दौरान नवनिर्मित उप राष्ट्रपति एनक्लेव में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उप राष्ट्रपति धनखड़ को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्रम भेंट किया।

### मुंबई लोकल ट्रेन में महिला से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के राजकीय रेलवे पुलिस ने मुंबई लोकल ट्रेन में एक युवती से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता चर्चगेट स्थित अपने कार्यालय के लिए लोकल ट्रेन से यात्रा कर रही थी। वह प्लेटफार्म के किनारे एक खिड़की वाली सीट पर थी। पुलिस ने बताया कि ट्रेन सुबह करीब 09.30 बजे मलाड में रुकी, तभी आरोपी प्लेटफॉर्म से खिड़की पर उसके पास आया व पूछा कि क्या वह उसके साथ शारीरिक संबंध बनाएगी। महिला ट्रेन से उतर गई व प्लेटफॉर्म पर पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने पहुंची। रेलवे पुलिस ने तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया।

### मध्य प्रदेश में छह जेल प्रहरी सेवा से बर्खास्त

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में अनुशासनहीनता और नियम विरुद्ध कार्य करने वाले छह जेल प्रहरियों पर बड़ी कार्रवाई हुई है। इन जेल प्रहरियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इन पर गंभीर आरोप थे और विभागीय जांच चल रही थी। बर्खास्त जेल प्रहरियों में पांच जबलपुर और एक कटनी में पदस्थ था। जानकारी के अनुसार नेताजी सुभाष चंद्र केंद्रीय जेल के अधीन आने वाले जेल में कार्यरत जेल प्रहरियों के खिलाफ कई बार शिकायतें आईं। इन शिकायतों में कहा गया कि जेल के अंदर जेल प्रहरी द्वारा आरोपियों के परिवारों की मिलीभगत से मादक पदार्थ तक पहुंचाए गए हैं। इसके साथ ही इन जेल प्रहरियों द्वारा लगातार अनुशासनहीनता की जा रही है।

### औरंगाबाद में हत्या के मामल में 16 लोगों को उम्रकैद

**औरंगाबाद।** बिहार में औरंगाबाद जिले की एक अदालत ने शुक्रवार को वृद्ध की हत्या मामले में 16 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दो) संजय मिश्रा की अदालत ने कुटुंबा थाने में दर्ज एक कांड में सुनवाई करते 16 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## एनडीए को सोच समझकर चलानी होगी सरकार : अनिल देसाई

**मुंबई,** 7 जून (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद अनिल देसाई ने एनडीए पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जो सही बातें हैं, जो जनता के सही मुद्दे हैं, उन्हीं मुद्दों को एनडीए के घटक दल उठाते रहे हैं। अग्निवीर योजना को लेकर तमाम सियासी दलों ने अपनी आपत्ति जताई थी। नई एनडीए सरकार को लोगों के हित में एलाइंस पार्टनर की राय से आगे बढ़ना होगा। अपेक्षा के मुताबिक एनडीए के आंकड़े नहीं आने को लेकर अनिल देसाई ने कहा कि वह खुद समझदार हैं। वह जरूर सोचेंगे कि पॉलिटिकल परिणाम उम्मीदों से इतर क्यों आया मुझे उम्मीद है कि वो इससे सीख लेंगे। राहुल गांधी की स्टॉक स्कैम के आरोप पर अनिल देसाई ने कहा कि मार्केट गिरने से मिडिल क्लास को बहुत गहरा नुकसान हुआ है। इसमें जनता की सेविंग के पैसे लगे हुए रहते हैं। उनको नुकसान हुआ है। एनडीए को बहुमत नहीं मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि एनडीए को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है, ऐसे में उन्हें सोच समझकर सरकार चलानी पड़ेगी। उनके लिए सरकार चलाना इतना आसान नहीं। उन्हें बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। महाराष्ट्र की मुंबई दक्षिण-मध्य लोकसभा सीट से शिवसेना (यूबीटी) नेता अनिल देसाई ने शिवसेना के मौजूदा सांसद राहुल शेवाले को 53,384 मतों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की है।



# झारखंड में आयुष्मान भारत योजना में करोड़ों का बकाया, कई अस्पतालों में इलाज बंद

## योजना के लाभार्थियों को इलाज कराने में करना पड़ रहा है मुश्किलों का सामना

**रांची,** 7 जून (एजेंसियां)। झारखंड में आयुष्मान भारत योजना के तहत पिछले छह महीनों से करोड़ों की बकाया राशि का भुगतान नहीं होने से कई प्राइवेट हॉस्पिटल्स ने मरीजों का इलाज करने से हाथ खड़ा कर दिया है। सरकारी हॉस्पिटल्स में इस योजना के लाभार्थियों को इलाज कराने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आईएमए और हॉस्पिटल्स बोर्ड ऑफ इंडिया की झारखंड इकाई ने केंद्र और राज्य की सरकारों से बकाया भुगतान की दिशा में तत्काल कदम उठाने की गुहार लगाई है।

आयुष्मान कार्ड धारक महेश दांगी नामक एक मरीज शुक्रवार को रांची के बरियातू स्थित एक बड़े हॉस्पिटल में इलाज कराने पहुंचा तो उसे काउंटर पर ही बता दिया गया कि यहां फिलहाल आयुष्मान कार्ड के तहत किसी तरह की सेवा नहीं मिल पाएगी। जमशेदपुर के साकची इलाके में स्थित साई डायलिसिस सेंटर ने नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा कर दी है कि नौ जून से आयुष्मान कार्ड धारकों को डायलिसिस की सुविधा नहीं दी जा सकेगी। इस सेंटर के प्रोपराइटर अशोक कुमार का कहना है कि पिछले कई महीनों से योजना के तहत बकाया रकम का भुगतान नहीं हुआ है।





इस शहर में कई अन्य हॉस्पिटल्स ने भी आयुष्मान के मरीजों को डायलिसिस सेवा बंद कर दी है। शुक्रवार को कई मरीजों ने जमशेदपुर के उपायुक्त से मुलाकात कर उन्हें इस समस्या से अवगत कराया और इस मामले का हल निकालने की गुहार लगाई।

### राज्य में योजना के तहत निजी हॉस्पिटल्स के करीब सौ करोड़ रुपए फंसे

रांची के एक प्राइवेट हॉस्पिटल के संचालक ने बताया कि पूरे राज्य में योजना के तहत निजी हॉस्पिटल्स के करीब 100 करोड़ रुपए फंसे हुए हैं। डॉक्टर और स्टाफ का भुगतान रोककर मरीजों को सेवा उपलब्ध कराना मुश्किल है। चिकित्सा उपकरणों के संचालन में भी हर दिन भारी खर्च होता है। ऐसे में हॉस्पिटल्स प्रबंधन को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी हॉस्पिटल्स में भी आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। डॉक्टर उन्हें बाहर से दवाइयां और सर्जरी के सामान लाने को कहते हैं। सबसे बड़े हॉस्पिटल रिम्स का आयुष्मान योजना के तहत करीब 10 करोड़ रुपए बकाया है।

## भाजपा के खिलाफ अब पोस्टर राजनीति

### गठबंधन दलों को चेताया





**प्रयागराज,** 7 जून (एजेंसियां)। संगम नगरी प्रयागराज में कांग्रेस ने शहर के चौक क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विवादित बयान का पोस्टर लगाते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक दल (राजग) के घटक दलों को सावधान रहने की नसीहत दी गयी है। कांग्रेस नेता इरशाद उल्लाह और अब्दुल कलाम की ओर से भाजपा के खिलाफ शहर में लगाया गया पोस्टर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कांग्रेस नेता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए एनडीए एलायंस में शामिल दलों को सचेत रहने को कहा है। पोस्टर में सबसे ऊपर एक छोर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और दूसरे छोर पर आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का फोटो लगा है।

# देश की जनता ने मोदी को नहीं दिया बहुमत : पप्पू यादव

## एनडीए सरकार के साल भर से ज्यादा नहीं चलने का किया दावा

**दरभंगा,** 7 जून (एजेंसियां)। बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव शुक्रवार को दरभंगा पहुंचे। यहां उनके समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए पप्पू यादव ने एक बड़ा दावा किया। नई सरकार एक साल से ज्यादा नहीं चलने वाली। सांसद पप्पू यादव ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की बधाई देते हुए कहा कि देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को बहुमत नहीं दिया है। यह इसलिए क्योंकि उनके नाम पर चुनाव लड़ा गया। चार सौ पार की बात तो छोड़िए, उन्हें बहुमत भी नहीं मिला। वह अपनी सरकार भी नहीं बना पाए। मुझे लगता है कि यह सरकार साल भर से ज्यादा नहीं चल पाएगी। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू गांधी विचारधारा के लोग हैं। उन्होंने कहा कि नवंबर में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। उनको लग रहा है कि लोकसभा में जो सीटें मिली हैं, अगर विधानसभा का चुनाव 2024 में होगा तो परिणाम उनके पक्ष में आएगा। चंद्रबाबू नायडू को जब लगेगा कि साउथ में मोदी का असर गलत हो रहा है, तो नायडू एनडीए का साथ छोड़कर भागेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हम नरेंद्र मोदी से आग्रह करेंगे कि आप देश के प्रधानमंत्री हैं।



साल भर से ज्यादा नहीं चलने वाली एनडीए सरकार : **पप्पू यादव**

### हिंदू-मुस्लिम की राजनीति छोड़ें मोदी : यादव

पप्पू यादव ने कहा कि मैं हाथ जोड़कर कहता हूं कि मोदी हिंदू और मुस्लिम की राजनीति छोड़ दें। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू से मैं उम्मीद और अपेक्षा रखता हूं कि एनडीए की सरकार में हिंदू और मुसलमान की राजनीति नहीं होगी।

## पौधे और पर्यावरण हमारी संस्कृति का हिस्सा : राकेश कुमार

नई दिल्ली7 जून (एजेंसियां)। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर उत्तर पूर्वी दिल्ली स्थित ताहीरपुर-दिलशान गार्डन में नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन दिल्ली ईकाई द्वारा बेलपत्र, कनेर, गुडहल, गुलमोहर, जगराडा, चमेली, तिकोमा आदि के पौधे लगाकर पौधारोपण कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता ने संरक्षक के पद पर डॉ. राकेश रमण झा, दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर अरूण शर्मा, दिल्ली प्रदेश सचिव के पद पर साजिद चौधरी को नियुक्ति पत्र देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता ने अपना बहुमूल्य समय निकालर दिल्ली पहुंचे और उनका नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय वर्मा, संरक्षक डॉ. राकेश रमण झा, उपाध्यक्ष अरूण शर्मा, महासचिव संजय कुमार, सचिव साजिद चौधरी के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि पौधे और पर्यावरण हमारी संस्कृति के हिस्से हैं ।



# टीजीपीएससी के पहले चरण की परीक्षा नौ जून को : रेड्डी

## परीक्षाओं में 4.03 लाख विद्यार्थियों के शामिल होने की उम्मीद

**हैदराबाद,** 7 जून (एजेंसियां)। तेलंगाना लोक सेवा आयोग (टीजीपीएससी) के अध्यक्ष महेंद्र रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि नौ जून को होने वाली पहले चरण की प्रारंभिक परीक्षाओं में 4.03 लाख विद्यार्थियों के शामिल होने की उम्मीद है। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्य सचिव (सीएस) शांति कुमारी ने बीज एवम उर्वरकों की आपूर्ति, मिशन भागीरथ के तहत ग्रामीण घरेलू सर्वेक्षण और जिलों में स्कूल वर्दी की सिलाई की भी समीक्षा की।

समीक्षा बैठक के दौरान रेड्डी ने पुष्टि की कि पहले चरण की प्रारंभिक परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं, जो 31 जिलों के 897 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रभावी निगरानी और निर्बाध परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के लिए 20 केंद्रों के समूहों के लिए क्षेत्रीय समन्वयक नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा, समन्वय के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग दोनों के नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। बायोमेट्रिक पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए सावधानियां बरती गई हैं, और किसी भी संभावित समस्या के समाधान के लिए पर्याप्त बायोमेट्रिक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

चुनौती | *जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों के लिए फिलहाल राहत की सांस नहीं*

# लोस चुनावों के बाद अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा बनीं चुनौती

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 7 जून (देशबन्धु)। प्रदेश में तैनात सुरक्षाबल अपनी ड्यूटी से हलाकान हो रहे हैं। पिछले तीन महीनों से वे लगातार दौड़ धूप में शामिल हैं। आगे भी कोई आराम मिलने की उम्मीद नहीं है। तीन महीनों के दौरान उन्होंने चुनावों में ड्यूटी निभाई है तो अब इस महीने की 29 तारीख से दो माह तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा की सकुशलता की तैयारियों में डूब गए हैं।**

हालांकि अमरनाथ यात्रा की समाप्ति के बाद विधानसभा चुनावों की तैयारियां आरंभ हो जाएंगी। प्रदेश में लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के बाद भी स्टेट पुलिस राहत की सांस लेने की स्थिति में नहीं है। चुनाव संपन्न होने के बाद राज्य पुलिस के सामने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा चुनौती बनकर खड़ी है और उसके बाद विधानसभा चुनावों की। चुनाव संपन्न होने के साथ ही निचले स्तर के पुलिसकर्मियों ने राहत अवश्य महसूस की है, लेकिन विभाग के आला अधिकारियों को पता है कि आने वाले दिनों में उन्हें पूरी चौकसी बरतनी होगी। यही कारण है कि उच्च स्तर पर अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा को लेकर नीतियों पर चर्चा शुरू हो गई है। बताया जाता है कि चुनाव संपन्न होते ही शहर में तैनात कुछ पुलिसकर्मियों ने लंबी छुट्टी की अर्जी दी थी, लेकिन उन्हें एक सप्ताह से अधिक छुट्टी नहीं दी गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगले सप्ताह जम्मू के डिवीजनल कमिशनर अमरनाथ यात्रा को लेकर किए जाने वाले सुरक्षा प्रबंधों को लेकर आला पुलिस अधिकारियों की बैठक लेने वाले हैं। पिछली बैठक में डिवीजनल कमिश्नर ने पुलिस विभाग को भावी रणनीति व प्रबंध करने के निर्देश दिए थे और अगली बैठक में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती को लेकर राज्य पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त बैठक होगी। जम्मू के आईजी भी मानते हैं कि राज्य पुलिस के लिए फिलहाल राहत की सांस लेने का समय नहीं आया है। पुलिस ने सफलतापूर्वक लोकसभा चुनाव संपन्न कराए हैं जिसे लेकर विभाग संतुष्ट है लेकिन विभाग अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा की चुनौती से भी अपरिचित नहीं है।



■ 29 जून से दो माह तक चलेगी अमरनाथ यात्रा

आईजी ने कहा कि पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और जिस प्रकार चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न करवाए गए हैं, अमरनाथ यात्रा भी शांतिपूर्वक संपन्न होगी। दूसरी ओर इस बार यह फैसला किया गया है कि अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को इस बार सुरक्षा के नाम पर आधार शिविर में बंदी नहीं बनाया जाएगा। आधार शिविर में दाखिल होने के बाद भी श्रद्धालुओं को रात में शहर घूमने की इजाजत होगी। पहले श्रद्धालुओं की गाड़ी को आधार शिविर में दाखिल होने के बाद बाहर जाने की इजाजत नहीं मिलती थी। सुरक्षा कारणों से आधार शिविर के दरवाजे शाम को जल्दी बंद कर दिए जाते थे, जिस कारण समय होने के बावजूद श्रद्धालु शहर में घूम नहीं पाते थे।

उल्टा पुल्टा

चिंटू- भाई समोसा खाएगा ?
मिंटू- नहीं ,आज मेरा व्रत है
चिंटू- भाई मेरी तरफ से है
मिंटू- मीठी चटनी डालकर लाना
चिंटू- राहों में उनसे मुलाकात हो गई, जिससे डरते थे वही बात हो गई...इस गाने का क्या मतलब है ?
मिंटू- इसका मतलब है कि गायक का चालान कट गया है!

# दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने वजीराबाद बैराज का किया दौरा

■ **पानी को लेकर 'आप' और बीजेपी के बीच जुबानी जंग हो रही तेज**



**वजीराबाद बैराज पर 2 जून से लगातार पानी का स्तर कम हो रहा है। यह 2 जून को 671.3 फीट से घटकर मात्र 669.7 फीट रह गया है : आतिशी, जलमंत्री, दिल्ली सरकार**

**नई दिल्ली,** 7 जून (देशबन्धु)। दिल्ली में जल संकट बरकरार है। लोगों को पीने का स्वच्छ पानी नहीं मिल पा रहा है। दूसरी तरफ इस पर राजनीति भी जमकर हो रही है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से आए आदेश के बाद आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच जुबानी जंग भी तेज हो गई है।

इसी बीच दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को वजीराबाद बैराज का दौरा किया। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए जनता को यह बताने की कोशिश की कि यमुना का जलस्तर लगातार गिर रहा है और इसके पीछे भाजपा के साथ ही हरियाणा सरकार मिलकर साजिश रच रही है।

आतिशी अपने विभाग के अधिकारियों के साथ वजीराबाद बैराज पहुंची और वहां का दौरा किया। उन्होंने कहा कि वजीराबाद बैराज पर 2 जून से लगातार पानी का स्तर कम हो रहा है। यह 2 जून को 671.3 फीट से घटकर मात्र 669.7 फीट रह गया है। एक तरफ जहां सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में पानी की समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रहा है, दूसरी ओर बीजेपी शासित हरियाणा सरकार दिल्ली के लोगों के खिलाफ षड्यंत्र रच रही है।

आतिशी ने बताया कि 2 जून को यमुना का जलस्तर 671.3 फीट था। 3 जून को यह जलस्तर 671.2 फीट हो गया, उसके बाद 4 जून को जलस्तर 671.1 फीट पर पहुंच गया। 5 जून को जलस्तर 671 फीट मापा गया था। उसके बाद 6 जून को जलस्तर 670.5 फीट पहुंच गया। उनके मुताबिक शुक्रवार 7 जून को जल स्तर 669.7 फीट पहुंच गया है। आतिशी ने इससे पहले भी आरोप लगाया था कि भीषण गर्मी में दिल्ली वालों को पानी मिलना काफी मुश्किल हो गया है। भाजपा शासित हरियाणा सरकार ना तो पानी दे रही है और ना ही हिमाचल प्रदेश से आने वाले पानी को दिल्ली की तरफ बढ़ाने को तैयार है। इससे पहले आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आरोप लगाया था कि हरियाणा सरकार दिल्ली सरकार को मिलने वाले पानी को आगे भेजने को तैयार नहीं है। एक तरफ हिमाचल सरकार पानी देने की तैयारी कर चुकी है, लेकिन हरियाणा उसमें रोड़ा अटका रहा है।

# नीट के रिजल्ट में दिल्ली के सरकारी स्कूलों ने किया कमाल

■ डॉ. कला अय्यर

■ **परीक्षा तैयारी के नए प्रयोग से पहली बार मिली इतनी बड़ी सफलता**

**नई दिल्ली**, 7 जून (देशबन्धु )। इस बार नीट में दिल्ली के सरकारी स्कूलों ने शानदार प्रदर्शन कर रिकॉर्ड कायम किया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने 4 जून को नीट यूजी का रिजल्ट घोषित किया था। सरकारी स्कूलों के कुल 1414 स्टूडेंट्स ने नीट में सफलता प्राप्त की है। 2020 में यह संख्या 569 थी। नीट परीक्षा का आयोजन एनटीए की ओर से 5 मई को किया गया था और एग्जाम में कुल 23 लाख से अधिक कैंडिडेट्स शामिल हुए थे।

दिल्ली सरकार की शिक्षा मंत्री आतिशी ने बताया कि दिल्ली सरकार ने जो विशेषीकृत एक्सीलेंस स्कूल बनाए हैं। उनमें से 255 बच्चों ने परीक्षा दी थी और इनमें से 243 स्टूडेंट्स ने नीट यूजी परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इसका रिजल्ट 95 फीसदी रहा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे 12 स्कूलों में से 6 का रिजल्ट 100 फीसदी रहा। उन्होंने कहा कि सीएम केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली में शिक्षा क्रांति आई है। 10 साल पहले तक कोई सोच नहीं सकता था कि सरकारी स्कूलों के बच्चे आईआईटी और नीट परीक्षा पास करेंगे। नीट परीक्षा को लेकर उठे सवालों पर आतिशी ने कहा कि भाजपा की सरकारें देश भर पेपर लीक, एमपी का व्यापम घोटालें के लिए जानी जाती हैं। इस साल भी नीट एग्जाम को लेकर गड़बड़ी की खबरें आईं बिहार और हरियाणा से, जहां भाजपा की सरकारें हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बता दें कि नीट रिजल्ट पर इस बार बवाल मचा है।

कुल 67 कैंडिडेट्स ने 720 में से 720 नंबर प्राप्त किए हैं। वहीं एक ही परीक्षा केंद्रों से 6 कैंडिडेट्स ने भी 100 फीसदी नंबर प्राप्त किए हैं। कांग्रेस ने नीट रिजल्ट पर जांच की मांग की है और कहां कि बीजेपी सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

# दिल्ली में चल रहे हैं बिना लाइसेंस के अस्पताल

■ **एसीबी की छापेमारी में 40 अस्पतालों में मिली खामियां**

■ **एसीबी ने उपराज्यपाल कार्यालय को सौंपी रिपोर्ट**

**नई दिल्ली,** 7 जून (देशबन्धु)। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देश पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने शुक्रवार को राजधानी के 1190 अस्पतालों में से 62 अस्पतालों और नर्सिंग होम पर छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान एसीबी को 62 अस्पतालों में से चार अस्पताल अवैध रूप से चलते हुए मिले। वहीं, 40 अस्पतालों में खामियां पाईं गई। जबकि, अवैध रूप से चल रहे चार अस्पतालों में से दो पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर और कोंडली में हैं और बाकी के दो अस्पताल पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन और साउथ दिल्ली के देवली इलाके में हैं। छापेमारी में खुलासा हुआ है कि इन चारों अस्पतालों के पास लाइसेंस तक नहीं था। छापेमारी करने के बाद एसीबी ने उपराज्यपाल कार्यालय को अपनी रिपोर्ट सौंपी है।

बता दें कि 25 में की रात को पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार स्थित न्यू बोर्न चाइल्ड केयर सेंटर में आग की घटना के बाद उपराज्यपाल के निर्देश पर एसीबी ने सबसे पहले अस्पतालों की सूची तैयार की थी। उसके बाद दूसरे चरण में छापेमारी की। 7 दिन की छापेमारी के बाद अब एसीबी ने उपराज्यपाल कार्यालय को अपनी रिपोर्ट सौंपी है। रिपोर्ट के आधार पर अब अस्पताल और नर्सिंग होम पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि दिल्ली में 1190 से ज्यादा अस्पताल और नर्सिंग होम संचालित हैं। दिव्या नर्सिंग होम हादसे के मामले में दिल्ली पुलिस ने अस्पताल के संचालक डॉक्टर नवीन खींची और ऑन ड्यूटी डॉक्टर आकाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और उनको कोर्ट में पेश कर उनकी पुलिस रियासत की मांग की थी। कोर्ट ने दोनों को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। अब पुलिस अभी तक इस मामले की जांच में जुटी हुई है। नर्सिंग होम संचालक डॉक्टर नवीन खींची पर आरोप है कि नर्सिंग होम के ग्राउंड फ्लोर पर ऑक्सीजन सिलेंडर की अवैध रिफिलिंग होती थी। वहां, ऑक्सीजन सिलेंडर की बड़ी-बड़ी गाडियां रोज आती थी और बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस की रिफिइलिंग का काम होता था। स्थानीय लोगों ने भी इस तरह के आरोप लगाए थे।

## सार संक्षेप

### प्रभु के प्रेम का महासागर हमारे भीतर विद्यमान है : संत राजिन्दर सिंह



**नई दिल्ली।** दुनियाभर में हर वर्ष 8 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। अगर हम महासागर को देखें तो वो बहुत विशाल और गहरा है। युगों-युगों से इन महासागरों से धरती पर पानी आने का सिलसिला चलता आ रहा है, जिसके द्वारा पशु और इंसानों को पीने का ताजा पानी मिलता है और पेड़-पौधे फलते-फूलते हैं। साईंस हमें सिखाती है कि सूर्य की किरणों की गर्मी से महासागर के जल से भाप बनती है। भाप बादल का रूप धारण कर धरती से काफी ऊपर जाती है। जब बादलों को ठंडी हवा लगती है तो ये पानी की छोटी-छोटी बूंदों में तब्दील हो जाते हैं और फिर ये बूंदे वर्षा या बर्फ के रूप में धरती पर गिरती हैं, जो यहां इस धरती पर रहने वाले सभी जीवों का पोषण करती हैं। अक्सर गर्मियों की छुट्टियों में लोग महासागर के किनारे पर जाना पर पसंद करते हैं ताकि वे तनाव रहित व खुशी के माहौल में जी सकें लेकिन जब हम उस माहौल से वापिस अपने घर आते हैं तो हम अपनी ज़िंदगी की उलझनों और तनावों में फिर से घिर जाते हैं। संत-महापुरुष हमें समझाते हैं कि हमारे भीतर भी प्रभु के प्रेम का महासागर है, जिसमें बहता प्रभु के प्रेम का जल हमारी आत्मा को शांत करता है।

### आम आदमी पार्टी ने नितिन त्यागी को किया निलंबित

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने पूर्व विधायक नितिन त्यागी को हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव के दौरान 'पार्टी विरोधी' गतिविधियों में लिप्त रहने के आरोप में शुक्रवार को पार्टी से निलंबित कर दिया। वहीं त्यागी ने दावा किया कि उनके खिलाफ यह कार्रवाई 'सच बोलने' के कारण की गई है। आम आदमी पार्टी की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने कहा, कि हमारे संज्ञान में आया है कि आप लोकसभा चुनाव 2024 में दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त थे। पार्टी ने अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित रहने तक आपकी प्राथमिक सदस्यता निलंबित करने का निर्णय किया है। इस पर त्यागी ने अपनी प्रतिकिया में आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि क्या पार्टी में सत्य बोलना पार्टी विरोधी बात है? त्यागी ने राय के पत्र को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा करते हुए कहा कि पार्टी के मूल आर्दशों को नष्ट करना पार्टी विरोधी है।

### बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी ने किया मागदर्शन कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के बर्मिंघम में स्थित बड़े संस्थान, बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी ने नई दिल्ली में छात्रों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर उपलब्ध अलग-अलग करियर के अवसरों पर एक मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों और फैकल्टी ने संस्थान द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों और करियर में उन्नति के अवसरों के बारे में जानकारी दी। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के वैश्विक मानकों और संबंधित अवसरों से सशक्त और सुसज्जित करना था। यह कार्यक्रम मैनेजमेन्ट शाखा के संभवित छात्रों के लिए बेहद उपयोगी सत्र रहा। इसमें प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर एलीन मैकऑलिफ़ सहित अन्य शीर्ष अधिकारियों ने अपने वैश्विक अनुभव के साथ छात्रों को मार्गदर्शन दिया। विश्वविद्यालय का परिचय देते हुए प्रोफेसर मैकऑलिफ़ ने कहा कि, बीसीयू एक बड़ा और विविधतापूर्ण संस्थान है, जिसमें 100 से ज़्यादा देशों के लगभग 31,000 छात्र रहते हैं। उन्होंने कहा कि, हमारा छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि, हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें छात्रों को केंद्र में रखते हैं, जिससे उन्हें भविष्य में सफलता के लिए बेहतरीन अवसर मिलते हैं।

# कांग्रेस की विस्तारित कार्यसमिति व संसदीय दल की बैठक आज

**नई दिल्ली,** 7 जून (देशबन्धु)। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव नतीजों पर चर्चा करने के लिए कल शनिवार को विस्तारित कार्यसमिति व संसदीय दल की बैठक बुलाई है।

विस्तारित कार्यसमिति की बैठक होटल अशोक में पूर्वान्ह 11 बजे से शुरू होगी तो संसदीय दल की बैठक संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में शाम 5:30 बजे से शुरू होगी। इसके बाद कार्यसमिति सहित सभी सदस्यों को रात्रिभोज दिया जाएगा। इसकी जानकारी कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दी। इस बैठक में कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा भी शामिल होंगे। बतादें कि इस चुनाव में कांग्रेस दूसरी सबसे बडे पार्टी बनकर उभरी है। उसने 2014 में 44 और 2019 में 52 सीटे हासिल की थी और उसे मान्यता प्राप्त विपक्ष का दर्जा भी हासिल नहीं हो सका था। जबकि इस बार उसे कुल 99 लोकसभा सीटो पर जीत हासिल हुई है। 10 साल बाद कांग्रेस के पास लोकसभा में मान्यता प्राप्त विपक्ष का नेता होगा।

माना जा रहा है कि पार्टी चुनाव नतीजों से संतुष्ट है और देश भर में अपना खोया जनाधार फिर से वापस लाने को लेकर कार्यसमिति की बैठक में चर्चा कर सकती है। इसके अलावा संसदीय दल की बैठक में लोकसभा के सभी नव निर्वाचित सदस्य व राज्यसभा सदस्य हिस्सा लेंगे। इसमें लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता के चुनाव पर भी विचार हो सकता है। लोकसभा कांग्रेस संसदीय दल का नेता ही विपक्ष का नेता माना जाएगा।

# संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद मोदी ने की आडवाणी व जोशी से मुलाकात

**नई दिल्ली,** 7 जून (देशबन्धु)। एनडीए का नेता चुने जाने के बाद कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी से मिलने के लिए उनके आवास पर गए। इस दौरान उन्होंने दोनों नेताओ का कुशलक्षेम जाना और तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने से पहले आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविद के आवास जानकार उनसे भी शिष्टाचार मुलाकात की। मोदी ने आडवाणी व जोशी से मुलाकात के बाद अपने सोशल मीडिया एक्स पर इसकी तस्वीर भी साझा की। उन्होने लिखा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत करने के लिए आडवाणी जी के महत्वपूर्ण प्रयासो से प्रेरित हैं। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि आज मुरली मनोहर जोशी से मुलाकात हुई। जब हम पार्टी में काम कर रहे थे तो उनसे बहुत कुछ सीखा। उनकी बुद्धिमत्ता और ज्ञान के लिए पूरे भारत में उनका बहुत सम्मान किया जाता है। मोदी ने रामनाथ कोविद से मुलाकात के बारे में लिखा कि उनके साथ बातचीत करना बहुत खुशी की बात है।

# हार का ठीकरा अधिकारियों पर फोड़ रही महापौर : राजा इकबाल सिंह



**नई दिल्ली,** 7 जून (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष व पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने महापौर डा. शैली ओबेराय के उस बयान पर पलटवार किया है कि उन्होंने दिल्ली में सफाई व्यवस्था के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार बताया। साथ ही इसके लिए लोकसभा चुनाव हार का ठीकरा भी अधिकारियों पर फोड़ा जा रहा है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों और सुशासन से प्रभावित होकर दिल्ली की जनता से सातों जीतों पर विजय दिलाई है और आप-कांग्रेस के गठबंधन को करारा जवाब दिया है। इसके साथ ही आप सरकार के निगम और दिल्ली सरकार में किए गए झूठे वादों से जनता परेशान हो गई है। दिल्ली की जनता गवाह है कि कैसे आप की दिल्ली और निगम की सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। इसकी वजह से वह दिल्ली में लोकसभा चुनाव में आप व कांग्रेस को दिल्लीवासी कोई मौका नहीं देना चाहते थे। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि महापौर को चुनाव हारने के बाद दिल्ली की सफाई व्यवस्था की चिंता हुई है जबकि पूरी आप सरकार मुख्यमंत्री के जेल और बेल के धरना प्रदर्शन में ही लगी रही थी और दिल्ली की जनता की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया।

# मेधा पाटकर की सजा पर फैसला सुरक्षित

**वीके सक्सेना के मानहानि मामले में हैं दोषी करार**

**नई दिल्ली**, 7 जून (एजेंसियां)। दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) की कार्यकर्ता मेधा पाटकर के खिलाफ दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से दर्ज कराए गए मानहानि के मामले में सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट एक जुलाई को सजा पर अपना फैसला सुनाएगी। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने कहा कि दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) ने विक्टिम इम्पैक्ट रिपोर्ट (वीआईआर) पेश की। इसके बाद उन्होंने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। यह रिपोर्ट आरोपी को दोषी ठहराए जाने के बाद पीड़ित को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए तैयार की जाती है। इससे पहले मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने 24 मई को मेधा पाटकर को उनके खिलाफ सक्सेना की ओर से दायर मानहानि मामले में दोषी ठहराया था। साल 2000 में जब कानूनी विवाद शुरू हुआ था, तब वह अहमदाबाद स्थित गैर सरकारी संगठन नेशनल काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज के प्रमुख थे। पिछली सुनवाई के दौरान, पक्षों ने सजा के मामले में अपनी दलीलें पूरी कर ली थी।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के क्रम में ग्राम निलौनी शाहपुर में उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 1018/एस.टी-एस.डी.एम./2018 दिनांक 16.10.2018 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज कर किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | निलौनी शाहपुर | 570 | श्री बैनीसिंह पुत्र स्व0 मुंशीसिंह, नि0 ग्राम निलौनी शाहपुर, तहसील सदर, जनपद गौतमबुद्धनगर | श्री प्रेमपाल सिंह | पुत्र | 52 वर्ष | |
| | | | | श्री प्रमोद कुमार | पुत्र | 39 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती बीना देवी | पुत्री | 50 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती पुष्पा देवी | पुत्री | 48 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती सुरेश देवी | पुत्री | 44 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती मुनेश देवी | पुत्री | 40 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।
तहसीलदार



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपजिलाधिकारी, सदर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 34/एस0टी0-एस0डी0एम/2022 दिनांक 17.09.2022 व परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 273/एस0टी0-एस0डी0एम/2019 दिनांक 18.01.2020 व परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 1367/राजस्व सहायक/2024 दिनांक 15.05.2024 के अनुसार स्व0 विष्णु सिंह पुत्र बादाम सिंह व स्व0 इन्द्रवती पत्नी विष्णु सिंह नि0 ग्राम रौनीजा व जिलाधिकारी, बुलन्दशहर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र स्व0 सीमा सोलंकी पत्नी श्री राकेश कुमार सोलंकी नि0 शेरपुर ककोड, तहसील सिंकन्द्राबाद, जिला-बुलन्दशहर की मृत्यु कमशः दिनांक 16.08.2019, 04.08.2022 व 16.01.2024 को हो चुकी है जिसमें मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| रौनीजा | 28/5, | स्व0 विष्णु सिंह पुत्र बादाम सिंह व स्व0 इन्द्रवती पत्नी विष्णु सिंह नि0 ग्राम रौनीजा व स्व0 सीमा सोलंकी पत्नी श्री राकेश कुमार सोलंकी नि0 शेरपुर ककोड देहात तहसील सिंकन्द्राबाद जिला बुलन्दशहर | राकेश कुमार सोलंकी पुत्र श्री लखमी सिंह | 50 | पति |
| कादरपुर | 276 740, 133 136 | | मोनिका सोलंकी पुत्री श्री राकेश कुमार सोलंकी | 26 | पुत्री विवाहित |
| | | | आकाश सोलंकी पुत्र श्री राकेश कुमार सोलंकी | 24 | पुत्र |
| खेरली भाव | 979, 985, 980, 983 | | निखिल सोलंकी पुत्र श्री राकेश कुमार सोलंकी | 21 | पुत्र |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | |
|---|---|
| एन.आई.टी. | 04-A-2024-25-डब्ल्यू-5 |
| काम का नाम (स्थान के साथ) | सहायक मंडल अभियंता/हज़रत निज़ामुद्दीन के तहत एसएसई/ डब्ल्यू/ एम/टीकेडी के अनुभाग में डीजल शेड, तुगलकाबाद में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट क्षमता 100 केएलडी और दो वर्षा जल संचयन संयंत्र क्षमता 20 सीयूएम की स्थापना का कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः** सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और/या एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की आपूर्ति, डिजाइन, निर्माण और कमीशनिंग का कार्य। |
| काम की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹1,28,24,270.32 |
| अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा) (**नोटः** रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/ सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा)। ₹2,14,100/- |
| काम की समाप्ति अवधि | 06 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 02.07.2024 को 15:00 बजे तक तथा 02.07.2024 को 15:00 बजे निविदा खुलना है |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात् **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |

सं: 128-W/280/OET/2024-25/W-V/NIT-04-A-2024-25 दिनांक: 07.06.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1707/2024



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मॅजखेडा में जिलामजिस्ट्रेट, गाजियाबाद द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 576/अह.-फौज (एस0डी0ओ0-लोनी)/2024 दिनांक 01 फरवरी 2024 के अनुसार स्व0 महीपाल मावी पुत्र श्री धन्नू सिंह व श्रीमती श्यामवती पत्नी स्व0 महीपाल मावी नि0 ग्राम अफजलपुर, तहसील लौनी, जिला गाजियाबाद की मृत्यु कमशः दिनांक 10.11.2023 व 21.11.2015 को हो चुकी है जिनमें मृतक के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षो में | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| मूँजखेडा | 642 658 914 | स्व0 महीपाल मावी पुत्र श्री धन्नू सिंह व श्रीमती श्यामवती पत्नी स्व0 महीपाल मावी नि0 ग्राम अफजलपुर, तहसील लोनी, जिला गाजियाबाद | नीरज मावी | 38 | पुत्र |
| | | | नितिन मावी | 33 | पुत्र |
| | | | योगेश मावी | 31 | पुत्र |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सैक्टर/ग्राम-डाबरा की प्रस्तावित आबादी में आवंटित भूखण्ड संख्या-57, पाकेट-ए, क्षेत्रफल 180 वर्ग मीटर सर्वश्री मदन पाल, दीप चन्द व फिरेराम पुत्रगण श्री चन्दर सिंह (सह:आवंटी मृतक मदन पाल के वारिस श्रीमती बीरवती पत्नी स्व श्री मदन पाल व श्री हरीश व मुकेश पुत्रगण स्व० श्री मदन पाल), निवासी-ग्राम-डाबरा, ग्रेटर नोएडा जिला-गौतमबुद्ध नगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित/नामान्तरित किया गया था। सह:आवंटी श्री दीप चन्द पुत्र श्री चन्दर सिंह की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री सतीश, सुभाष व अजय कुमार पुत्रगण स्व० श्री दीप चन्द व श्रीमती संतोष (विवाहित) पुत्री स्व० श्री दीप चन्द, निवासी-ग्राम-डाबरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से सर्वश्री सतीश, सुभाष व अजय कुमार पुत्रगण स्व० श्री दीप चन्द, निवासी-ग्राम-डाबरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके वारिस सर्वश्री सतीश, सुभाष व अजय कुमार पुत्रगण स्व० श्री दीप चन्द, निवासी-ग्राम-डाबरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सह:आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
YEIDA FUTURE IS HERE
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा-1 (पी-2), ग्रेटर नौएडा सिटी, जनपद-गौतमबुद्धनगर-201308 (उ0प्र.)
फोन नं0: 0120-2395152, वेबसाइटः www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक : वाई.ई.ए./भूलेख/436/2024 दिनांकः 07.06.2024
सार्वजनिक सूचना

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा नियोजित क्षेत्र में आपसी सहमति के आधार पर निम्न काश्तकारों से भूमि क्रय किया जाना प्रस्तावित है -

सैक्टर 29 ग्राम तिरथली व सैक्टर-32 ग्राम वीरमपुर

| क्रम सं0 | ग्राम का नाम /सैक्टर | खाता संख्या | गाटा संख्या | खसरे का कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | खातेदार का नाम व पता | तहसील से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (हे0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सैक्टर-29 तिरथली | 185 342 | 271 165 | 0.2340 2.0890 | आशा देवी पत्नी ब्रहमपाल सिंह निवासी ग्राम नगला नरायन सिंह माजरा करौली बांगर पर० व तह० जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | 1/30 भाग में से | 0.0078 0.0278 |
| 2. | सैक्टर-29 तिरथली | 185 342 | 271 165 | 0.2340 2.0890 | प्रवीन कुमार पुत्र ब्रहमपाल सिंह निवासी ग्राम नगला नरायन सिंह माजरा करौली बांगर पर० व तह० जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | 1/30 भाग में से | 0.0078 0.0279 |
| 3. | सैक्टर-29 तिरथली | 297 | 436 | 0.3460 | जगदीश पुत्र शिवलाल नि० ग्राम तिरथली पर० व तह० जेवर जिला गौतमबुद्धनगर, हाल नि० हाउस 115 गली नं० 1 खेरी कला फरीदाबाद हरियाणा व नानक व संजय पुत्रगण शिवलाल निवासी ग्राम तिरथली पर० व तह० जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | 1/2 भाग | 0.1730 |
| 4. | सैक्टर-32 वीरमपुर | 333 | 263 | 1.6860 | हरीश कुमार पुत्र भगवत स्वरूप निवासी मौ0 मॉडलपुरिया कस्बा जेवर पर० व तह० जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | में से | 0.0089 |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिन के अन्दर यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।
डिप्टी कलेक्टर, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

30 मई को थाना शालीमार गार्डन पर एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि राजू उपाध्याय उसके के पति राकेश वार्ष्णेय का अपहरण कर लिया है। तत्काल थाना शालीमार गार्डन पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर टीमों का गठन किया गया।

**निमिष दशरथ पाटिल, डीसीपी ( ट्रांस हिंडन )**

## पुलिस सर्विलांस पर होगा नोएडा का कोना-कोना

- **सेफ सिटी के तहत लगेंगे 600 लोकेशन पर 2500 कैमरे**
- **आईएसटीएमएस से सुलझाए 700 मामले**

**नोएडा,** 7 जून (देशबन्धु)। आगामी छह महीने में नोएडा के बाजार, अस्पताल, पार्क और मेट्रो स्टेशन मॉल्स सब कुछ नोएडा पुलिस के सर्विलांस पर होगा। सेफ सिटी के तहत यहां 2500 सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम जुलाई में शुरू होगा। ये कैमरे 600 लोकेशन पर लगाए जाएंगे। इसका कंट्रोल रूम अलग से बनाया जाएगा। जिसकी कमांड पुलिस के पास होगी। नोएडा 1046 कैमरे आईएसटीएमएस योजना के तहत लगे है। जिनका काम ट्रैफिक और पुलिस के लिए सर्विलांस करना है। आईएसटीएमएस और सेफ सिटी ये दोनों प्रोजेक्ट अलग-अलग है। लेकिन एक साथ रन करेंगे। दोनों योजनाओं से जुड़े लोग एक दूसरे के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज आसानी से देख सकेंगे। इनके पास एक्सिस होगा। इसका सबसे बड़ा फायदा क्राइम को कंट्रोल करने में होगा। प्रमुख स्थानों की 24 घंटे सर्विलांस हो सकेगी।

**आईएसटीएमएस योजना का शुभारंभ सीएम योगी ने किया था**

नोएडा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने आईएसटीएमएस योजना का शुभारंभ किया था। इसके तहत पूरे शहर में तीन प्रकार की कैमरे जिसमें एएनपीआर, सर्विलांस, आरएलवीडी कैमरे लगे। इनके जरिए नोएडा पुलिस ने अब तक 700 केस को साल्व किया। ये केस चेन स्नेचिंग, लूटपाट, रोडरेज से लेकर मर्डर तक के है। जिसमें इन कैमरों की मदद ली गई और पुलिस को सफलता मिली। सेफ सिटी प्रोजेक्ट आने से पुलिस की इंटेलिजेंस और बढ़ जाएगी।

**212 करोड़ का है प्रोजेक्ट**

सेफ सिटी प्रोजेक्ट को पूरा करने में करीब 212 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। ये पैसा नोएडा प्राधिकरण खर्च करेगा। एक सप्ताह में ई टेंडर प्रक्रिया की जाएगी। चुनी जाने वाली कंपनी का काम सीसीटीवी कैमरों को इंस्टॉल करना, ऑपटिकल फाइबर लाइन डालना, पोल और उसकी मॉनिटरिंग की ट्रैनिंग देना होगा। इस को 6 से 9 महीने में पूरा किया जाएगा। संभवत: ये योजना 2025 तक पूरी होगी।

**पुलिस ने दी थी 600 लोकेशन**

सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत जिन स्थानों की सूची पुलिस विभाग ने दी। उसमे बाजार, सरकारी निजी स्कूल, ब्लैक स्पाट और भीड़ भाड़ वाले इलाके मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड, मॉल्स के बाहर स्थान शामिल है। सेफ सिटी परियोजना के तहत गौतमबुद्ध नगर को दो हिस्सों में बांटा गया है। पहला नोएडा और दूसरा ग्रेटरनोएडा। यानी सीसीटीवी कैमरों का पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर दोनों प्राधिकरण (नोएडा प्राधिकरण और ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण) बनाएंगे। और इसका संचालन पुलिस विभाग की ओर से किया जाएगा।

## 16 जून को हो सकती है नोएडा की वित्तीय बैठक

- **7 हजार करोड़ का बजट किया जाएगा पास**
- **36 एजेंडों को किया जाएगा शामिल**

**नोएडा,** 7 जून (देशबन्धु)। नोएडा के 2024-25 वित्तीय बजट बैठक 16 जून को हो सकती है। बैठक में नोएडा के विकास और पॉलिसी से जुड़े 36 एजेंडे रखे जाएंगे। जिसमें मुहर लगेगी। ये बैठक मार्च में हो जानी चाहिए थी लेकिन आचार संहिता के चलते नहीं हो सकी। इस बजट में सिविल, इलेक्ट्रिकल एंड मेंटेनेंस, हार्टिकल्चर, जमीन अधिग्रहण, न्यू नोएडा, जन स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विकास कार्यों के बजट को पास किया जाएगा। ये करीब 7 हजार करोड़ के आसपास होगा।

नोएडा के विकास के लिए हर साल वित्तीय बजट पास किया जाता है। विगत वर्ष 2023-24 में 6920 करोड़ का बजट पास किया गया था। 2022-23 में 4880.62 करोड़ का बजट था। बैठक में आकलन किया गया विगत बजट में कितना पैसा खर्च किया गया। कितना राजस्व मिला। इसी का आकलन करते हुए 2024-25 का बजट बनाया जा रहा है। इसका खाका तैयार किया जा चुका है।

- इस बार बैठक में पॉलिसी से संबंधित मैटर में बिल्डर बायर्स मुद्दे पर चर्चा होगी।
- वित्त से संबंधित किसान मुद्दों को रखा जाएगा।
- गोल्फ कोर्स, हेलीपोर्ट, डीएनजीआईआर जमीन अधिग्रहण, जल वाटर मीटर दर।
- नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की अंशधारिता
- मोबिलिटी रीजनल प्लान के अलावा भंगेल एलिवेटड, चिल्ला एलिवेटेड जैसे परियोजना की समीक्ष।
- कोर्ट केस के बारे में विस्तार से समीक्षा होगी।

**पीएम गति शक्ति से मिलेगा 300 करोड़**

वहीं पीएम गति शक्ति के तहत नोएडा को 300 करोड़ रुपए मिलेगा। इसे फाइनल कर लिया गया है।

इसमें डीएससी रोड पर निर्माणाधीन एलिवेटड को 150 करोड़, एक्सप्रेस वे पर प्रस्तावित दो अंडरपास के लिए 50-50 करोड़ और सेफ सिटी के तहत 50 करोड़ रुपए दिया जाएगा। ताकि योजनाओं को पूरा किया जा सके। इस बजट को वित्तीय बजट की बैठक में शामिल किया जाएगा।

**इन विभागों के लिए ये हो सकता है बजट**

- सिविल यानी विकास कार्य पर करीब 1000 करोड़ रुपए।
- उद्यान विभाग के लिए 100 करोड़।
- इलेक्ट्रिकल एंड मैनटेनेंस पर 300 करोड़।
- जल 150 करोड़ रुपए का बजट
- लैंड बैंक, जमीन अधिग्रहण के लिए 1500 करोड़ और डीएनजीआईआर के लिए बजट का प्रावधान रहेगा।
- ग्रामीण विकास के लिए 150 करोड़

**सार संक्षेप**

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

**बुलंदशहर।** ककोड़ कोतवाली क्षेत्र के गांव वैर वादशाहपुर में काम से वापस लौटते समय संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता हो गया। पीड़ित पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। गांव निवासी उधम सिंह ने दर्ज कराई गुमशुदगी में बताया कि उसका 28 वर्षीय विवाहित पुत्र मनोज कुमार वैर मार्केट में कपड़े की दुकान पर काम करता है। 5 मई की शाम को काम से लौटते समय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नए विकासित किए जा रहे सेक्टरों में बनाए जाएंगे चार 33 केवी के सबस्टेशन

**नोएडा।** नए विकसित किए जा रहे सेक्टरों में बिजली सप्लाई के लिए प्राधिकरण चार नए सब स्टेशनों का निर्माण करने जा रहा है। ये सब स्टेशन सेक्टर-155,151,156 और 162 में बनाए जाएंगे। प्रत्येक सब स्टेशन के निर्माण में करीब 10 करोड़ रुपए का खर्चा आएगा। ये सभी सब स्टेशन 33/11 केवी के होंगे। इनको 220केवी सब स्टेशनों से जोड़ा जाएगा। यही से इन सेक्टरों में बनने वाली इंडस्ट्री और कामर्शियल प्रॉपर्टी को कनेक्टशन दिया जाएगा। प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि नए सब स्टेशनों से बिजली सप्लाई सुचारु रुप से काम करेगी। साथ ही लोकल फाल्ट की समस्या काफी रहेगी। इसके निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिए गए है। 14 जून तक इसकी बिड खोली जाएगी। लो कास्ट कंपनी का चयन किया जाएगा। इसका निर्माण आगामी छह माह में करना होगा। इसके बाद इसे रन किया जाएगा। बता दे जिन सेक्टरों में ये सब स्टेशन बनाए जा रहे है वो नए विकसित किए जा रहे है।

### कांग्रेस ने वीरेंद्र मुखिया को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिलाध्यक्ष किया नियुक्त



**नोएडा।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन पश्चिमी उत्तर प्रदेश कोऑर्डिनेटर डॉ संजीव कुमार ने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिलाध्यक्ष वीरेंद्र मुखिया को जिला गौतम बुध नगर नियुक्ति किया। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिलाध्यक्ष वीरेंद्र मुखिया ने सभी शीर्ष नेताओं का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया और कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ निर्वाह करने का कार्य करूंगा बधाई देने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एडवोकेट दिनेश अवाना, पूर्व अध्यक्ष नोएडा कांग्रेस शहाबुद्दीन, योगेंद्र भाटी लड़पुरा, युवा कांग्रेस गौतम बुद्ध नगर जिलाध्यक्ष जावेद खान, युवा कांग्रेस नोएडा विधानसभा अध्यक्ष नीरज अवाना, नोएडा विधानसभा युवा कांग्रेस महासचिव राम गुप्ता, नवल सिंह चौहान, गौरव आधाना, रणवीर भाटी, मोहित अवाना, राहुल अवाना, परमवीर लोहिया व अन्य लोगों ने शुभकामनाएं सहित बधाई प्रेषित की।

## खोड़ा के खाली प्लॉट बने कूड़ा घर

**खोड़ा,** 7 जून (देशबन्धु)। खाली भूखंडों में कूड़ा डालने की वजह से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता है टूटे मकान और खाली भूखंडों में कूड़े का अंबार लगा हुआ है। आवारा मवेशी खाने की तलाश में कूड़े के आस पास मंडराते है। कूड़े में पड़ी पॉलिथिन को खाने से कई मवेशी बीमार हो चुके है। कई चौराहों पर नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों द्वारा कूड़ा का एकत्रीकरण करके उठान किया जाता है। खुले में कूड़े का उठान किए जाने की वजह से राहगीरों को बदबू का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासी त्रिपुरारी ने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा कूड़ा डालने के लिए कोई जगह सुनिश्चित न होने की वजह लोग घरों का कूड़ा खाली पड़े मकानों और भूखंडों में फेक देते है। भूखंडों में कूड़ा जमा होने के बाद सड़ने लगता है। जिससे आस पास के निवासियों को बदबू का सामना करना पड़ता है। कूड़े के सड़न और बदबू से बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। नपा की ओर से खाली भूखंडों से कूड़ा उठान का कोई इंतजाम नहीं है। नगर पालिका परिषद के स्वास्थ्य एवं सफाई निरीक्षक का कहना है कि नपा की गाड़ियों द्वारा घर घर से कूड़ा उठाया जाता है।

## तेज आंधी से निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से एक कामगार की मौत

- **एक अन्य घायल का अस्पताल में चल रहा उपचार**
- **मृतक के मामा की शिकायत पर मकान मालिक पर मुकदमा दर्ज**

**नोएडा,** 7 जून (देशबन्धु)। तेज आंधी के चलते चोटपुर कॉलोनी स्थित पांच मंजिला निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से बगल के घर की छत पर सो रहे दो मजदूर मलबे के नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। एक मजदूर की उपचार के दौरान मौत हो गई। एक अन्य घायल का अस्पताल में उपचार चल रहा है। मृतक के मामा राजेश की शिकायत पर निर्माणाधीन मकान के मालिक दिल्ली निवासी महावीर साह के खिलाफ सेक्टर-63 पुलिस ने केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

सेक्टर-63 थाना प्रभारी ने बताया कि चोटपुर कॉलोनी में यादराम मार्केट के पास पांच मंजिला घर का निर्माण कराया जा रहा है। गुरुवार देर रात आई आंधी में उस मकान की निर्माणाधीन दीवार पड़ोस के शुभम के घर की छत पर गिर गई। दीवार गिरने से पड़ोस के घर की छत पर सो रहे दो व्यक्ति दबकर घायल हो गए। घायल हुए जिला बरेली के गांव बरखन के हरिओम और जिला बरेली के गांव फतेहगंज के संतोष को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान हरिओम ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। संतोष की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। जिस 22 वर्षीय व्यक्ति की मौत हुई है मलबा उसके ऊपर गिरने से पसली टूट गई थी और उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। हरिओम गुरुवार को ही काम के सिलसिले में अपने मामा के पास बरेली से आया था। उसके मामा चोटपुर कॉलोनी में रहकर मजदूरी करते हैं। पुलिस के मुताबिक सूचना मिलने के दस मिनट के अंदर पुलिस मौके पर पहुंच गई और गंभीर रूप से घायल हरिओम को मलबे से निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। हरिओम की मौत के बाद से घर में मातम पसरा हुआ है। शुक्रवार को मृतक का अंतिम संस्कार करने की बात कही जा रही है। पुलिस इस मामले में जल्द ही निर्माणाधीन मकान के मालिक से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई करेगी।

## दिल्ली से प्रोपर्टी कारोबारी की अपहरण के बाद हत्या करने वाले चार गिरफ्तार



- **शराब में नीला थोथा पिलाकर पहले किया बेहोश**
- **एनीथीशिया की ज्यादा मात्रा देकर कर दी हत्या**

**गाजियाबाद,** 7 जून (देशबन्धु)। गाजियाबाद पुलिस ने शुक्रवार को एक बड़ी कामयाबी हासिल की। पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी से प्रॉपर्टी कारोबारी राकेश वार्ष्णेय की अपहरण के बाद हत्या के मामले का खुलासा कर लिया है। पुलिस ने इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने राकेश वार्ष्णेय को पहले शराब में नीला थोथा मिलाकर पिलाकर बेहोश किया उसके बाद हाल एनीथीशिया की ओवर डोज (6 इंजेक्शन) देकर मार डाला। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मृतक का सामान 1 शर्ट (कमीज), 1 जोड़ी जूते, मृतक का पासपोर्ट साइज फोटों, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, 1 पर्स, पर्स में रखे 766 रुपए बरामद किए हैं। डीसीपी (ट्रांस हिंडन) निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि 30 मई को थाना शालीमार गार्डन पर एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि राजू उपाध्याय उसके के पति राकेश वार्ष्णेय का अपहरण कर लिया है। तत्काल थाना शालीमार गार्डन पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर टीमों का गठन किया गया। शालीमार गार्डन पुलिस टीम व स्वाट टीम ट्रांस हिंडन द्वारा मैनुअल इनपुट, सीसीटीवी फुटेज की सहायता से दिल्ली राज्य में हुए अपहरण कर हत्या की घटना का सफल अनावरण दिया। इस मामले में पुलिस ने करने वाले राजू उपाध्याय निवासी यमुना विहार थाना भजनपुरा, दिल्ली, अनुज गर्ग निवासी उस्मानपुर ब्रह्मपुरी दिल्ली, लालकृष्ण निवासी अजीत नगर थाना गांधी नगर गांधी नगर दिल्ली तथा हरीश कुमार शर्मा निवासी ग्राम जैनपुर थाना कोतवाली देहात जिला बुलन्दशहर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बताया कि आरोपियों ने बताया कि राजू उपाध्याय राकेश वार्ष्णेय के साथ मिलकर प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य था।

राजू उपाध्याय ने मृतक राकेश वार्ष्णेय की एक मुरादाबाद स्थित जमीन (जो करीब 20-22 करोड की है) की द को वसीयत व पावर ऑफ अटार्नी अपने मिलने वाले मनीष सिंघल के नाम करायी थी। इसी जमीन को हडपने के लिए राजू उपाध्याय ने अपने मिलने वाले अनुज गर्ग, कृष्ण अग्रवाल, हरीश कुमार शर्मा को मकान व पैसे का लालच देकर अपने साथ लेकर चारों व्यक्तियों मृतक राकेश वार्ष्णेय को क्रेटा कार से मुरादनगर नहर में फेंक दिया था।

## धन्यवाद भारत के उद्घोष के साथ भाजपाइयों ने मनाया जीत का जश्न

**गाजियाबाद,** 7 जून (देशबन्धु)। धन्यवाद भारत के उदघोष के साथ भाजपाईयों ने गाजियाबाद में भाजपा की



जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजपाईयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई।

भाजपा के नेहरू नगर स्थित मुख्यालय पर पार्टी पर तीसरी बार मोदी सरकार बनने और गाजियाबाद लोकसभा से अतुल गर्ग द्वारा प्रदेश की दूसरी बड़ी जीत हासिल करने की खुशी में मिठाई बांटकर, ढोल नगाड़े के साथ आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर संजीव शर्मा ने कहा लोकतंत्र की विजय के सफल आयोजन के लिए चुनाव आयोग की पूरी टीम, संगठन की समस्त इकाईयों का दिल आभार करते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि तीसरी बार फिर से मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प आगे बढ़ेगा। एनडीए की सरकार अपने लक्ष्यों की पूर्ति करेगी। लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम में जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार पीएम बनने वाले पहले नेता पीएम मोदी होंगे। उन्होंने कहा कि तीसरी बार एनडीए की सरकार बनना मतलब देशवासियों ने भाजपा पर, एनडीए पर पूर्ण विश्वास जताया है। यह विजय दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीत है।

इस दौरान अशोक गोयल, अनिल स्वामी, राजीव त्यागी, पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, संदीप त्यागी, राजीव त्यागी, सरदार एसपी सिंह,प्रदीप चौधरी, अतुल जैन, ओपी अग्रवाल, बी एल गौतम धीरज शर्मा प्रीति चंद्रा, उदिता त्यागी, जमालुद्दीन अल्वी, रुचि गर्ग, रनिता सिंह, भक्ति सिंह, रेणु चंदेला, सुमन सिंह, किरन सिंह, वीरेन्द्र सारस्वत, सुशील गौतम, संजीव चौधरी, कविता सिरोही, प्रतीक माथुर, कामेश्वर त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## गाजियाबाद जंक्शन पर तेजस एक्सप्रेस पटरी से उतरी, बड़ा हादसा टला

**गाजियाबाद,** 7 जून (देशबन्धु)। गाजियाबाद जंक्शन पर शुक्रवार को आ रही तेजस एक्सप्रेस के दो बोगियों के पहिये पटरी से उतर गए।



सूचना मिलते ही ट्रेन को आनन-फानन में रोका गया और गाजियाबाद जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर इसकी मरम्मत की गई और रवाना किया गया। रेलवे ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। गनीमत यह रही कि यह हादसा गाजियाबाद के स्टेशन पर हुआ, अगर बीच रास्ते में होता तो इसे ठीक कर आगे के गंतव्य के लिए रवाना करने में बहुत ज्यादा समय लगता। गाजियाबाद जंक्शन पर शुक्रवार को मच गया जब भुवनेश्वर से आ रही तेजस एक्सप्रेस के दो बोगियों के पहिये पटरी से उतर गए। गाड़ी की रफ्तार भी काफी कम थी क्योंकि वह स्टेशन को पार करने की तैयारी में थी। इस हादसे में सभी यात्री पूरी तरीके से सुरक्षित हैं। मौके पर पहुंचे अधिकारी घटना के बारे में छानबीन कर रहे हैं। यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं इस घटना के पीछे कोई साजिश तो नहीं है।

- **हादसे की जांच के आदेश**

## शटर काटकर मोबाइल चोरी करने वाले 5 गिरफ्तार

**नोएडा,** 7 जून (देशबन्धु)। मोबाइल की दुकानों को टारगेट करके रात में उनके शटर तोड़कर चोरी करने वाले गैंग के पांच बदमाशों को सेक्टर-63 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये बदमाश ऑटो में बैठी सवारियों से भी मोबाइल छीनकर भाग जाते थे। पुलिस ने इनके पास से 15 मोबाइल फोन बरामद किए गए है। ये बदमाश नोएडा में काफी दिनों से सक्रिय थे। दरअसल 20 मई को संबंधित थाना क्षेत्र के एक दुकानदार ने अपने यहां शटर तोड़कर मोबाइल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज और अन्य स्थानों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। इसके साथ मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया। पता चला कि गैंग चोरी किए गए मोबाइल को बेचने जा रहा है। इस दौरान पुलिस ने सीआईएसएफ अंडरपास के पास जांच शुरू की। वहां से पांचों बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान मनीष पुत्र उमेश, मोहित कुमार पुत्र नरेन्द्र कुमार, राजदेव



- **15 मोबाइल फोन बरामद, दिन में रेकी और रात में करते थे चोरी**

पुत्र योगेश कुमार, अखिल पुत्र जरीफ और आर्यन पुत्र वीरेन्द्र को गिरफ्तारी किया। ये अंडरपास बंद पड़ा है। ये बदमाश आम लोगों को मोबाइल रिपेयर करने वाले लोगों को सस्ते दामों पर मोबाइल बेच देते थे। जिससे मिले पैसों का प्रयोग ये लोग मौज मस्ती और खर्चे के लिए करते थे। पुलिस अब इनके जरिए उन लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है जिनको ये मोबाइल बेचते थे। साथ ही इस गैंग में और कितने लोग शामिल थे। उनकी पहचान कर रही है।

नगर आयुक्त ने जीपीएस मॉनिटरिंग पर डाली नजर

## डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए स्मार्ट वर्किंग के दिए निर्देश

**गाजियाबाद,** 7 जून (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शुक्रवार को आई ट्रिपल सी सेंटर का औचक निरीक्षण किया। जिसमें नगर आयुक्त ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों की जीपीएस मॉनिटरिंग को देखा। नगर आयुक्त ने व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम के लिए किया जा रहे कार्यों को मौके पर देखा तथा टीम के साथ वार्ता करते हुए बेहतर और स्मार्ट वर्किंग के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने डॉट डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों में लगे हुए जीपीएस सिस्टम सही प्रकार से कार्य करें उनकी सही लोकेशन का तथा सही समय का





प्रतिदिन चार्ट तैयार किया जाए निर्देश दिए। वाहन चालकों पर भी पूरी नजर विभाग द्वारा बनाई जाए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को तथा टीम को निर्देश दिए गए। गाजियाबाद नगर निगम नगर आयुक्त के नेतृत्व में जनहित में बेहतर कार्य कर रहा है इसी के चलते देखा गया है स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रयास लगातार किया जा रहा है तथा कार्य शैली में भी निरंतर बदलाव चल रहा है जिसमें डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों की मॉनिटरिंग प्रबल होती दिखाई दे रही है। नियमित कूड़े का उठान हो रहा है, प्रतिदिन लगभग 1600 टन कूड़े का उठान गाजियाबाद नगर निगम शहर से कर रहा है, 600 से अधिक पांचो जोन में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वहां कार्य कर रहे हैं। वाहनों पर कार्य करने वाले ड्राइवर तथा हेल्पर के लिए भी नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार ड्रेस कोड की व्यवस्था की गई है अब गाजियाबाद नगर निगम के वाहनों पर ड्राइवर तथा हेल्पर भी ड्रेस में दिखाई देंगे ताकि कार्य करने वाली टीम का अलग से पहचान की जा सके कार्रवाई चल रही है।

**कूड़ा कलेक्शन वाहनों पर ड्राइवर व हेल्पर का होगा ड्रेस कोड, वेस्ट सेग्रीगेशन की वर्किंग होगी स्मार्ट : नगर आयुक्त**

## अवैध प्लॉटिंग पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

**बुलंदशहर,** 7 जून (देशबन्धु)। शुक्रवार को डॉ. अंकुर लाठर, आईएएस, उपाध्यक्ष बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण, बुलन्दशहर के निर्देशन में बुलन्दशहर विकास क्षेत्रान्तर्गत बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण के सचल प्रवर्तन दल द्वारा जोन- सिकन्द्राबाद में गुलावठी फ्लाई ओवर से पहले दिल्ली बाई पास आदर्श कॉलोनी से पहले, सिकन्द्राबाद देहात पर जितेन्द्र गिरि एवं अन्य द्वारा लगभग 10 बीघा भूमि एवं गऊशाला रोड, सिकन्द्राबाद देहात पर संजय व सौरभ द्वारा लगभग 6000 वर्ग गज भूमि एवं सिकन्द्राबाद बाईपास से गौशाला जाने वाले मार्ग पर लगभग 500 मी0 बाई ओर सिकन्द्राबाद देहात पर सजन लाल यादव एवं अन्य द्वारा लगभग 10 बीघा भूमि पर एवं सिकन्द्राबाद देहात आदर्श नगर कॉलोनी गुलावठी चौराहे के पुल से पहले बायी ओर बाईपास रोड, सिकन्द्राबाद पर आदेश कुमार एवं अन्य द्वारा लगभग 7 बीघे में अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। उक्त अवैध निर्माण को बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण के सक्षम



प्राधिकारी, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण एवं अन्य सहायक स्टाफ द्वारा एवं डेडीकेटिड फोर्स की उपस्थिति में ध्वस्त / सील किया गया। सील / ध्वस्तीकरण अभियान सक्षम प्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में निरन्तर चलाया जा रहा है।

प्राधिकरण के सक्षम प्राधिकारी संतोष कुमार द्वारा बताया गया कि सीलिंग / ध्वस्तीकरण अभियान अनवरत जारी रहेगा। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने जनता से अपील की है कि वह बिना मानचित्र स्वीकृति के कोई निर्माण न करें। इस संबंध में समस्त जानकारी प्राधिकरण के हेल्पलाईन नम्बर-8191978666 पर भी प्राप्त की जा सकती है।

उवाच

पंचायत घरों का मरम्मत के लिए जल्द ही निविदा निकाला जाएगा। पंचायत घरों पर ग्रामीण पर शादी व अन्य समारोह का भी आयोजन कर सकेंगे। जेवर विधायक ने यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ किसानों के मुद्दों को बैठक हुई। बैठक में नए भूमि अधिग्रहण के लाभ किसानों को दिए जाने, किसानों की आबादियों को छोड़े जाने, समान मुआवजा नीति, किसान और उसके बच्चों के जीवन यापन आदि अनेकों किसानों के मुद्दे प्राधिकरण अधिकारियों के समक्ष रखा : **डॉ. अरूणवीर सिंह, सीईओ**

# कैपिटल ज़ोन

# यमुना प्राधिकरण 107 गांवों में करेगा पंचायत घर की मरम्मत व रखरखाव





किसानों के मुद्दों को लेकर जेवर विधायक ने यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ की बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 7 जून (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में आने वाले 107 पंचायत घरों का मरम्मत व रखरखाव करने का जिम्मा लिया है। जल्द ही इन गांवों में पंचायत घर नए रंग रूप में नजर आएगा। यमुना प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में आने पर 107 गांवों में पंचायत चुनाव व्यवस्था समाप्त हो गई है। पंचायत व्यवस्था समाप्त होने पर निर्मित पंचायत घर का रखरखाव नहीं हो पा रहा है। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह शुक्रवार किसानों के मुद्दों को लेकर यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरूणवीर सिंह से मिले। विधायक ने सीईओ ने गांवों में पंचायत घरों के बदहाल हालत को रखा। जिस पर सीईओ ने पंचायत घरों के नए सिरे से मरम्मत और रखरखाव करने का आश्वासन दिया। पंचायत घरों में कंप्यूटर, पुस्तकालय आदि की व्यवस्था की जाएगी। ग्रामीण अब इन पंचायत घरों

**■ जेवर विधायक ने प्राधिकरण सीईओ से मिलकर रखी मांग**

में बैठकर कंप्यूटर पर सरकारी की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ले सकेंगे साथ ही ग्रामीणों युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी पंचायत घर कर सकेंगे, जहां पर युवाओं को तैयारी के लिए पुस्तकालय की व्यवस्था की जाएगी।

सीईओ ने बताया कि पंचायत घरों का मरम्मत के लिए जल्द ही निविदा निकाला जाएगा। पंचायत घरों पर ग्रामीण पर शादी व अन्य समारोह का भी आयोजन कर सकेंगे। जेवर विधायक ने यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ किसानों के मुद्दों को बैठक हुई। बैठक में नए भूमि अधिग्रहण के लाभ किसानों को दिए जाने, किसानों की आबादियों को छोड़े जाने, समान मुआवजा नीति, किसान और उसके बच्चों के जीवन यापन आदि अनेकों किसानों के मुद्दे प्राधिकरण अधिकारियों के समक्ष रखा। जेवर विधायक ने गांवों विकास का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सुनियोजित विकास का तात्पर्य शहर और औद्योगिक सेक्टरों का विकास नहीं है, वरन ग्रामों का विकास, वर्तमान जरूरत के आधार पर किया जाना भी है। जहां हम बेहतरीन औद्योगिक और शहरी क्षेत्र बसाने की बात करते हैं, वहीं हमें ग्रामों के सर्वांगीण विकास, किसानों के लिए रोजगारपरक योजनाओं को भी अपनी नीतियों में लागू करना पड़ेगा। बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कपिल सिंह, विशेष कार्याधिकारी शैलेन्द्र सिंह, विशेष कार्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, महाप्रबंधक परियोजना आशीष कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक राजेन्द्र भाटी, उपजिलाधिकारी जेवर अभय प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी सदर वेदप्रकाश पांडेय, डिप्टी कलेक्टर अजय कुमार शर्मा, ओएसडी मेहराम सिंह आदि कई विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने फिर पकड़ी विकास की रफ्तार, 60 करोड़ के कार्यों के टेंडर निकाले

**ग्रेटर नोएडा,** 7 जून (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता हटने के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टरों व गांवों में मरम्मत व रखरखाव के कार्यों की गति और तेज कर दी है। प्राधिकरण ने रोड, सीवर, जल व लाइटों के कार्य कराने के लिए लगभग 60 करोड़ रुपए के टेंडर निकाले हैं। एक माह में टेंडर प्रक्रिया को पूरा काम शुरू कराने की तैयारी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों व गांवों में विकास व रखरखाव के कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना, जल सीवर व विद्युत अभियांत्रिकी विभाग की तरफ से 36 कार्यों के लिए करीब 60 करोड़ रुपए के टेंडर निकाल दिए हैं। जल-सीवर विभाग के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ईकोटेक थ्री में एमपीएस सेक्टर एक से 20 एमएलडी एसटीपी तक लाइन बिछाने पर 6.46 करोड़ रुपए, ईकोटेक दो से 15 एमएलडी एसटीपी का संचालन और अनुरक्षण का कार्य कराने पर 4.91 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसी तरह जोन वन व थ्री के सेक्टरों व गांवों में सीवर सिस्टम मेनटेनेंस पर लगभग 20 करोड़ रुपए खर्च होंगे। जोन वन के अंतर्गत सेक्टर 1, 2, 3, 4, 16, 16बी, 16सी, टेकजोन फोर व 7, ईकोटेक 12, 14, 15, ग्राम तिगड़ी, शाहबेरी, हैबतपुर, इटेहरा, छोटी मिलक,

**■ गांवों व सेक्टरों में रोड, पानी, सीवर व लाइट पर होगा काम**

**■ सूरजपुर कोर्ट परिसर में जल्द लगेगी एलईडी हाईमास्ट लाइट**

चिपियाना बुजुर्ग, चिपियाना खुर्द, रिछपाल गढ़ी, मिलक लच्छी, पतवाड़ी, बिसरख आदि गांव व सेक्टर शामिल हैं, जबकि जोन थ्री के अंतर्गत ईकोटेक-2, केपी वन, टू, थ्री, फोर, अल्फा वन-टू, बीटा वन-टू, गामा वन-टू, डेल्टा वन, टू, थ्री, जीटा वन-टू, ईटा वन-टू, गांव गुर्जरपुर, सूरजपुर, मलकपुर, मुबारकपुर, बेगमपुर, लखनावली, तुगलपुर, हल्दौना, नामोली, रोहिल्लापुर, रामपुर जागीर आदि गांव व सेक्टर शामिल हैं। इसके अलावा सेक्टर पाई वन में गंगाजल कैंपस की सड़क, ड्रेन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं गार्ड रूम का निर्माण, ईकोटेक वन एक्सटेंशन वन में ओएचटी के चारों तरफ चारदीवारी का निर्माण, सेक्टर केपी-5, सेक्टर एक, तीन, चार, 12ए, ईकोटेक 15, व सेक्टर म्यू टू आदि में गंगाजल कैंपस में सड़क, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, ड्रेन, गार्ड रूम व बाउंड्री का निर्माण आदि कार्य भी कराए जाएंगे। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर टेकजोन फोर, 16बी, 16सी, में वितरण पाइपलाइन बिछाने का कार्य एवं जैतपुर-वैशपुर, साकीपुर, तुगलपुर, रामपुर जागीर, नटों की मढ़ैया, लखनावली, मुबारकपुर, हबीबपुर, ऐमनाबाद, जलपुरा आदि गांवों में छह प्रतिशत आबादी भूखंड एरिया में पाइपलाइन के अनुरक्षण के कार्यों के लिए भी टेंडर जारी हुए हैं। वहीं विद्युत अभियांत्रिकी विभाग की तरफ से सेक्टर गामा वन-टू, डेल्टा वन-टू, बीटा वन-टू के सामुदायिक भवन में विद्युतीकरण के लिए भी टेंडर निकाले गए हैं। इसके साथ ही ग्राम मलकपुर के श्मशान घाट में लाइट लगाने, बोड़ाकी के बारातघर, सामुदायिक केंद्र, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय, खेल का मैदान, श्मशान घाट और कब्रिस्तान में स्ट्रीट लाइट/हाई मास्ट लाइट लगाने आदि कार्य भी होने हैं। सूरजपुर कोर्ट परिसर में एलईडी हाईमास्ट लगाने के लिए भी टेंडर निकाल दिए गए हैं।

इसी तरह कई अन्य गांवों में भी लाइट से जुड़े कार्य किए जाएंगे। परियोजना विभाग की तरफ से लगभग 5.38 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों के लिए भी टेंडर निकाले गए हैं, जिनमें सादोपुर के बरातघर की मरम्मत, भनौता में श्मशान घाट की मरम्मत, रोड के पैच रिपेयरिंग के कार्य आदि शामिल हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा है कि टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कर इन कार्यों को शुरू कराया जाएगा और तय समय में गुणवत्ता के साथ कार्यों को पूरा भी कराया जाएगा।

## नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के अनुमोदन पर भाजपाइयों में खुशी

**ग्रेटर नोएडा,** 7 जून (देशबन्धु)। भाजपा जिला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तीसरी बार एनडीए ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनने पर खुशी व्यक्त की है। एनडीए के बैठक में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री के लिए नरेन्द्र मोदी का लोकसभा के सेंट्रल हॉल में नाम अनुमोदन किया।



**■ भाजपा कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. महेश शर्मा की ऐतिहासिक जीत पर मनाया जश्न**

गौतमबुधनगर भाजपा कार्यालय पर सांसद डॉक्टर महेश शर्मा की प्रचंड ऐतिहासिक जीत की खुशी में जश्न भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के द्वारा जिला कार्यालय पर ढोल नगाड़े पर कार्यकर्ता नाचे और लड्डू मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी को बधाई दी जश्न के अवसर पर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में एनडीए भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुमत हासिल किया। गौतमबुधनगर लोकसभा सीट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद डॉ. महेश शर्मा की ऐतिहासिक प्रचंड जीत के लिए मोदी-योगी की जन कल्याणकारी लाभार्थी योजनाओं के साथ क्षेत्र में सांसद डॉक्टर महेश शर्मा के द्वारा कार्य किए गए और सभी योजनाओं को नींचे अंतिम पायदान तक पहुंचाया और उन्होंने कहा कि जीत के लिए क्षेत्र की देवतुल्य जनता का आशीर्वाद एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के दिनरात के परिश्रम के लिए आभार जताया। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक प्रणीत भाटी, जिला उपाध्यक्ष सेवानंद शर्मा, जिला महामंत्री मनोज गर्ग, धर्मेन्द्र कोरी, रवि जिन्दल, जिला मंत्री गुरुदेव भाटी, सत्यपाल शर्मा, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, बिलासपुर चेयरमैन संजय चेची, इन्द्र नागर, सुनील शर्मा, कोट मंडलाध्यक्ष महेश शर्मा, राजीव सिंघल, सतीश गुलिया, मनोज प्रधान, अखिलेश नागर, ज्योति सिंह, निर्मला शर्मा, श्यामवीर भाटी, कुमुद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## ई-ऑक्शन से यीडा ने छह दुकाने 4.55 करोड़ रूपए में की आवंटित

**ग्रेटर नोएडा,** 7 जून (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को ई-ऑक्शन से छह दुकानों का आवंटन किया। छह दुकाने 4.55 करोड़ रूपए में आवंटित किया। जिससे प्राधिकरण को 1.26 करोड़ का लाभ प्राप्त हुआ।

**■ यमुना प्राधिकरण ने लोकसभा चुनाव ने पहले सेक्टर-22 डी में निकाली थी दुकानों की योजना**

यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने लोकसभा चुनाव से पहले सेक्टर-22 डी में वाणिज्यिक योजना के तहत छह दुकानों की योजना निकाली थी। इसमें पांच दुकानें 31.22 वर्गमीटर और एक दुकान 30.22 वर्गमीटर के शामिल थे। प्राधिकरण ने छह दुकानों का रिजर्व प्राइस 3.29 करोड़ रूपए निर्धारित कर रखी थी। शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने ऑनलाइन ऑक्शन के माध्यम से दुकानों का आवंटन किया। छह दुकानें 4.22 करोड़ रूपए में बिकी। जिससे प्राधिकरण को 1.26 करोड़ रूपए का लाभ प्राप्त हुआ। दुकानों के आवंटन से 50 लोगों को रोजगार मिलेगा।

## सतही जल व भूजल आरक्षित करने पर महापौर व आरडब्ल्यूए ने किया मंथन

**ग्रेटर नोएडा,** 7 जून (देशबन्धु)। इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा में अखिल भारतीय मेयर और आरडब्ल्यूए शिखर सम्मेलन का उद्घाटन आंध्र प्रदेश सरकार के सलाहकार राजन छिब्बर ने दीप जलाकर और आरडब्ल्यूए मिशन वक्तव्य जारी करके किया। जल प्रबंधन के सत्र की अध्यक्षता करते हुए ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश के मेयर टेम फासांग ने कहा कि नियमों को दृढ़ विश्वास के साथ लागू करने से आधी से अधिक समस्याएं अपने आप हल हो जाती हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि हमें गाजियाबाद ऐप 311 के बारे में जानकारी मिली है, जिसमें 90 प्रतिशत शिकायतों का समाधान ऑनलाइन ही किया जा सकता है। सभी नगर निगमों में ऐसा एप बनाया जाए। उन्होंने कहा कि में कोआरडब्ल्यूए-यूपी को बधाई देता हूं कि एक एनजीओ के रूप में उन्होंने इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया है जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से मेयर ने भाग लिया। इस दौरान प्रस्ताव रखा गया कि औद्योगिक एवं वाणिज्यिक संस्थानों में भूजल दोहन पर रोक लगाई जाए तथा जहां भूजल दोहन आवश्यक हो, वहां इसकी पैमाइश अनिवार्य की जाए। बहुमंजिला सोसायटियों में शतप्रतिशत वाटर रिचार्ज पर हाउस टैक्स में 25 प्रतिशत की छूट दी जाए। भारत के खजाने में अब कोई कमी



**■ इंडिया एक्सपोमार्ट में अखिल भारतीय महापौर और आरडब्ल्यूए शिखर सम्मेलन का आयोजन**

नहीं, मानसिक निर्देशों को दंडित करने की तुलना में प्रोत्साहन और इच्छुक आज्ञाकारिता अधिक परिणाम देती है। औद्योगिक क्षेत्रों में जल प्रदूषण के नियंत्रण के लिए सिविल सोसायटी का सहयोग लिया जाए। ग्रीन सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष स्वदेश कुमार ने कहा कि हम जानते हैं, जलवायु परिवर्तन मानवीय गतिविधियों के कारण होता है और पृथ्वी पर जीवन के लिए खघ्तरा है। बढ़ते ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के साथ, जलवायु परिवर्तन अनुमान से कहीं अधिक तेज गति से हो रहा है। इसके प्रभाव विनाशकारी हो सकते हैं और इसमें अत्यधिक और बदलते मौसम के पैटर्न और समुद्र के स्तर में वृद्धि शामिल है। विनाशकारी परिणामों से बचने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य सुरक्षित करने के लिए तत्काल उपाय आवश्यक हैं।



## वरिष्ठ प्रबंधक ने सफाई व्यवस्था का लिया जायजा, ठेकेदार पर जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा,** 7 जून (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह ने गुरुवार सुबह छह बजे 130 मीटर रोड की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सर्विस रोड पर गंदगी दिखी। सफाईकर्मी व सुपरवाइजर भी नदारद दिखे, जिसके चलते संबंधित फर्म एंटोनी वेस्ट हैंडलिंग सेल प्रालि. पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही सुपरवाइजर का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद वरिष्ठ प्रबंधक ने सिग्मा वन पहुंचे। वहां कुछ सफाईकर्मी सुपरवाइजर से नाराजगी के चलते काम नहीं कर रहे थे। उनसे बातचीत कर नाराजगी दूर करते हुए सफाई कार्य को शुरू कराया। सेक्टर अल्फा वन में कूड़े के ढेर पर नाराजगी जताई।

नियमित रूप से कूड़ा हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर ईकोटेक थ्री और चार मूर्ति चौक के आसपास के एरिया का भी निरीक्षण कर सफाई का जायजा लिया। चेतराम सिंह ने औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहने की बात कही है।

## परीचौक के समीप एक्सईएन कार्यालय बनाने की मांग

**रबूपुरा,** 7 जून (देशबन्धु)। विद्युत वितरण उपखंड दनकौर के उपकेंद्रों से सम्बंधित एक्सईएन कार्यालय को परीचौक के समीप बनाने की मांग उठी है। जिससे किसानों को अपनी समस्याओं के समाधान में आसानी हो सके। किसान संगठन ने सम्बंधित अधिकारियों को पत्र भेज कर उक्त कार्यालय को शीघ्र स्थानांतरित किये जाने की मांग की है। राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह ने पत्र में कहा है कि विद्युत उपखंड दनकौर के उपकेंद्रों से सम्बंधित एक्सईएन कार्यालय यहां से काफी दूरी पर स्थित है। जिसके चलते आमजन को काफी समस्या होती है तथा समय एवं धनहानि भी होती है। अतः उक्त कार्यालय को परीचौक के समीप बनाया जाए। इसके साथ ही किसानों की ट्यूबेलों को विद्युत आपूर्ति करने वाले फीडरों पर कम से कम 16 घण्टे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अगर समस्या का निस्तारण शीघ्र नहीं किया गया तो संगठन की बैठक कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

## रेस्टोरेन्ट में काम करने वाले कुक की संदिग्ध अवस्था में मौत

**ग्रेटर नोएडा,** 7 जून (देशबन्धु)। बीटा-दो कोतवाली क्षेत्र के ऐच्छर गांव में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मरने वाला युवक ग्रेटर नोएडा के एक रेस्टोरेंट में कुक का काम करता था जो नेपाल का रहने वाला था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, नेपाल का रहने वाला दीपक रावत ऐच्छर गांव में किराए पर रहता था। उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि उसने आत्महत्या की है। वहीं, मृतक के पजिरनों ने बताया कि वह हृदय रोग का मरीज था।

## जमीनी विवाद को लेकर सोते हुए बुजुर्ग पर धारदार हथियार से हमला

**दनकौर,** 7 जून (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के गुनपुरा गांव में जमीन के विवाद को लेकर घर में अकेले सो रहे एक बुजुर्ग पर पड़ोस के लोगों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। बुजुर्ग बलवीर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह 3 जून की रात में घेर में अकेले रात के वक्त सो रहे थे। उसी दौरान पड़ोस की एक महिला समेत 6 लोग वहां लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर पहुंचे। जहां सभी आरोपियों ने सोते हुए बुजुर्ग को दबोच लिया। साथ ही उनके साथ लाठी डंडों से मारपीट की। परिवार के लोगों को आता देख आरोपी पीड़ित पक्ष को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में परिवार के लोगों ने पीड़ित को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद उन्होंने कोतवाली पहुंचकर शुक्रवार को पड़ोस की ही महिला बबीता, तरुण, अभिषेक, परविंदर, जीतू और पंकज समेत 6 लोगों पर केस दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों में जमीन के विवाद को लेकर वर्षों से रंजिश चली आ रही है। जिसको लेकर ही आरोपी पक्ष ने बलवीर पर हमला किया है। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि पीड़ित बलबीर की शिकायत पर महिला समेत 6 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई आरोपियों के खिलाफ की जाएगी।

**■ एक महिला समेत छह पर मुकदमा दर्ज**




पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## शादी अनुदान योजना का लाभ उठाने के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**ग्रेटर नोएडा,** 7 जून (देशबन्धु)। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसोदिया ने बताया कि शादी अनुदान योजना के तहत अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब अभिभावकों की पुत्री की शादी के लिए शासन द्वारा शादी अनुदान योजना चला रही है, जिसके तहत अभ्यार्थी की पुत्री के विवाह के लिए 20 हजार रूपए की सहयोग धनराशि प्रदान करने की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि शादी अनुदान प्राप्त करने के लिए शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व तथा 90 दिन बाद तक शासन द्वारा संचालित वेबसाइट http://shadianudan.upsdc.gov.in लिंक पर जाकर अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है। उन्होंने शादी अनुदान योजना के पात्रता के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक अन्य पिछड़ा वर्ग (पिछड़े अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़कर) का होना चाहिए तथा पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक व वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए एवं आवेदक की आय गरीबी की सीमा के तहत शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में 1 लाख रूपए वार्षिक से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त योजना का लाभ उठाने के लिए वृद्धावस्था, विकलांग एवं विधवा पेंशन के लाभार्थियों को आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं हैं, ऐसे लाभार्थियों को अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर आवेदन करते समय भरना होगा एवं आवेदक का बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में होना चाहिए।

योजना में इच्छुक व्यक्ति पहचान पत्र, बैंक पास बुक, शादी का कार्ड, पुत्री का आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आवेदक के पासपोर्ट साइज फोटो के साथ अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है।

## बिजली की चपेट में आने से दादा-पोते की हुई मौत

**ग्रेटर नोएडा,** 7 जून (देशबन्धु)। बीटा-दो कोतवाली क्षेत्र के अट्टापीर गांव में खेतों में चल रहे ट्यूबवेल पर बिजली के करंट की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। अधिक गर्मी होने की वजह से ट्यूबवेल पर प्यास लगने पर दोनों पानी पीने के लिए गए थे। दादा-पोते ही एक साथ हुई मौत के बाद घर में कोहराम मच गया है। पुलिस ने मृतकों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, अट्टापीर गांव निवासी सोनू पुत्र ओमी (28 साल) और हरकिरन पुत्र नत्थन (80 साल) खेतों पर काम करने के लिए गए थे। उनके खेतों के पास में ही अट्टापीर गांव के रमेश पुत्र भरत सिंह का ट्यूबवेल चल रहा था। प्यास लगने पर दोनों रमेश के ट्यूबवेल पर पानी पीने के लिए जा रहे थे। बताया गया है कि ट्यूबवेल से थोड़े पहले ही जमीन पर पड़े बिजली के तार के चपेट में दोनों आ गए। जिसकी चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर आस-पास के लोगों की मौके पर भीड़ इक्ट्ठा हो गई। वहीं, दादा-पोते की एक साथ हुई मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है।


### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के कम में ग्राम सालारपुर में उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 114/एस.टी.-एस.डी.एम./2024 दिनांक 09.12.2024 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज कर किये जाने प्रस्तावित है।

| कम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सलारपुर | 131, 652 व 711 | श्री हरनाम सिंह पुत्र स्व0 बलजीत सिंह नि0 ग्राम सालारपुर पगरना दनकौर तहसील सदर जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती ज्ञानवती<br>श्री सतेन्द्र सिंह<br>श्री धर्मवीर<br>श्री महावीर सिंह<br>श्रीमती सुमन देवी | पत्नी<br>पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्री | 59 वर्ष<br>50 वर्ष<br>44 वर्ष<br>44 वर्ष<br>55 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण।

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम निलौनी शाहपुर में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 963/एस0टी0/एस0डी0एम0/2022 दिनांक 23.07.2022 स्व0 श्री हेमराज सिंह पुत्र डूंगरमल निवासी ग्राम दयानतपुर परगना व तहसील जेवर, जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 24.12.2017 को हो चुकी है, मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दयानतपुर | 270म<br>271म<br>272म<br>487<br>1031म | स्व0 हेमराज सिंह पुत्र डूंगरमल नि0 दयानतपुर परगना व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती ललिता देवी<br>श्री राजकुमार<br>श्री संजीव कुमार<br>श्री मोहन सिंह<br>श्रीमती रामा देवी | पत्नी<br>पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्री | 65 वर्ष<br>40 वर्ष<br>38 वर्ष<br>35 वर्ष<br>39 वर्ष | विधवा<br><br><br><br>विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के कम में ग्राम सालारपुर में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 598/एस.टी.-एस.डी.एम./2018 दिनांक 27.02.2018 के अनुसार निम्न प्रकार के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम व पता | वारिसानों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सलारपुर | 395, 396, 420, 422, 421, 425, 426, 427, 102, 113, 114, 115, 434, 433, 485, 423 | श्रीमती सावित्री देवी पत्नी स्व0 श्री रिछपाल शर्मा, नि0 तुगलपुर परगना व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री अमित कुमार शर्मा<br>श्रीमती गीता<br>श्रीमती सविता | पुत्र<br>पुत्री<br>पुत्री | 26 वर्ष<br>39 वर्ष<br>28 वर्ष | <br>विवाहित<br>विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट नं0-1, सेक्टर नोलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा
जिला गौतमबुद्धनगर उ0प्र0।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एम.एच.एस-01, योजना के अंतर्गत आवंटित भवन संख्या-390SF, Block-G, Area-40 Sqm, Sector PI-01, Allotment No- BHS0563272, R/o 33C Mansarover Sector-61, Noida G.B.Nagar U.P. PIN-201307 की मृत्यु के उपरान्त उनके पति SH. Anil Kumar Sharma S/o SH. A.S. Sharma & Smt. Nidhi Sharma D/o SH. Anil Kumar Sharma के द्वारा उक्त भवन को अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। अतः इस म्युटेशन के सम्बंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अंन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Late Smt. Savita Sharma W/o SH. Anil Kumar Sharma के नाम के स्थान पर उनके पति व पुत्री SH. Anil Kumar Sharma S/o SH. A.S. Sharma & Smt. Nidhi Sharma D/o SH. Anil Kumar Sharma का नाम दर्ज कर दिया जाएगा।

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# अभिमत

*पक्षी संरक्षण की एक पहल राजस्थान के मेनार गांव में चल रही है। कुछ समय पहले मुझे इस गांव में जाने का मौका मिला था। यह गांव उदयपुर से 40 किलोमीटर दूर चित्तौड़गढ़ मार्ग पर स्थित है। इस गांव की पहचान पक्षियों के गांव (बर्डविलेज) के नाम से पहचान बन गई है। यहां के दो तालाब पक्षियों के लिए हैं। तालाबों का नाम भरमेला और ढंड है। यहां न कोई नाव चलती है, न मछलियों का शिकार। न कोई ध्वनि प्रदूषण है और न ही कोई मानवीय गतिविधि।*

## पक्षियों के संरक्षण की जरूरत

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

पक्षी हमारे आसपास चारों तरफ हैं। गांव, शहर, जंगल, नदी और तालाब के आसपास, सभी जगह पक्षी देखे जा सकते हैं। लेकिन कुछ सालों से देखने में आया है कि कई कारणों से पक्षी संकट में हैं, कुछ तो विलुप्ति के कगार पर हैं। आज इस कॉलम में पक्षी और मनुष्य का रिश्ता क्या है, पर्यावरण में उनका योगदान क्या है, उनके संरक्षण की जरूरत क्यों है, इस पर बातचीत करना चाहूंगा।

छुटपन में हम देखते थे कि चिड़ियों की चहचहाहट से सुबह नींद खुलती थी। पेड़ों पर उनका कलरव होता था। गोरैया आंगन में दाना चुगने के लिए आती थीं। इधर-उधर उड़ती रहती थीं। कच्चे घरों में भी चिड़ियाएं घोंसला बनाया करती थीं। घर,गांव व नदियों के आसपास गिद्ध मंडराया करते थे।

हम देखते थे कि किसान अनाजों की बालियां पक्षियों के लिए पेड़ों पर टांग देते थे। सार्वजनिक स्थानों पर और पेड़ों पर पानी पीने के लिए सकोरे टांग दिए जाते थे। कुएं के मुंडेरों पर पक्षी पानी पीते दिखते थे। उनकी मौजूदगी वातावरण को खुशनुमा बनाती थी।

पक्षियों के बारे में कई कहानियां व गीत हैं। लोककथाएं हैं। संस्कृति और इतिहास में पक्षियों का उल्लेख है। सिनेमा में भी पक्षियों के कारनामे दिखाए जाते रहे हैं। पक्षियों की कई मूर्तियां भी हैं। छत्तीसगढ़ में सुआ नाच व मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड में पड़की नृत्य भी प्रचलन में हैं।

हमारे देश में काफी विविधता पाई जाती है, क्योंकि यह गर्म जलवायु वाला देश है। अधिक विविधता गर्म जलवायु वाले देशों में पाई जाती है। ठंडे जलवायु वाले देशों में कम विविधता पाई जाती है। इस तरह, यहां पक्षियों की सैकड़ों प्रजातियां हैं। वे रंग-बिरंगे होते हैं। इन्हें देखना रोमांचक होता है, इनका गीत बहुत मधुर होता है। कई आकार के होते हैं और इनका गान व व्यवहार भी अलग-अलग होता है।

पक्षियों की दुनिया अलग है। मोटे तौर कह सकते हैं कि जो उड़ते हैं, वे पक्षी कहलाते हैं, उनके पंख होते हैं। ऐसा भी दिखाई देता है कि सभी पक्षी एक जैसे होते हैं- वे उड़ते हैं, घोंसला बनाते हैं, अंडे देते हैं। लेकिन बारीकी से देखने पर इनमें काफी भिन्नता है।

इन पक्षियों के अलग-अलग आवास स्थल होते हैं। जलवायु के अनुकूल ये अपने अपने आवास स्थल बनाते हैं। कोई रेगिस्तान में पाया जाता है, तो कोई बर्फीले पहाड़ों पर, कोई नदियों के किनारे तो, कोई समंदर के आसपास आशियाना बनाते है। रंग, रूप, और आवाज, और व्यवहार भी अलग-अलग होता है। ऐसे पक्षी भी होते हैं, जो हजारों किलोमीटर दूर देशों से आते हैं, इन्हें प्रवासी पक्षी कहा जाता है।

पेड़-पौधों के पुनर्जनन में, परागीकरण में, खाद्य श्रृंखला में, फसलों के कीट नियंत्रण में पक्षियों का योगदान अहम है। जंगल को बढ़ाने के लिए भी पक्षियों का योगदान है। कई पेड़ों के बीज पक्षी खाते हैं और उनकी विष्ठा के माध्यम से ये बीज मिट्टी में मिल जाते हैं, जब नमी मिलती है, तब अंकुरित हो जाते हैं। इस तरह नया पेड़ बनता है। पक्षियों की विष्ठा खेतों को उर्वर बनाती है। कौआ, चील और गिद्ध अच्छे सफाईकर्मी की तरह काम करते हैं।

पक्षी भी हमारी तरह प्रकृति का हिस्सा हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों में पक्षियों पर कई तरह से खतरा मंडरा रहा है। कई पक्षी विलुप्ति के कगार पर है। कुछ दशकों से पर्यावरण को शुद्ध करने वाले गिद्ध अब नहीं दिखते। घर-आंगन में फुदकने वाली गोरैया भी अब कम दिखती है। तोते भी कम दिखते हैं।

प्रकृति के साथ मानवीय छेड़छाड़ के कारण पक्षियों को नुकसान पहुंचता है। मध्यप्रदेश के जिस इलाके में मैं रहता हूं वहां गेहूं के डंठल खेत साफ कराने का चलन बढ़ गया है जिससे सभी तरह से नुकसान है। खेतों में ठंडलों के साथ पेड़-पौधे व छोटे-मोटे जीव जंतु जल जाते हैं। पेड़ पर ही पक्षी रहते हैं, अगर पेड़ नहीं रहेंगे तो वे कहां रहेंगे।

इसी प्रकार, रासायनिक खेती के कारण कई बार पक्षियों के मरने की खबरें आती रहती हैं। जहरीले कीटनाशकों से उनकी मौत हो जाती हैं। कई बार मोर मरने की खबरें आई हैं। मशीन आधारित खेती के कारण खेतों के आसपास दूर-दूर तक पेड़ दिखाई नहीं देते हैं, इसके कारण पक्षी भी नहीं होते हैं। जबकि खेती के लिए पक्षी बहुत उपयोगी हैं। एक तो वे कीट नियंत्रण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके बीट से भूमि उर्वर होती है।

एक कारण जलवायु बदलाव का भी है। कई बार जब मैं घूमने जाता हूं तो रास्ते में पक्षी मरे पड़े मिलते हैं। इनका एक कारण अधिक तापमान होना है। ज्यादा गर्मी सहन न करने के कारण भी पक्षी मर जाते है। हाल के दिनों में जलवायु बदलाव के कारण नदी-नाले सूखने के कारण भी पक्षियों को पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ता है।

बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिकीकरण ने भी पक्षियों के अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। इसके कारण उन्हें प्राकृतिक रूप से रहने के लिए आश्रय व घोंसले बनाने के लिए पेड़ उपलब्ध नहीं रहते हैं, इससे वे बेघर हो जाते हैं। सड़क चौड़ीकरण के कारण भी बहुत पुराने पेड़ कटते हैं, पक्षियों के आवास स्थल खत्म हो जाते हैं। इसलिए इन सबके मद्देनजर पक्षियों के संरक्षण की बहुत जरूरत है।

पक्षी संरक्षण की एक पहल राजस्थान के मेनार गांव में चल रही है। कुछ समय पहले मुझे इस गांव में जाने का मौका मिला था। यह गांव उदयपुर से 40 किलोमीटर दूर चित्तौड़गढ़ मार्ग पर स्थित है। इस गांव की पहचान पक्षियों के गांव (बर्डविलेज) के नाम से पहचान बन गई है।

यहां के दो तालाब पक्षियों के लिए हैं। तालाबों का नाम भरमेला और ढंड है। यहां न कोई नाव चलती है, न मछलियों का शिकार। न कोई ध्वनि प्रदूषण है और न ही कोई मानवीय गतिविधि। एकाध साल पहले तक तालाब की जलभूमि में खेती होती थी। तरबूज-खरबूज की खेती होती थी। गांव के लोगों ने सामूहिक रूप से निर्णय लेकर उसे भी बंद करवा दिया जिससे पक्षियों की गतिविधियों में कोई खलल न पड़े।

पक्षियों की सुरक्षा के लिए गांव वाले सचेत हैं। इसके लिए गांव के लोग और पक्षी प्रेमी सचेत हैं। उन्होंने तालाब के किनारे लगे पेड़ों को काटने पर पाबंदी लगाई है। तालाब के ऊपर से बिजली का हाईटेंशन तार गया था, उसे हटवाया। इससे पक्षी तार से टकराकर मर जाते थे। प्रदूषित पानी को तालाब में जाने से रोकने के लिए फैसला लिया।

यहां पक्षियों को परेशान करने वाली किसी प्रकार की गतिविधियों पर गांव वालों की नजर रहती है। जैसे कोई फोटोग्राफर पक्षियों को उड़ा कर तस्वीरें लेता है तो भी उसे ऐसा करने से रोका जाता है। स्वाभाविक तरीके से तस्वीरें लेने पर कोई मनाही नहीं है।

पक्षियों के प्राकृतिक रूप से अनुकूल वातावरण बना रहे, इसकी कोशिश की जाती है। गांव के पक्षी मित्र धर्मेंद्र मनेरिया बताते हैं कि कई बार यह बात सामने आती है कि तालाब को पर्यटन की दृष्टि से कृत्रिम रूप से कांक्रीट-सीमेंट से बनाया जाए। लेकिन इससे पक्षियों को नुकसान होगा।

यहां 170 से ज्यादा पक्षियों की प्रजातियां हैं। जिसमें स्थानीय व प्रवासी पक्षी दोनों शामिल हैं। यहां जलीय व स्थलीय दोनों तरह के पक्षियों की प्रजातियां हैं। प्रवासी पक्षी ज्यादातर शीत ऋतु में आते हैं और यहां रहते हैं। अधिकांश चिड़ियाएं यहां जाड़े के समय आती हैं, वे ज्यादा ठंडे वालों इलाके से अपेक्षाकृत कम ठंडे इलाकों में रहना पसंद करती हैं।

अब यही शिवा डुबडुबी यहां की शान है। तालाब किनारे हम शिवा डुबडुबी को बहुत देर तक देखते रहे। सिर पर कलगी,लम्बी चोंच और पानी में खेलते इसे देखना आनंददायक था। वह जरा सी आहट पर पानी में डुबकी लगा लेती। तैराक जैसी चपलता और फुर्तीली। पानी में रहती है और पानी में ही तैरता हुआ घोंसला बनाती है, उसी में प्रजनन करती है।

यहां साल भर सैलानियों, पक्षी प्रेमियों, पक्षी निरीक्षकों, पर्यावरण कार्यकर्ताओं और प्रकृतिप्रेमियों का तांता लगा रहता है। वे यहां आते हैं, तालाब किनारे पक्षियों को निहारते हैं, उन्हें कलरव सुनते हैं और नीले समंदर की तरह विशाल तालाब में पक्षियों की अठखेलियां और क्रीडाओं का आनंद लेते हैं।

कुल मिलाकर, पक्षी हमारे लिए कई तरह से उपयोगी हैं। उनका संरक्षण बहुत जरूरी है। मेनार गांव जैसी पहल अब और भी जगहों पर चल रही हैं। पक्षी अभयारण्य, वन्य जीव अभयारण्यों में इनके संरक्षण के प्रयास किए जा रहे हैं। पक्षियों के प्रति पर्यटकों का भी रूझान बढ़ा है। पक्षी अवलोकन भी बढ़ा है। लेकिन इस तरह की पहलों की और भी जरूरत है। पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता की आवश्यकता है।

इस दिशा में निजी स्तर पर भी पहल की जा सकती है, जैसे रासायनिक खेती की जगह प्राकृतिक खेती को अपनाना, ऐसे जहरीले पदार्थों का इस्तेमाल न करना, जिनसे पक्षियों को खतरा है। ऐसे घर बनाना जिनमें वे उनके घोंसले आसानी बना सकें। लेकिन क्या हम इस पहल में जुड़ने और उसे आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं?

> **पक्षी हमारे लिए कई तरह से उपयोगी हैं। उनका संरक्षण बहुत जरूरी है। मेनार गांव जैसी पहल अब और भी जगहों पर चल रही हैं। पक्षी अभयारण्य, वन्य जीव अभयारण्यों में इनके संरक्षण के प्रयास किए जा रहे हैं। पक्षियों के प्रति पर्यटकों का भी रूझान बढ़ा है। पक्षी अवलोकन भी बढ़ा है। लेकिन इस तरह की पहलों की और भी जरूरत है। पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता की आवश्यकता है।**

### बीता सप्ताह

**1 जून**

- बेंगलुरू के राष्ट्रीय महत्व के संस्थान राष्ट्रीय मानसिंह स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहांस) को स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं की श्रेणी में नेल्सन मंडेला पुरस्कार से नवाजा गया।
- अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनान्ड ट्रम्प को एक पोर्न स्टार को चोरी-छिपे पैसे देने के मामले में 12 जूरी ने दोषी करार दिया।
- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोरियो गुंटेरस ने भारतीय सेना की मेजर राधिका सेन को मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड प्रदान किया।
- न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेटर बर्नडाइन बेजुइजन हॉट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास वेने की घोषणा की।

**2 जून**

- लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण में 8 राज्यों में केंद्र शासित प्रदेश की कुल 57 सीटों पर मतदान हुआ।
- प्रधानमंत्री मोदी ने 30 मई की शाम से 1 जून शाम तक कुल 45 घेटे कन्याकुमारी के विवेकानंद मेमोरियल में ध्यान साधना की।
- हैती के हूती विद्रोही संगठन की ओर से लगातार बढ़ रही हिंसा के बीच पहला संयुक्त राष्ट्र सहायता कार्गो विमान हैती पहुंचा।
- अफगानिस्तान के नागरहाट में नाव दुर्घटना में आठ लोगों की मृत्यु हो गई।

**3 जून**

- सिक्किम लोकसभा चुनाव में क्रांतिकारी मोर्चा एसकेएम ने बहुमत हासिल किया।
- अरुणाचल प्रदेश लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बहुमत हासिल किया।
- दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 21 दिन की जमानत खत्म होने के बाद तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण किया।
- आइसलेंड के राष्ट्रपति चुनाव में महिला कारोबारी हल्ला टॉमसडॉटि ने बाजी मारी।

**4 जून**

- गृह मंत्रालय ने विजया भारती सयानी को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का कार्यवाहक अध्यत्र बनाया।
- पाक में अल्पसंख्यक समुदाय की महिला पाकिस्तानी सेना में ईसाई महिला अधिकारी को बिग्रेडियर के पद पर पदोन्नत किया।
- श्रीलंका में पाकिस्तानी बाढ़ में सात लोगों की मौत हो गई।
- जापान के हशिकावा प्रांत में शक्तिशाली भूकंप के झटके पड़े।

**5 जून**

- लोकसभा चुनाव 2024 में प्रधानमंत्री मोदी की अगुआई में एनडीए गठबंधन ने 233 सीटों पर विजय प्राप्त कर बहुमत हासिल कर लिया।
- लोकसभा चुनाव में ओडिशा की 25 साल पुरानी पटनायक सरकार हार गई वहीं भाजपा ने बहुमत हासिल किया।
- आंध्रप्रदेश में लोकसभा चुनाव में चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी पार्टी ने बहुमत हासिल किया।
- पाकिस्तान के कोयला खदान में गैस रिसाव होने के कारण 11 लोगों की मौत हो गई।

**6 जून**

- नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों अपना नेता चुना।
- कर्नाटक की चिक्कोड से कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका जरकीहोली 27 साल की सबसे कम उम्र की सांसद बनीं।
- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक लोकसभा चुनाव में हार के बाद इस्तीफा दे दिया।
- चीन के नागरिक ड्रोन ने चुगुलांगया चीनी क्षेत्र के दुनिया का पहला कार्गो उच्च ऊंचाई परिवहन परीक्षण पूरा किया।

**7 जून**

- लोकसभा चुनाव 2024 में 543 नवनिर्वाचित सांसदों में 257 पर आपराधिक मामले हैं। यह जानकारी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) ने दी है।
- मंडी से सांसद और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रानौत को चंडीगढ़ एयर पोर्ट पर सीआईएसएफ की महिला सिपाही ने थप्पड़ मारी।
- सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पेयजल संकट पर सुनवाई करते हुए हिमाचल प्रदेश को 137 क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश दिया।
- मेक्सिको में पहली बार महिला राष्ट्रपति बनी। मेक्सिको सिटी की 61 वर्षीय पूर्व मेयर क्लाउडिया शिनबाम।

## तीन महाद्वीपों में तीन राष्ट्रीय चुनावों ने दिये जीवंत लोकतंत्र के संकेत

■ नित्य चक्रवर्ती

इस सप्ताह तीन दिनों की अवधि में, तीन बड़े आबादी वाले देशों- दक्षिण अफ्रीका, मैक्सिको और भारत के राष्ट्रीय चुनावों के परिणाम मिले और तीनों ने प्रत्येक देश में जीवंत लोकतंत्र की विजयी यात्रा के संकेत दिये। परिणामों ने दिखाया कि कैसे सतर्क मतदाताओं ने भारत की बहुसंख्यक हिंदू दक्षिणपंथी पार्टी भाजपा को अल्पमत में लाकर दंडित किया, अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस के बहुमत को 40प्रतिशत तक कम कर दिया और आम लोगों की आजीविका में सुधार के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अपने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को शानदार जीत देकर मैक्सिको के वामपंथी मोरेना गठबंधन को पुरस्कृत किया।

दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को राष्ट्रीय चुनाव हुए और 2 जून को नतीजे घोषित किये गये। पिछले 30 वर्षों से देश की सत्ताधारी पार्टी अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस ने 40प्रतिशत वोटिंग के साथ अपना बहुमत खो दिया। दक्षिण अफ्रीकी कम्युनिस्ट पार्टी (एसएसीपी) और ट्रेड यूनियन निकाय कोसाटू सहित इस केंद्र-वाम गठबंधन को हाल के वर्षों में उनके भ्रष्टाचार के लिए मतदाताओं द्वारा दंडित किया गया था, साथ ही मूल्य वृद्धि और बड़े पैमाने पर बेरोजगारी की समस्या से निपटने में विफलता के लिए भी। सबसे बड़ी पार्टी के रूप में एएनसी इस महीने के मध्य में संसद की बैठक से पहले गठबंधन सरकार के लिए विपक्ष में अन्य दलों से बात कर रही है। मतदाताओं का संदेश स्पष्ट है- एएनसी अभी भी शासन कर सकती है, लेकिन उसे बेहतर जन-हितैषी शासन के लिए अपने तरीके सुधारने होंगे।

> **भारत और दक्षिण अफ्रीका में सत्तारूढ़ सरकारों को दंडित किया गया है, लेकिन उन्हें कमतर दर्जा देकर शासन करने की अनुमति दी गयी है। मैक्सिको में वामपंथी मोरेना गठबंधन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए शानदार पुरस्कार दिया गया है। तीनों में,मतदाताओं ने लोकतंत्र के प्रति अपनी गहरी समझ दिखवायी है। अच्छा प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया है और जिन्होंने खराब प्रदर्शन उन्हें दंडित किया। यूरोप की तरह, दक्षिणपंथ की ओर कोई झुकाव नहीं है।**

दक्षिण अफ्रीका की आबादी छह करोड़ से अधिक है। यह ब्रिक्स का एक प्रमुख सदस्य है जिसमें ब्राजील, रूस, चीन और भारत भी शामिल हैं। राष्ट्रपति सिरिलरामफोसा का विकासशील दुनिया में बहुत सम्मान है। दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति गाजा में नरसंहार के लिए लगातार इजरायल की आलोचना करते रहे हैं। उन्होंने ही अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को युद्ध अपराधी घोषित करने के लिए कहा था। दक्षिण अफ्रीकी मतदाताओं ने दक्षिणपंथी विपक्ष को सरकार में नहीं लाया, बल्कि सत्तारूढ़ एएनसी को एक बड़ी चेतावनी के रूप में छोटा कर दिया, जो उचित है।

लेकिन मेक्सिको में स्थिति पूरी तरह से अलग है। 12 करोड़ से अधिक आबादी वाले दक्षिण अमेरिकी देश में 2 जून को राष्ट्रीय चुनाव हुए और 3 जून को नतीजे घोषित किये गये। सत्तारूढ़ वामपंथी गठबंधन मोरेना की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार क्लाउडिया शिनबाम को मुख्य दक्षिणपंथी विपक्षी उम्मीदवार ज़ोचितीगैल्वेज़ के 28.9प्रतिशत के मुकाबले लगभग 58.7प्रतिशत वोट मिले। इसका मतलब है कि वामपंथी गठबंधन की उम्मीदवार को दक्षिणपंथी विपक्षी उम्मीदवार के मुकाबले दोगुने वोट मिले। इसके अलावा, मोरेना ने संसद के चुनावों में भी क्लीन स्वीप किया।

निर्वाचित राष्ट्रपति मेक्सिको के इतिहास में सर्वोच्च पद पर आसीन होने वाली पहली महिला हैं। वह पर्यावरण वैज्ञानिकों के एक अंतर-सरकारी समूह के हिस्से के रूप में नोबेल पुरस्कार की भी भागीदार हैं। उन्हें वर्तमान राष्ट्रपति ओब्रेडोर ने चुना था, जिन्हें आमलो के नाम से जाना जाता है, जिन्होंने 2024 में पदभार संभालने के बाद पिछले छह वर्षों में मैक्सिको की अर्थव्यवस्था को बदल दिया। आमलो ने अपने कार्यकाल के दौरान आम लोगों के जीवन को व्यापक रूप से बेहतर बनाने के लिए परिवर्तन की प्रतिक्रया शुरू की है। मैक्सिकन मतदाताओं ने आम जनता के बीच उनके ठोस काम के लिए मोरेना गठबंधन को पुरस्कृत किया है।

भारत में, चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में हुए और नतीजे 4 जून को आये। 2014 से दस साल तक शासन करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुल 97.2 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से 64.2 करोड़ मतदान करने वाले मतदाताओं ने करारा झटका दिया। 17वीं लोकसभा में लोकसभा में अपनी 303 सीटें रखने वाली भाजपा 543सदस्यीय लोकसभा में 272 के बहुमत स्तर के मुकाबले 240 के अल्पमत में आ गयी। कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाले विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक को करीब 234 सीटें मिली हैं।

भारत में 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद का परिदृश्य पूरी तरह से अलग है, जिसमें भाजपा की हालत खराब है, प्रधानमंत्री कमजोर हैं, और इंडिया ब्लॉक और कांग्रेस फिर से उभरने की दिशा में हैं। 9 जून को शपथ ग्रहण के बाद शुरू होने वाली नरेंद्र मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल आसान नहीं होगा। भारत के सतर्क मतदाताओं ने भाजपा को आड़े हाथों लिया है और इंडिया ब्लॉक को बताया है कि उचित समय पर एनडीए शासन को बदलने में सक्षम होने के लिए गठबंधन को अभी और काम करना होगा।

इस प्रकार तीनों देशों, भारत, दक्षिण अफ्रीका और मैक्सिको में मतदाताओं ने राजनीतिक स्थिति की जमीनी हकीकत और संबंधित सरकारों के प्रदर्शन की अपनी समझ के आधार पर काम किया है। भारत और दक्षिण अफ्रीका में सत्तारूढ़ सरकारों को दंडित किया गया है, लेकिन उन्हें कमतर दर्जा देकर शासन करने की अनुमति दी गयी है। मैक्सिको में वामपंथी मोरेना गठबंधन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए शानदार पुरस्कार दिया गया है। तीनों में,मतदाताओं ने लोकतंत्र के प्रति अपनी गहरी समझ दिखायी है। अच्छा प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया है और जिन्होंने खराब प्रदर्शन उन्हें दंडित किया। यूरोप की तरह, दक्षिणपंथ की ओर कोई झुकाव नहीं है। वास्तव में, भारत और मैक्सिको में दक्षिणपंथ को झटका लगा है। तीन महाद्वीपों में 2024 के चुनाव नागरिकों की लोकतांत्रिक समझ के बारे में बहुत कुछ बताते हैं।

## पोल खुल गई मोदी मैजिक के मिथक की

अब यह स्पष्ट है कि भारत के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के मोदीकृत संस्करण को खारिज कर दिया है। नई लोकसभा में भाजपा बहुमत से काफी पीछे है। भले ही भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए केंद्र में सरकार बना ले लेकिन इस समय जिस नैरेटिव को आगे बढ़ाया जा रहा है उससे इस बात की संभावना बढ़ जाती है कि गठबंधन की राजनीति के पेंचों के सामने मजबूत दिखने वाली भाजपा झुकने के लिए मजबूर हो जाएगी। भाजपा को अपने नए साझीदारों, विशेष रूप से चंद्रबाबू नायडू (तेलुगु देशम पार्टी) और नीतीश कुमार (जनता दल-यूनाइटेड) की बात सुनने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा जिन्होंने नई ताकत हासिल कर ली है। खबरों के मुताबिक ये दोनों पहले से ही प्रमुख विभागों की मांग कर रहे हैं। यह अपने आप में भाजपा पर ब्रेक लगाता है जो अंहकारवश धर्म की अपनी खुद की धुन बजाती है जिसे कई भारतीय नापसंद करने लगे हैं।

इन परिस्थितियों में हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में मोदी के नेतृत्व वाली कमान और नियंत्रण के प्रति आसक्त भाजपा के दिन शायद ढल गए हैं। अब यह एक रास्ते, एक चुनाव, एक व्यक्ति, एक सत्य की पार्टी नहीं हो सकती। भारत के लोगों, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के मतदाताओं ने यह सुनिश्चित किया है कि भाजपा इंद्रधनुष में शामिल सभी रंगों के बारे में कुछ महत्वपूर्ण सबक सीखे जिनके संयोग से सफेद रंग का सृजन होता है।



जगदीश रत्तनानी

> **परिणाम बताते हैं कि धन बल बहुमत पाने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सरकारी मशीनरी व मीडिया पर मोदी सरकार का पूरा नियंत्रण था। भाजपा ने बाद में घोषित अवैध चुनावी बॉन्ड और अन्य स्रोतों से बेशुमार धन उगाहा। इन सबके बावजूद भाजपा असफल रही। यहां वीपी सिंह की याद आती है जिन्होंने एक बार कहा था- `भारत में आप पैसों के अभाव में चुनाव हार सकते हैं लेकिन आप सिर्फ इसलिए नहीं जीत सकते कि आपके पास पैसा है।'**

कम से कम 2024 के चुनाव कई अन्य ट्विस्ट और टर्न की संभावनाओं के साथ खबरों में हैं जिनमें भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनने के बावजूद मोदी की शीर्ष पर बने रहने की संभावना जैसे महत्वपूर्ण प्रश्न शामिल हैं। अब तक किसी भी चुनौती को उठाने या अपने नेतृत्व के किसी भी सवाल को पूछने के लिए अभ्यस्त न होने की वजह से खोखली हुई पार्टी चुनाव परिणामों से मिले झटकों से उबरने में कुछ समय लेगी। संभवत: वह पार्टी नेतृत्व के खिलाफ आंतरिक विद्रोह करने के संकेतों के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर देखेगी। यह एक ऐसी घटना हो सकती है जिसकी कुछ समय पहले तक कोई संभावना नहीं दिखती थी।

इसके अलावा, भाजपा के साथ चुनावी गठबंधन करने वाली कुछ पार्टियों की ओर से संकेत मिले हैं कि वे अपनी मूल पार्टियों की ओर लौट सकते हैं। उदाहरण के तौर पर, महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी। मूल पार्टी से अलग हुए गुटों के वापस अपनी पार्टी में लौटने के कारण एनडीए के सिकुड़ने की संभावना बढ़ जाती है। कुछ अपुष्ट रिपोर्टों के अनुसार भाजपा के साथ गठबंधन करने वाले शिवसेना (शिंदे) के नवनिर्वाचित सांसद और विधायक उद्धव ठाकरे की शिवसेना के संपर्क में हैं। शिवसेना(उद्धव गुट) भाजपा के खिलाफ और आईएनडीआईए गठबंधन के साथ है।

इस बात की भी संभावना है कि चुनावी परिणामों से डरे हुए नरेंद्र मोदी अधिक नियंत्रण हासिल करने और विपक्ष को कोसने के साथ-साथ प्रतिशोध की राजनीति को दोगुना करने की कोशिश करेंगे। पिछले कई वर्षों से यह पार्टी की पहचान रही है और मोदी इस काम में सबसे अधिक निपुण हैं। विपक्ष को खत्म करने की यह प्रवृत्ति चुनाव के बाद के परिदृश्य में नए मोड़ ला सकती है। मंगलवार की शाम को भाजपा मुख्यालय में मोदी के दिये पहले भाषण से संकेत मिलता है कि चुनावी नतीजों ने उनमें कोई विशेष बदलाव नहीं लाया है। इस भाषण में सिर्फ एक बार उन्होंने 'मोदी की गारंटी' शब्द का इस्तेमाल किया। प्रचार अभियान के दौरान उन्होंने बार-बार 'मोदी की गारंटी' शब्द का इस्तेमाल किया था। समय बताएगा कि क्या यह एक झांसा देने वाला बड़बोलापन है या मोदी शैली की आने वाली राजनीति का संकेत है; और क्या यह आरएसएस से बैकरूम समर्थन के बाद आता है या वास्तव में पार्टी में आंतरिक रूप से उनके खिलाफ विरोध को रोकने की एक चाल है? हालांकि मोदी द्वारा कही गई इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि यह एक 'एनडीए सरकार' होगी। यह एक स्व-घोषित कदम है और मोदी में आए एक बदलाव का संकेत भी। जिस बदलाव के अभाव में भाजपा और उसकी राजनीति अब यहां तक सिमट कर रह गई है।

मोदी को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जाना जाएगा जिसने एक पार्टी की कमान संभाली और 'मोदी की गारंटी' कहे जाने वाले चुनावी वादों से लेकर योजनाओं, परियोजनाओं, संस्थानों और यहां तक कि क्रिकेट स्टेडियम तक को एक व्यक्ति की सेवा में लगा दिया। एक ऐसा व्यक्ति जो एक तरफ आत्म-मुग्ध था और दूसरी तरफ राजनीतिक संवादहीनता के कारण उत्पन्न कटुता ने जिसे निम्न स्तर पर धकेल दिया। कभी नेतृत्व की व्यापकता का दावा करने वाली पार्टी पर कब्जा, मोदी का गुणगान करने वालों को तरक्की देना और लाइमलाइट में रहने के लिए सांप्रदायिकता का इस्तेमाल सत्ता के शॉर्टकट के रूप में किया जाता था, यह सब तथाकथित 'मोदी जादू' के मिथक का निर्माण करने वाली कहानी का एक हिस्सा है। चूंकि यह सब मोदी और उनके भरोसेमंद नंबर दो- गृह मंत्री अमित शाह से जुड़ा था इसलिए चुनाव में जो कुछ भी गलत हुआ है उसका दोष इन दोनों के कंधों पर भी होगा, जिन्हें मजाकिया तौर पर भाजपा के 'डेढ़ नेतृत्व' के रूप में जाना जाता है।

इसका भी उल्लेख करना असंगत नहीं होगा कि भाजपा के स्वघोषित लक्ष्यों से पतन का एक बड़ा हिस्सा सीधे तौर पर 'डेढ़ नेतृत्व' के अहंकार से जुड़ा हुआ है। महाराष्ट्र इसका एक उदाहरण है। मोदी ने शरद पवार को 'भटकती आत्मा' कहा क्योंकि पवार के परिवार में दरार पड़ गई थी। उन्होंने बाल ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे को 'नकली वारिस' या फर्जी कहा जिसके कारण भाजपा द्वारा पैदा किए गए राजनीतिक विभाजन में जहर के नए स्तर को भर दिया। फिर भी यदि मोदी-शाह की जोड़ी ने महाराष्ट्र में पिछले विधानसभा चुनावों के बाद ठाकरे को एक और कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री बने रहने दिया होता तो इस सबकी कोई जरूरत नहीं पड़ती।

पद देने से इनकार करके उन्होंने ठाकरे को कांग्रेस-एनसीपी से दोस्ती करने के लिए मजबूर किया और जब ठाकरे ने राज्य में सरकार बनाई तो भाजपा ने शिवसेना नेताओं के पीछे अपनी जांच एजेंसियों को लगा दिया। भाजपा ने अंतत: सरकार बनाने के लिए शिवसेना को विभाजित कर दिया। एक वरिष्ठ राजनीतिक साथी से अपेक्षित है कि वह शालीनता और परस्पर सम्मान के साथ पेश आए लेकिन भाजपा ने अल्पकालिक लाभ, दीर्घकालिक विस्तार तथा जमीनी स्तर के राजनीतिक कार्य की कीमत पर यह हासिल किया।

इसी दृष्टिकोण के साथ अन्य भागीदारों के साथ भी भाजपा इसी तरह खेल रही है जिसके कारण भाजपा नेतृत्व पर भरोसा नहीं किया जाता है। इसे गंदी चालें खेलने वाले खिलाड़ी के रूप में देखा जाता है और भागीदारों का उपयोग केवल उन्हें निगलने के लिए करता है। यह सर्वज्ञात है कि चंद्रबाबू नायडू वास्तव में भाजपा नेतृत्व, विशेष रूप से मोदी के प्रति अच्छी भावना नहीं रखते हैं। यह सच है कि इन चुनावों में भाजपा के साथ उनका गठबंधन था लेकिन भाजपा के साथ अधिकांश गठबंधन राजनीतिक मजबूरियों में और मोदी की जांच एजेंसियों द्वारा उत्पीड़न के खतरे से बचने के लिए किए गये हैं। ओडिशा में राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के स्वास्थ्य को लेकर जबरन शुरू किया गया विवाद भी उतना ही नकारात्मक था और इसने कटुता ही पैदा की। भाजपा ने भले ही ओडिशा जीत लिया हो लेकिन वे यहां जिन तरीकों के सफल होने की उम्मीद कर रहे हैं वे वैसे ही तरीके हैं जिनके कारण उसने कहीं और सत्ता खो दी है और पार्टी का नाम बर्बाद कर दिया है। इन तरीकों को संकीर्ण, शातिर और कड़ुवाहट से भरा हुआ माना जा रहा है।

अंत में, परिणाम बताते हैं कि धन बल बहुमत पाने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सरकारी मशीनरी व मीडिया पर मोदी सरकार का पूरा नियंत्रण था। भाजपा ने बाद में घोषित अवैध चुनावी बॉन्ड और अन्य स्रोतों से बेशुमार धन उगाहा। इन सबके बावजूद भाजपा असफल रही। यहां वीपी सिंह की याद आती है जिन्होंने एक बार कहा था- 'भारत में आप पैसों के अभाव में चुनाव हार सकते हैं लेकिन आप सिर्फ इसलिए नहीं जीत सकते कि आपके पास पैसा है।'

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)*

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## रूस में मेडिकल के चार भारतीय छात्र नदी में डूबे

**मॉस्को,** 7 जून (एजेंसियां)। रूस में मेडिकल के चार भारतीय छात्रों की सेंट पीटर्सबर्ग के निकट एक नदी में डूब से मौत हो गई है। रूस में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को कहा कि वेलिकि नोवगोरोड शहर में नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले भारतीय मेडिकल छात्र-दो लड़के और दो लड़कियां - रूस में सेंट पीटर्सबर्ग के पास एक नदी में डूब गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार,एक छात्रा वोल्खोव नदी में डूबने लगी। चार छात्रों ने उसे बचाने की कोशिश की। इस दौरान छात्रा और उसे बचाने गए चार में से तीन छात्रों की डूबने से मौत हो गई। एक छात्र को बचा लिया गया। दूतावास ने कहा कि शवों को जल्द से जल्द रिश्तेदारों तक पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं।

# देश विदेश

# गाजा में भीषण संघर्ष जारी, 13 फिलिस्तीनियों की मौत

■ **फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 36,654 हुई**

**गाजा/यरूशलेम,** 7 जून (एजेंसियां)। गाजा पट्टी में एक घर और युवाओं के एक समूह पर इजरायली बमबारी में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सूत्रों से ये जानकारी सामने आई है।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि गुरुवार को इजरायली विमानों ने दक्षिणी गाजा में खान यूनिस शहर में एक घर पर मिसाइल से बमबारी की। हवाई हमले में बच्चों और महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। फिर एक ड्रोन ने उत्तरी गाजा में अल-शती शरणार्थी शिविर में युवाओं के एक समूह को निशाना बनाया। यहां ड्रोन हमले में पांच लोगों की मौत हो गई।

इस बीच, इजरायली सेना ने कहा कि दक्षिणी गाजा में एक सुरंग शाफ्ट से निकले फिलिस्तीनी



**हमने इजरायल की सरकार को स्पष्ट कर दिया है कि वो नागरिकों को होने वाले नुकसान को कम करें : मैथ्यू मिलर**

आतंकवादियों का इजरायली सैनिकों से सामना हुआ, जिसमें एक सैनिक की मौत हो गई। उसकी पहचान 34 वर्षीय ज़ीद मज़ारिब के रूप में हुई है। इससे पहले हमास की अल-क़सम ब्रिगेड ने कहा कि उसने रफा के पास इजरायली बलों द्वारा बनाए गए सुरंग के प्रवेश द्वार को उड़ा दिया, जिसके अंदर पांच इजरायली सैनिक मारे गए। इजरायली हमलों में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 36,654 हो गई है, जबकि 83,309 लोग घायल हुए हैं। इससे एक दिन पहले बुधवार को गाजा में संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित स्कूल में इजरायली सेना के हवाई हमलों में कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें 14 बच्चे शामिल थे। वाशिंगटन ने इस पर कहा कि इजरायल 'रेड लाइन' क्रॉस कर रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान दोहराया कि गाजा में इजरायल का सैन्य अभियान 'रेड लाइन' क्रॉस कर रहा है।

## तुर्की ने इजरायल को हथियारों की आपूर्ति न करने का किया आह्वान



**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने इजरायल को गोला-बारूद और हथियार मुहैया कराने वाले देशों से 'इस अपराध में भागीदार बनना' बंद करने का आह्वान किया है। श्री एर्दोगन ने अंकारा में उज़्बेक राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। सभी कानूनी प्रक्रियाओं सहित हमारी पहल जारी है। इजरायल को गोला-बारूद और हथियार मुहैया कराने वाले देशों को इस अपराध में भागीदार बनना बंद करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और साथ ही सीमा का उल्लंघन किया तथा सैन्य ठिकानों दोनों पर हमला किया। हमले के दौरान इजरायल में लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य को बंदी बना लिया गया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया। हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में अब तक 36,200 से अधिक लोग मारे गए हैं।

## शरणार्थी शिविर के मेयर की हमले में मौत

**गाजा।** मध्य गाजा के नुसेरात शरणार्थी शिविर के फिलिस्तीनी मेयर इयाद अल-मुगारी की इजरायली हवाई हमले में मौत हो गई है। फिलिस्तीनी चिकित्सा और सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि गुरुवार को शिविर में एक इमारत को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में मेयर और उनके परिवार के कई सदस्यों की मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि अल-मुगरी के शव को मध्य गाजा के डेर अल-बलाह शहर के अल-अक्सा अस्पताल में भेज दिया गया। हमास आंदोलन के कार्यकर्ताओं में से एक अल-मुगरी को सर्वसम्मति से मेयर नियुक्त किया गया था। इससे एक दिन पहले, नियर ईस्ट में फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी से संबद्ध एक स्कूल पर इजरायली हमले में लगभग 35 फिलिस्तीनी मारे गये थे। उस स्कूल में नुसेरात शिविर के विस्थापित लोगों ने शरण ली हुई थी। इजरायल ने दावा किया है कि हमास और इस्लामिक जिहाद के आतंकवादी स्कूल के अंदर घुस गए थे। हमले में यह ध्यान रखा गया कि आम लोगों को कम से कम नुकसान हो। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को गाजा पट्टी से सटे इजरायली शहरों पर अभूतपूर्व हमला किया था।

## सुडोकू 6579

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | 1 | | 2 | |
| | 5 | | 3 | 9 | | 1 | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| 5 | | | 2 | 4 | | | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |
| | | | | 7 | 6 | | | 5 |
| | | 9 | | | | | | 4 |
| | | 1 | | 8 | 4 | | 3 | |
| | 8 | | 7 | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ **बेजान दारूवाला**

ग्रह स्थिति : शनिवार 8 जून, 2024 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 1

### राशिफल

मेष - आज आप नए काम आसानी से शुरू कर सकेंगे, परंतु आपके विचारों में स्पष्टता न होने से उलझन बढ़ने की आशंका है। व्यापार में प्रतियोगी को पछाड़ना मुश्किल होगा। अच्छी और लाभदायक यात्रा की संभावना है।

वृषभ - उलझनपूर्ण मानसिकता के कारण महत्वपूर्ण अवसर खो सकते हैं। नए काम शुरू करने के लिए अनुकूल दिन नहीं है। जिद्दी स्वभाव के कारण किसी के साथ मतभेद हो सकता है।

मिथुन - आज आप उत्साहित और ताजगी का अनुभव कर सकेंगे। अच्छे कपड़े और आभूषण खरीदने का योग बन रहा है। स्वादिष्ट भोजन करेंगे और सगे- सम्बंधियों के साथ आपका दिन खुशी में व्यतीत होगा।

कर्क - आपको शारीरिक और मानसिक भय का अनुभव होगा। मन में उलझन के कारण निर्णय लेना बहुत कठिन हो जाएगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होने से उदासी बढ़ेगी। माता के स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता हो सकती है।

सिंह - आज आपको लाभ होने की संभावना है, परंतु आपका मनोबल स्पष्ट न हो, तो मिला हुआ अवसर भी खो सकते हैं। मित्रों से मिलकर लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आप अपने बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे।

कन्या - नए काम शुरू करने के लिए आपने जो योजनाएं बनाई है, उसे आसानी से पूरी कर सकेंगे। पिता के साथ निकटता बढ़ेगी। मान- सम्मान बढ़ेगा। सरकारी कामकाज में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुला - साहित्य में रुचि रखनेवाले बौद्धिक लोगों से मिलकर ज्ञान की चर्चा में समय व्यतीत होगा। नए काम की शुरुआत आप कर पाएंगे। किसी लंबे सफर पर या किसी धार्मिक यात्रा पर जाना हो सकता है।

वृश्चिक - आज सावधानीपूर्वक आगे बढ़े और महत्वपूर्ण काम आज हाथ में न लें, तो अच्छा होगा। उग्र स्वभाव और खराब व्यवहार के कारण आप तकलीफ में आ सकते हैं। आपको समय से भोजन नहीं मिलने की आशंका बनी रहेगी।

धनु - आज का दिन तर्क-वितर्क के लिए अच्छा है। आप किसी भी बात का अनालिसिस अच्छे से कर सकेंगे। प्रवास, मनोरंजन, मित्रों के साथ मुलाकात, स्वादिष्ट भोजन और सुखद चीजों की खरीदारी आपको अधिक आनंदित करेगी।

मकर - व्यापार-धंधे में वृद्धि होगी। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायक होगा। आर्थिक कामकाज अच्छी तरह पूरा कर सकेंगे। परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी।

कुंभ - आज आपको अपने स्वास्थ्य तथा संतान की चिंता परेशान करेगी। तेजी से विचार बदलने से आपकी मानसिक स्थिति कमजोर रहेगी। किसी भी काम की नई शुरुआत के लिए दिन अच्छा नहीं है। यात्रा आज स्थगित ही रखें।

मीन - आपके तन-मन में बेचैनी अनुभव होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या विवाद हो सकता है। मां की तबीयत खराब होने की आशंका बनी रहेगी। किसी काम के पूरा ना होने से आपका उत्साह ठंडा पड़ जाएगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अदालत का फैसला बेटे के खिलाफ आया तो नहीं देंगे माफी : बाइडेन

**वाशिंगटन,** 7 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि अनधिकृत बंदूक रखने के आपराधिक मुकदमे में दोषी ठहराए जाने की स्थिति में वह अपने बेटे हंटर को माफी नहीं देंगे।



अमेरिकी राष्ट्रपति से एक टीवी साक्षात्कार में पूछा गया था कि क्या वह डेलावेयर प्रांत में अपने बेटे पर चल रहे मुकदमे के फैसले को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने सीधे-सीधे कहा, 'हां।' एबीसी न्यूज द्वारा साक्षात्कार से पहले जारी बयान में कहा गया है कि न्यूज एंकर डेविड मुइर ने जब पूछा कि क्या बाइडेन 'क्षमा' की संभावना से भी इनकार करते हैं तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने सकारात्मक जवाब दिया। हंटर बाइडेन पर आरोप है कि अक्टूबर 2018 में हथियार खरीदते समय उन्होंने गलत बयानी की थी और उस समय नशीली दवाओं की अपनी लत छिपाई थी। दोषी होने पर उसे 25 साल तक की जेल हो सकती है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि मामले की सुनवाई कर रहे जज कितनी सजा देंगे, क्योंकि हंटर बाइडेन का कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

## यूक्रेन को मिराज लड़ाकू विमान देगा फ्रांस

**पेरिस,** 7 जून (एजेंसियां)। फ्रांस यूक्रेन को मिराज लड़ाकू विमानों की आपूर्ति करेगा और उसके सैनिकों को प्रशिक्षित करेगा। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने फ्रांसीसी मीडिया के साथ एक साक्षात्कार में यह बात कही।

मैक्रों ने गुरुवार शाम को कहा कि हम एक नए सहयोग की शुरुआत करेंगे और मिराज 2000-5एस भेजेंगे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि फ्रांसीसी नेता ने 4,500 सैनिकों की एक पूरी यूक्रेनी बटालियन को प्रशिक्षित करने का भी वादा किया, जिसे युद्ध के मैदान में तैनात किया जाना है। उन्होंने कहा कि फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों की डिलीवरी से 'तनाव नहीं बढ़ेगा' और वादा किया कि 'इनका इस्तेमाल नागरिकों पर बमबारी करने के लिए नहीं किया जाएगा'। इसके अतिरिक्त, मैक्रों ने यूक्रेन में सैन्य प्रशिक्षकों को भेजने की संभावना से भी इनकार नहीं किया। मिराज 2000 एक फ्रांसीसी बहु-उद्देशीय, एक इंजन वाला चौथी पीढ़ी का लड़ाकू विमान है, जिसे दासो एविएशन द्वारा बनाया गया है। फरवरी के अंत में पेरिस में एक बैठक के दौरान, मैक्रों ने सुझाव दिया था कि यूरोपीय देशों को यूक्रेन में सैनिकों को भेजना चाहिए। लेकिन जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन और इटली सहित कई अन्य यूरोपीय देश उनकी राय से सहमति नहीं हुए। फरवरी में मैक्रों की टिप्पणियों के बाद, रूस ने चेतावनी दी कि यदि नाटो यूक्रेन में सैनिकों को भेजता है तो संगठन और रूस के बीच सीधा संघर्ष शुरू हो सकता है। इससे पहले गुरुवार को, मैक्रों ने डी-डे लैंडिंग की 80 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर उत्तरी फ्रांस में नॉर्मंडी के ओमाहा बीच पर एक समारोह की अध्यक्षता की। फ्रांसीसी मीडिया बीएफएमटीवी के एक लाइव प्रसारण के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की सहित लगभग 20 राष्ट्राध्यक्षों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। समारोह के लिए फ्रांस जाते समय अमेरिकी एनएसए जैक सुलिवन ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा था कि अमेरिका यूक्रेन में सैन्य सलाहकारों को नहीं भेजने की अपनी नीति पर कायम रहेगा।



■ **मैक्रों ने यूक्रेन में सैन्य प्रशिक्षकों को भेजने की संभावना से भी इनकार नहीं किया**

## वर्ग पहेली 6579



**बायें से दायें:-**

१. प्रवेश, साथ रहना, मिलना, एकत्र होना, शामिल होना
३. युद्ध संबंधी
५. अधिकतर
६. जो बुरी तरह टूट-फूट गया हो
७. पृथ्वी के नीचे का एक लोक
९. तारने या उद्धार करने वाला विष्णु, शिव
१०. अफवाह, जनश्रुति
१२. जो आसानी से मिल जाए, आसान
१३. देर, देरी
१४. उचित, उपयुक्त (उर्दू)
१६. समाधान, एक कृषि उपकरण
१८. जंगलों में पैदा होने वाला
२०. मजेदार
२१. चिढ़, घृणा (उर्दू)
२३. अपने जीवन में बीती घटनाओं का विस्तृत वृतांत

**ऊपर से नीचे:-**

१. साथ चलने वाला, साथी
२. जिसमें दर्द या पीड़ा की अनुभूति न हो
३. मामूली, जो विशेष न हो
४. उत्कोच
५. दूसरों के साथ किया जाने वाला व्यवहार
८. करीब-करीब
१०. सूचित करना, बताना
११. प्रेम का प्रतिद्वंद्वी (उर्दू)
१२. भोर, प्रभात
१३. वायुयान
१४. शुभ, भला, पवित्र (उर्दू)
१५. रेल का सिंग्नल
१७. सेना, फौज (उर्दू)
१८. वृद्धिकारक
१९. जन्म देने वाली
२२. सिंहासन (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6578

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दु | स्सा | २ ह | स | ■ | ■ | ३ वै | धा | ४ नि | क |
| र्व | ■ | म | ■ | ५ अ | व | ज्ञ | ■ | र्झ | ■ |
| ६ च | टु | ला | ल | स | ■ | ७ नि | हा | र | ८ ना |
| न | ■ | व | ■ | ९ गं | ध | क | ■ | ■ | ना |
| ■ | १० न | र | ११ मे | ध | ■ | ■ | १२ उ | त्त | म |
| ■ | ना | ■ | म | ■ | १३ इ | त्या | दि | ■ | ह |
| १४ प | सा | १५ र | ना | ■ | जा | ■ | १६ त | १७ क | ■ |
| रा | ■ | क्त | ■ | १८ बा | रा | १९ त | ■ | लं | ■ |
| २० म | ना | ही | ■ | ज | ■ | २१ रू | चि | क | २२ र |
| र्श | ■ | २३ न | ट | रा | ज | ■ | ■ | ■ | व |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

## अमेरिकी कांग्रेस को संबोधन में गाजा युद्ध का बचाव करेंगे नेतन्याहू

**वाशिंगटन,** 7 जून (एजेंसियां)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू 24 जुलाई को एक संयुक्त बैठक में अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों को संबोधित करेंगे। नेतन्याहू भाषण में गाजा में अपने युद्ध के बारे में विस्तार से बताएंगे।



बाइडेन गाजा में एक स्थायी युद्ध विराम समझौते को अंतिम रूप देने के लिए उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं और उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी संघर्ष पर और अधिक विभाजित हो रही है। भाषण की तारीख घोषित होने से पहले ही कई वामपंथी डेमोक्रेट्स ने हमास के साथ युद्ध में नेतन्याहू के व्यवहार को लेकर उनका बहिष्कार करने की बात कही है। नेतन्याहू को यह निमंत्रण पिछले हफ्ते अमेरिकी कांग्रेस में दोनों दलों के नेताओं ने दिया था, जिनमें सीनेट में बहुमत के नेता डेमोक्रेट चक शूमर भी शामिल थे। वह नेतन्याहू के कड़े आलोचक रहे हैं। चक शूमर ने हाल ही में इजरायल में नए चुनाव कराने का आह्वान किया था।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के आयोजन की तैयारियां शुरू

**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू और आयुष मंत्रालय सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की।

केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने यहां बताया कि आगामी 21 जून को मनाएं जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाइयां योग अभ्यास के लाभों के बारे में जागरूकता के साथ-साथ कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न प्रकार की कार्यक्रम गतिविधियों का आयोजन करने की तैयारी कर रही हैं। प्रेस सूचना ब्यूरो, प्रसार भारती, न्यू मीडिया विंग और अन्य विभिन्न मीडिया इकाइयों ने प्रमुख गतिविधियों की योजना बनाई है।



■ **आयुष मंत्रालय ने तैयार किया एक 'योग गीत'**

लोक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती दूरदर्शन और आकाशवाणी नेटवर्क से विभिन्न कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा। दूरदर्शन विशेष लाइव मॉर्निंग शो के साथ-साथ योग विशेषज्ञों के साथ कार्यक्रम और साक्षात्कार प्रसारित करेगा। आयुष मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन 'मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान' के सहयोग से योग को जीवन शैली के रूप में बढ़ावा देने और लोगों के समग्र स्वास्थ्य के लिए कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

## आज का इतिहास

1557 – इंग्लैंड ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1658– औरंगजेब ने आगरा के क़िले पर क़ब्ज़ा किया और शाहजहां को कैद कर लिया गया।
1736 – लियोनार्ड यूलर ने जेम्स स्टर्लिंग को यूलर-मैक्लॉरिन फॉर्मूला का वर्णन करने के लिए लिखा था, जो कि एकीकृत और रकम के बीच संबंध प्रदान करता है।
1783 – दक्षिणी आइसलैंड में लकी ज्वालामुखी में आठ महीने का विस्फोट शुरू हुआ।
1824 – नोह कुशिंग ने वाशिंग मशीन का पेंटेट कराया।
1835 – ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न का शहर जॉन बॅटमैन और जॉन पास्कोको फोकनर द्वारा स्थापित किया गया।
1909 – भूकंप और सुनामी ने इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर स्थित कोरिनची शहर को नष्ट कर दिया, जिसकी वजह से 230 लोग मारे गए।
1912 – कार्ल लामेमल ने यूनिवर्सल पिक्चर्स को शामिल किया था।
1929 – मार्गरेट बॉन्डफील्ड को श्रम मंत्री नियुक्त किया गया है। वह यूनाइटेड किंगडम की कैबिनेट में पहली महिला नियुक्त की गई थी।
1935 – सैम पार्क्स, जूनियर ने यू.एस। ओपन गोल्फ टूर्नामेंट जीता।
1936– भारत की सरकारी रेडियो सेवा इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्टिंग सर्विस का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो कर दिया गया।
1937 – जर्मन डाक मंत्रालय ने आदेश दिया कि सभी गैर-आर्यों को रिटायर करना चाहिए।
1940 – 93वें तत्व नेपप्टुनियम की खोज की घोषणा की गई।
1941 – द्वितीय विश्व युद्ध- मित्र राष्ट्रों ने लेविंट में विची फ्रांस की संपत्ति के खिलाफ सीरिया-लेबनान अभियान शुरू किया था।

**चिंताजनक** *वैश्विक रिपोर्ट बाल खाद्य गरीबी, प्रारंभिक बचपन में पोषण की कमी रिपोर्ट जारी*

## फिलीपींस में 20 लाख बच्चे भुखमरी की गिरफ्त में : यूनीसेफ

**मनीला, 7 जून (एजेंसियां) फिलीपींस में लगभग 20 लाख बच्चे भुखमरी की गिरफ्त में हैं। यह जानकारी यूनीसेफ की जारी नई रिपोर्ट में दी गई। वैश्विक रिपोर्ट बाल खाद्य गरीबी : प्रारंभिक बचपन में पोषण की कमी में कहा गया है कि दुनिया भर में पांच साल से कम उम्र के लगभग एक करोड़ 81 लाख बच्चे या चार में से एक गंभीर भोजन की कमी का सामना कर रहे हैं, जिससे उनमें 50 प्रतिशत तक कुपोषण का जीवन-घातक रूप तक बर्बादी का अनुभव होने की संभावना है।रिपोर्ट में कहा गया है कि फिलीपींस में लगभग 18 प्रतिशत या 20 लाख बच्चे गंभीर रूप से भोजन की कमी से जूझ रहे हैं।**

इस स्थिति में पांच में से चार बच्चों को केवल मां का दूध और चावल, मक्का या गेहूं जैसे स्टार्चयुक्त भोजन दिया जाता है। इनमें से 10 प्रतिशत से भी कम बच्चों को फल और सब्जियां खिलाई जाती हैं और 5 प्रतिशत से भी कम को अंडे, मछली, मुर्गी या मांस जैसे पोषक तत्व-सघन खाद्य पदार्थ खिलाए जाते हैं।

रिपोर्ट से यह भी पता चला कि फिलीपींस अभी भी उन देशों में से एक है जहां गंभीर बाल खाद्य गरीबी में रहने वाले बच्चों की कुल संख्या का 65 प्रतिशत हिस्सा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि फिलीपींस में अस्वास्थ्यकर उत्पादों की खपत असाधारण रूप से अधिक थी जहां पांच में से एक से अधिक बच्चे अस्वास्थ्यकर भोजन और मीठे पेय पदार्थों का सेवन करते थे, इसके बावजूद ये बच्चे प्रतिदिन दो या उससे कम खाद्य समूहों का सेवन करते है।




**दुनिया भर में पांच साल से कम उम्र के लगभग एक करोड़ 81 लाख बच्चे भोजन की कमी का सामना कर रहे : यूनीसेफ**

ओयुनसाईखान डेंडेवनोरोव ने चेतावनी देते हुए कहा कि गंभीर खाद्य गरीबी में रहने वाले बच्चे कगार पर रहने वाले बच्चे हैं। इससे उनके अस्तित्व, विकास और मस्तिष्क के विकास पर अपरिवर्तनीय नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सब्जी का सूप पीने से कुपोषण के गंभीर रूप का अनुभव होने की संभावना 50 प्रतिशत तक अधिक होती है। रिपोर्ट के अनुसार गंभीर बाल खाद्य गरीबी के सभी मामलों में से लगभग आधे या 46 प्रतिशत गरीब परिवारों में से हैं जहां आय गरीबी एक महत्वपूर्ण चालक होने की संभावना है। इसकी तुलना में 54 प्रतिशत या 970 लाख बच्चे अपेक्षाकृत अमीर घरों में रहते हैं जिनके बीच खराब भोजन वातावरण और भोजन पद्धतियां बचपन में खाद्य गरीबी के मुख्य चालक हैं। इस संकट को बढ़ाने वाले कारकों में खाद्य प्रणालियां शामिल हैं जो बच्चों को पौष्टिक, सुरक्षित और सुलभ विकल्प प्रदान करने में विफल रहती हैं, परिवारों की स्वस्थ भोजन खरीदने में असमर्थता और माता-पिता की बच्चों के लिए सकारात्मक आहार प्रथाओं को अपनाने और बनाए रखने में विफलता है।

## दुनिया को जानें

## संयुक्त राष्ट्र महासभा ने चुने सुरक्षा परिषद के पांच नए सदस्य

**न्यूयॉर्क,** 7 जून (एजेंसियां)। डेनमार्क, ग्रीस, पाकिस्तान, पनामा और सोमालिया वर्ष 2025 में दो साल के लिए अस्थायी सदस्य के रूप में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में शामिल होंगे।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में इन नए सदस्यों का चयन किया गया। ये इक्वाडोर, जापान, माल्टा, मोजाम्बिक और स्विट्जरलैंड की जगह लेंगे। अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र की एक मात्र एजेंसी है जिसके पास बाध्यकारी प्रस्ताव पारित करने का अधिकार है। अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य हैं जिनके पास किसी भी प्रस्ताव को वीटो करने का अधिकार है। इनके अलावा अन्य 10 अस्थायी सदस्य भी होते हैं, जिन्हें आम सभा द्वारा दो-दो साल के लिए चुना जाता है। संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने कैमरून के प्रधानमंत्री फिलमोंग यांग को एक साल के लिए नया अध्यक्ष चुना है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने कहा कि यांग एक गौरवान्वित अफ्रीकी हैं जो अपने महादेश के भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके पास काफी अनुभव है।

# प्रादेशिकी

## मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर भट्ट ने दी बधाई

**देहरादून।** पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पीएम मोदी को प्रदेश वासियों की ओर से बधाई और शुभ कामनाएं दी है। भट्ट् ने कहा कि पीएम मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का देशवासियों का बेहतर निर्णय रहा और निश्चित रूप से उनका निर्णय पूर्ण की भांति फलीभूत होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 10 वर्ष के कार्यकाल मे भारत की छवि को विश्व पटल मजबूती से हर क्षेत्र मे उभारा और अमिट छाप छोड़ी। वहीं जन कल्याण की योजनाओं को अंत्योदय तक पहुंचाया। इस अवधि मे राष्ट्र हित मे अनेक निर्णय लिए गए और युवा, बुजुर्ग तथा महिलाओं के हक मे कई योजनाएं संचालित की गयी। उन्होंने कहा कि एक मजबूत आर्थिक शक्ति के उदय का मार्ग तीसरे कार्यकाल मे प्रसस्त होगा तो वहीं उत्तराखंड भी देश के श्रेष्ठ राज्यों मे सुमार होगा। पीएम मोदी के राज्य के प्रति विशेष लगाव के चलते उतराखंड को इसका लाभ मिलेगा।

# मलिन बस्तियों के चिन्हीकरण के बाद सूचीबद्ध रिपोर्ट एक सप्ताह में शासन को भेजें : सीएस



**देहरादून, 7 जून ( देशबन्धु )।** मुख्य सचिव राधा रतूडी ने जिलाधिकारियों को नगर निकायों में अवस्थित मलिन बस्तियों के चिन्हीकरण के बाद सूचीबद्ध रिपोर्ट एक सप्ताह में शासन को भेजने के निर्देश दिये।

**■ सीएस ने मलिन बस्तियों के लिए प्राधिकरण के माध्यम से कॉर्पस फण्ड के निर्माण के भी निर्देश दिए**

आज यहां मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को नगर निकायों में अवस्थित मलिन बस्तियों के चिन्हीकरण के बाद सूचीबद्ध रिपोर्ट एक सप्ताह में शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि उनके विकास, पुनरूद्धार व पुनर्वासन की कार्ययोजना पर जल्द से जल्द कार्य आरम्भ किया जा सके। सीएस राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को राज्य में मलिन बस्तियों के सुधार, विनियमितीकरण, पुनरूद्धार, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यस्थापन के लिए अत्यन्त संवेदनशीलता एवं मानवीयता के साथ प्रभावी कार्ययोजना पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस सम्बन्ध में शहरी विकास विभाग तथा आवास विभाग की एक बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने शहरी विकास विभाग को सफाई कर्मियों के लिए पर्याप्त आवास एवं बीमा की व्यवस्था के लिए कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए हैं। सीएस ने मलिन बस्तियों के लिए प्राधिकरण के माध्यम से कॉर्पस फण्ड के निर्माण के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि शासन की अधिसूचना विभिन्न श्रेणियों के तहत जनपद बागेश्वर में श्रेणी एक की 4 मलिन बस्तियां तथा श्रेणी दो की 2 मलिन बस्तियां, हरिद्वार में श्रेणी एक की 57 मलिन बस्तियां, श्रेणी दो की 2, श्रेणी तीन की 24, नैनीताल में श्रेणी एक की 37, श्रेणी दो की 1, श्रेणी तीन की 23, अल्मोड़ा में श्रेणी एक की 4, देहरादून में कुल 128 मलिन बस्तियों चिहिन्त की गई हैं। बैठक में प्रमुख सचिव रमेश कुमार सुधांशु सहित अन्य अधिकारी तथा वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## बॉडीगार्ड बस्ती में अवैध निर्माण पर चला बुल्डोजर

**देहरादून।** रिस्पना किनारे वर्ष 2016 के बाद हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्यवाही आज फिर शुरू की गयी है। लगभग दो सप्ताह के ब्रेक के बाद दस्तावेजो की जांच कर प्रशासन की टीमों द्वारा अवैध निमार्णो को ध्वस्त कर दिया गया है। हालांकि इस दौरान छिटपुट विरोध भी हुआ लेकिन प्रशासन के सख्त रवैये के आगे अवैध निर्माण ध्वस्त होता चला गया। बता दें कि एनजीटी के निर्देश पर रिस्पना किनारे वर्ष 2016 के बाद किये गये निर्माण के सर्वे में कुल 524 अतिक्रमण पाये गये थे। इनमें से 89 अतिक्रमण नगर निगम की भूमि पर, 12 नगर पालिका मसूरी व 11 राजस्व भूमि पर पाये गये। वहीं दूसरी ओर नगर निगम के नियंत्रण में रिवर प्रफंट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए जिस भूमि को एमडीडीए के नियंत्रण में दिया गया था उस पर 414 अतिक्रमण होने की बात सामने आयी। बता दें कि करीब एक माह पूर्व नगर निगम ने आपत्तियों की सुनवाई के बाद 74 अतिक्रमण की अंतिम सूची तैयार की गयी थी। जिसमें चूना भट्टा से लेकर बलबीर रोड बस्ती तक 46 निर्माण ध्वस्त किये गये थे। जबकि दीपनगर में आठ मकानों का ध्वस्तिकरण किया गया था। मसूरी विधानसभा क्षेत्र की बाडीगार्ड बस्ती में चिन्हित 20 अवैध निर्माण पर कार्यवाही की जानी थी। लेकिन उससे पहले ही राजनीतिक दबाव के चलते नगर निगम को अपने कदम रोकने पड़े। जिसके बाद दोबारा दस्तावेजों की जांच हुई और 20 में से 10 निर्माण ही कार्यवाही की जद में आ सके। जिसके बाद आज नगर निगम व पुलिस प्रशासन की टीमों द्वारा आज सुबह ही बाडीगार्ड बस्ती में पहुंच कर अवैध निर्माण पर ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की गयी है।



# मिलावट खोरों पर जल्द शिकंजा कसेगा विभाग

## उत्तराखंड में तेजी से फैल रहा मिलावटी खाद्य पदार्थों का चलन




**देहरादून, 7 जून (देशबन्धु)।** देश दुनिया में जिस तरह से जनसंख्या में वृद्धि हो रही है उसी क्रम में खाद्य पदार्थो की खपत भी तेजी से बढ़ती जा रही है। जिसके चलते मिलावटखोर खाद्य पदार्थो की आपूर्ति के लिए बड़े पैमाने पर मिलावट करते हैं। मौजूदा समय में दूध से जुड़े उत्पादों में अधिकतर मिलावटी के मामले सामने आते रहे हैं। खासकर त्योहारी सीजन के दौरान मिलावट का मामला काफी अधिक बढ़ जाता है। जिसके सेवन से लोगों को स्वास्थ्य पर सीधे असर पड़ता है। ऐसे में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से समय समय पर अभियान चलता कार्यवाही की जाती है, बावजूद इसके मिलावटखोरी का मामला थामने का नाम नहीं ले रहे हैं।

एफडीए राज्य के उपभोक्ताओं को सुरक्षित आहार स्वास्थ्य का आधार और ईट राईट इण्डिया अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए वृहद स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने जा रहा है। एफडीए से मिली जानकारी के अनुसार, जनवरी 2024 से मई 2024 तक सर्विलांस के जरिए 1763 खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए, जिसमें से 1040 सैंपल के रिपोर्ट विभाग को प्राप्त हुए है। जिन खाद्य पदार्थो के सैंपल की जांच रिपोर्ट मिली है उसमें से 60 सैंपल मानकों पर फेल साबित हुए हैं। जिसमें फल, मसालों, तेल, दुग्ध और दुग्ध प्रोडक्ट शामिल हैं। अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया मिलावट संबंधी अपराध की जानकारी देने और अपराधी को पकड़वाने में मदद करने के लिए जल्द ही एफडीए, राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम के नियमों के तहत विधि व निधि निर्धारित करने पर जोर दे रहा है। ऐसे में खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन की ओर से जल्द ही सर्विलांस की कार्यवाही शुरू कराने जा रहा है। जिसमें फल, मसाले, दूध और खाद्य तेल शामिल हैं। सर्विलांस की कार्यवाही के तहत प्रदेश में स्थिति खाद्य निर्माण इकाईयों का रिस्क बेस निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही दुग्ध उत्पदों, खाद्य तेल, मसाले बनाने वाली निर्माण कंपनियों का समय समय पर निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्यवाही की जायेगी। अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया प्रदेश में खाद्य उपभोक्ताओं को मिलावट के प्रति जागरूक किए जाने के लिए प्रशिक्षण और त्वरित जांच के लिए 3 मोबाइल खाद्य जांच के जरिए सैंपल की जांच की जा रही है। मिलावट खाद्य पदार्थों की शिकायत भी खाद्य उपभोक्ता कर सकता है इसके लिए टोल फ्री नम्बर 180018004246 चल रहा है। इसके अलावा, खाद्य कारोबारियों को खाद्य नियमों की जानकारी, स्वच्छता मानकों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में अभी तक करीब दो हजार स्ट्रीट वेन्डरों को राज्य के कई जिलों में प्रशिक्षित किया जा चुका है। उत्तराखंड राज्य में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की कमी होने के चलते बृहद स्तर पर अभियान चलाने में एफडीए को काफी दिक्कताओं का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, ताजबर सिंह जग्गी ने बताया खाद्य विभाग की ओर से राज्य में खाद्य मिलावट पर लगाम लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की कमी को जल्दी दूर कर लिया जाएगा।

**■ सर्विलांस की कार्रवाई के तहत प्रदेश में स्थिति खाद्य निर्माण इकाईयों का रिस्क बेस निरीक्षण किया जाएगा**

**सार संक्षेप**

## पौड़ी में पेयजल संकट पर डीएम सख्त

**पौड़ी।** उत्तराखंड के पौड़ी जिले में पेयजल संकट को लेकर जिलाधिकारी आशिष चौहान एक्शन में आ गए है। हाल ही में जिलो के श्रीनगर, पौड़ी और ख़िरसु में पानी की भारी किल्लत देखने को मिली थी, जिसको लेकर जिलाधिकारी आशिष चौहान ने जल संस्थान के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। इतना ही नहीं जिलाधिकारी चौहान ने अधिशासी अभियंता के वेतन पर रोकते हुए अधीक्षण अभियंता का स्पष्टीकरण तलब किया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी चौहान ने जिला मुख्यालय में जल्द ही पेयजल आपूर्ति सुचारु किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। दरअसल, शुक्रवार को जिलाधिकारी चौहान ने जिला योजना की बैठक ली थी। इस दौरान उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को डीपीसी के सदस्यों से समन्वय स्थापित करते हुए जनहित की योजनाओं के प्रस्ताव को योजना में शामिल किए जाने के निर्देश दिए।

## आचार संहिता खत्म, अटकी योजनाएं अब पकड़ेंगी रफ्तार

**देहरादून।** चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव आचार संहिता करीब 83 दिन बाद खत्म हो गई। इसके साथ ही अब अटकी हुई परियोजनाओं में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हर विभाग की समीक्षा करेंगे और कार्ययोजना के 10 बिंदु लेंगे।नई भर्तियां शुरू होंगी। उत्तराखंड के मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया, राज्य में 16 मार्च को चुनाव आचार संहिता लागू हुई थी जो छह जून को समाप्त हो गई। उधर, एकल सदस्यीय समर्पित आयोग की रिपोर्ट के हिसाब से निकायों में 30 प्रतिशत तक ओबीसी आरक्षण लागू किया जाना है। इसके लिए निकायों के एक्ट में बदलाव करना होगा, जो आचार संहिता की वजह से लटका हुआ था। अब सरकार ओबीसी आरक्षण लागू करने के लिए एक्ट में संशोधन करेगी, जिसके बाद निकाय चुनाव की राह आसान होगी।

## अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव के लिए 12, 13 जून को होंगे ऑडिशन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव 2024 में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां देने के लिये कलाकारों के ऑडिशन 12 और 13 जून को पूर्वाह्न 10 बजे से सायं पांच बजे तक गेयटी थियेटर में आयोजित किये जायेंगे। अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव के आयोजन को लेकर सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा ने शुक्रवार बताया कि ऑडिशन में भाग लेने के लिये इच्छुक कलाकारों को ऑनलाइन माध्यम से 11 जून दोपहर 12 बजे तक आवेदन करना होगा।

## सुडोकू 6579 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 8 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 | 1 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 4 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 2 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 9 | 3 | 7 |
| 4 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 1 | 6 |

# आगामी सेब सीजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें : जगत सिंह नेगी



**शिमला, 7 जून (देशबन्धु)।** राज्य सरकार आगामी सेब सीजन के दौरान फल उत्पादकों को लाभ पहुंचाने के लिए यूनिवर्सल कार्टन की शुरूआत सुनिश्चित करेगी। यह बात बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज यहां विभिन्न हितधारकों के साथ सेब सीजन की तैयारियों के तैयारियों के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सेब उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है। सेब सीजन के महत्व को देखते हुए राज्य सरकार सेब सीजन को सफल बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। सभी हितधारकों के लाभ के लिए राज्य में यूनिवर्सल कार्टन का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सेब उत्पादकों से किए गए वायदे को पूरा करने के लिए पिछले साल वजन (किलोग्राम) के हिसाब से सेब की बिक्री शुरू की गई थी। उन्होंने फल व्यापारियों के पंजीकरण और उनको लाइसेंस देने तथा फल उत्पादकों को समय पर भुगतान करने पर भी बल दिया। जगत सिंह नेगी ने शिमला जिला प्रशासन को मांग के अनुसार फलों की पेटियों के परिवहन के लिए ट्रकों और पिकअप वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा किलोग्राम और किलोमीटर के आधार पर सेब के परिवहन के लिए माल ढुलाई शुल्क निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने फागू में मुख्य नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को सेब सीजन के दौरान यातायात प्रबंधन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग को फल उत्पादक क्षेत्रों को टर्मिनल मंडियों से जोड़ने वाली सड़कों के उचित रखरखाव और भारी बारिश और भूस्खलन से बाधित सड़कों को समय पर बहाल करने के निर्देश दिए गए। हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन और प्रसंस्करण निगम लिमिटेड (एचपीएमसी) के प्रबंध निदेशक सुदेश कुमार मोखटा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया और आश्वासन दिया कि सेब उत्पादकों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव गांधी, संयुक्त सचिव बागवानी विक्रम सिंह नेगी, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता संघ लिमिटेड (हिमफेड) के प्रबंध निदेशक ज्ञान सागर नेगी, हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि एवं विपणन बोर्ड (एचपीएसएएमबी) के प्रबंध निदेशक हेमिस नेगी, सचिव राज्य परिवहन प्राधिकरण नरेश ठाकुर, मुख्य अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) लोक निर्माण विभाग सुरेश कपूर तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

**■ फल उत्पादकों को लाभ पहुंचाने के लिए यूनिवर्सल कार्टन का क्रियान्वयन**

# मोदी 3.0 के लिए देश तैयार, अब विकास पकड़ेगा और रफ्तार : जयराम ठाकुर

**शिमला, 7 जून (देशबन्धु)।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला से जारी वक्तव्य में कहा कि देश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी औ एनडीए गठबंधन को पूर्ण जनसमर्थन दिया। जिससे नरेन्द्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में अपनी सेवाएं देने जा रहे हैं। नरेन्द्र मोदी 3.0 का कार्यकाल देश के विकास के लिए ऐतिहासिक होगा। इस बात की घोषणा नरेन्द्र मोदी ने पहले ही कर दी है। आने वाला समय भारत के ऐतिहासिक प्रगति का कालखंड होगा। सबका साथ और सबका विकास के ध्येय के साथ भारत वैश्विक पटल और सशक्त और सहभागी होगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले ही कहा था कि उनके तीसरे कार्यकाल के लिए सरकार ने अपना रोड मैप तैयार कर लिया है। सिर्फ़ विकास और सबकी संतुष्टि के एजेंडे पर काम करना ही भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य है। देश में नरेन्द्र मोदी ने 'जो कहा वह करके दिखाया' वाली राजनीति की है। झूठे नारे और झूठी गारंटियों का दौर भारतीय राजनीति से ख़त्म किया। हर भारतीय तक सरकार पहुंचाने, सरकार की योजनाएँ पहुंचाने, बिना किसी बिचौलिए के हर भारतवासी को शत प्रतिशत धनराशि पहुंचाने का रिकॉर्ड बनाया। लाखों करोड़ की संख्या में हर योजना के लाभार्थी हैं ल। जिन्हें अपनी पात्रता के अन्तर्गत मिलने वाली योजनाओं के लाभ निर्धारित समय पर हमेशा मिल रहा है। इसी कारण आज समूचा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा करता है। देश में गारंटी का सिर्फ़ एक ही नाम है नरेन्द्र मोदी। जयराम ठाकुर ने कहा कि देश और प्रदेश के लोगों ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन को पूरी तरह नकार दिया है।

**■ देश ने इंडी गठबंधन को नकारा, मोदी के विकास पर लगाई मुहर**




# उत्तरकाशी में गंगोत्री नेशनल हाईवे पर अचानक बरसने लगे बोल्डर

■ अमरनाथ तिवारी

**उत्तरकाशी, 7 जून (देशबन्धु)** डबरानी के समीप पहाड़ी से लगातार बोल्डर गिर रहे हैं। शुक्रवार सुबह बड़े-बड़े बोल्डर आने के कारण हाईवे करीब डेढ़ घंटे बंद रहा। जिसके बाद बीआरओ ने मैदान काटकर आवाजाही शुरू करवाई। पुलिस ने हर्षिल सहित सोनगाड़ और डबरानी में वाहन रोके रखे हैं। हर्षिल सहित झाला से उत्तरकाशी की ओर वाहन छोड़े जा रहे हैं। उसके बाद डबरानी और सोनगाड़ से वाहन छोड़े जाएंगे। बीआरओ अभी भी सड़क को दुरुस्त करने में जुटा है। गनीमत रही कि पहाड़ी से बोल्डर गिरते समय वह कोई वाहन नहीं था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। अभी 31 मई को ही गंगोत्री नेशनल हाईवे पर चट्टान गिरने से बड़ा हादसा हो चुका है। शुक्रवार सुबह डबरानी के पास अचानक पहाड़ी से बड़े-बड़े बोल्डर गिरने लगे। इससे गंगोत्री नेशनल हाईवे बंद हो गया। नेशनल हाईवे बंद होने से मार्ग के दोनों ओर तीर्थयात्रियों के वाहन की कतारें लग गई। पुलिस ने तीर्थयात्रियों के वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर रोका। करीब डेढ़ घंटे के बाद नेशनल हाईवे खुलने पर पुलिस ने तीर्थयात्रियों के वाहनों को धीरे-धीरे छोड़ा। आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि सुबह डबरानी के पास गंगोत्री नेशनल हाईवे पर पहाड़ी से बोल्डर गिर थे। लेकिन बीआरओ ने हाईवे खोल दिया है। वहीं मौके पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए पुलिस के जवानों सहित अन्य विभाग के कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

**■ डबरानी में डेढ़ घंटे तक लगी रही वाहनों की कतार**



**नेशनल हाईवे पर खतरा बना हुआ है**

उत्तरकाशी। बीआरओ ने हालांकि मैदान काटकर आवाजाही शुरू तो कर दी है, लेकिन पहाड़ी से रुक-रुक कर पत्थर आने से आवाजाही जोखिम भरी बनी हुई है। एहतियात के तौर पर मौके पर तैनात पुलिस और बीआरओ के जवान तीर्थयात्रियों के वाहनों को धीरे-धीरे पास करवा रहे हैं। गौरतलब है कि 31 मई को डबरानी के पास पहाड़ी से पत्थर गिरने से एक व्यक्ति की मृत्यु हुई थी। 8 लोग घायल हुए थे।

# प्रदेश में 14 जून को सभी जिलों में आयोजित होगी मॉकड्रिल

**शिमला, 7 जून (देशबन्धु)।** प्रदेश के सभी जिलों में 14 जून को होने जा रही आठवीं मॉकड्रिल को लेकर शिमला में आज राज्य आपदा प्रबंधन के निदेशक व विशेष सचिव डी.सी. राणा की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि व सभी जिलों के उपायुक्त शामिल हुए।

प्रदेश भर के सभी जिलों में 12 जून को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा टेबल टॉप अभ्यास किया जाएगा। टेबल टॉप अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में जमीनी स्तर पर की गई तैयारियों का मूल्याकंन करना है। 14 जून को बाढ़, भू-स्खलन, हिम-स्खलन और औद्योगिक आपदा से निपटने के लिए सभी जिलों में मॉकड्रिल की जाएगी, जिसमें विशेषकर स्कूलों, महाविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में आपदा में फंसे छात्रों को सुरक्षित बाहर निकालने को लेकर अभ्यास किया जाएगा। डी.सी. राणा ने कहा कि मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य जीवन और संपत्ति के नुकसान को कम करना और आपदा से निपटने के लिए सभी विभागों के प्रतिनिधियों, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, केन्द्रीय सशस्त्र बलों, पुलिस, होमगार्ड आदि में समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि मॉकड्रिल के दौरान शैक्षणिक संस्थानों में राहत कैंप न बनाए जाए जिससे कि शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित न हो।




**मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य जीवन और संपत्ति के नुकसान को कम करना और आपदा से निपटने के लिए है : डी.सी. राणा**

## शहरी विकास मंत्री ने विकास कार्यों को लेकर ली समीक्षा बैठक

# मॉनसून से पहले पूरे हों देहरादून स्मार्ट सिटी परियोजना के सभी काम : अग्रवाल

**देहरादून, 7 जून (देशबन्धु)।** उत्तराखंड के शहरी विकास मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने शुक्रवार को देहरादून में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत चल रहे विकास कार्यों को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जून के आखिर तक हर हाल में स्मार्ट सिटी परियोजना के सभी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उत्तराखंड 20 जून तक मॉनसून दस्तक दे सकता है। यहीं कारण है कि सरकार और प्रशासन की तरफ से अधूरे पड़े तमाम विकास कार्य जून तक पूरा करने के निर्देश दिए है। दरअसल, बीते कई सालों से स्मार्ट सिटी परियोजना के विकास कार्यों के कारण देहरादून की जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में शहर में जल भराव की समस्या आम बात हो गई है। इन्हीं तमाम मसलों को लेकर शहरी विकास मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने देहरादून में अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए।मंत्री अग्रवाल ने देहरादून में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत क्रैच बिल्डिंग, पलटन बाजार में जल भराव, ई-बसों के संचालन, सहारनपुर चौक पर हो रहे ड्रेनेज कार्यों, सीसीटीवी कैमरे और सीवरेज कार्यों को तय समय पर पूरा करने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए।साथ ही स्मार्ट सिटी परियोजना से जुड़े हुए कार्यों के प्रचार-प्रसार को लेकर तमाम स्थानों पर फ्लैक्सी बोर्ड लगवाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। मंत्री अग्रवाल ने फूटपाथ पर वाहन पार्किंग आदि कब्जों के निराकरण के लिए बोलार्ड लगाये जाने की स्थिति और समय-समय पर अतिक्रमण किये गये स्थानों पर ड्राइव चलाने के लिए अधिकारियों को कहा। चकराता रोड पर फीडर पिलर, डिवाइडर और सौन्दर्यीकरण के कार्यों की भी समीक्षा की। मंत्री ने स्मार्ट सिटी के तहत घरों में वाटर मीटर लगाये जाने, आराघर से मोथरोवाला तक के कार्यों की स्थिति पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि जल्द से जल्द बचे हुए कार्यों को पूरा करे। परेड ग्राउंड के चारों ओर 8 हाई मास्ट और 101 स्ट्रीट लाइट लगाये गये हैं। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने कहा कि ग्रीन बिल्डिंग का कार्य नवंबर 2025 तक पूरा कर लिया जायेगा, जबकि बाकी बचे स्मार्ट सिटी परियोजना के काम जून महीने तक पूरा कर लिया जाएगा।

**■ अधिकारियों को जून के आखिर तक हर हाल में स्मार्ट सिटी परियोजना के सभी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए**



**ग्रीन बिल्डिंग का कार्य नवंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा, जबकि बाकी बचे स्मार्ट सिटी परियोजना के काम जून महीने तक पूरा कर लिया जाएगा : प्रेमचंद्र अग्रवाल**

# प्रादेशिकी

## बागी सुधार गृह में भी था ओपन जेल सिस्टम

**फर्रुखाबाद,** 7 जून (देशबन्धु)। सरकार की मंशा में प्रदेश की ओपन जेल सेन्ट्रल जेल फतेहगढ़ में बनकर लगभग तैयार है लेकिन क्या आप जानते है कि देश आजाद होने के बाद भी जेल में ओपन जेल सिस्टम रहा है जिसे बागी सुधार गृह के नाम से जाना जाता है जिसकी जगह पर ही ओपन जेल का निर्माण किया जा रहा है। दरअसल सेन्ट्रल जेल फतेहगढ़ पूर्व में लकूला फर्रुखाबाद में थी। जिसके बाद 1868 सेन्ट्रल जेल फतेहगढ़ का निर्माण कराया गया जिसे 989 बीघा में विकसित किया गया। उसके बाद जब देश आजाद हुआ तो जो बागी बने थे उनको रखनें के लिए सेन्ट्रल जेल में पांच एकड़ में बागी सुधार गृह व उसके बाहर 30 एकड़ का फार्म हाउस बनाया गया। रिटायर्ड प्रधान बंदी रक्षक बिहारी लाल नें बताया कि उन्हें याद है कि बागी सुधार गृह में बागी रखे गए थे।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा उत्तर प्रदेश

**लखनऊ,** 7 जून (देशबन्धु)। योगी सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने के योगी सरकार के प्रयास का ही नतीजा है कि प्रदेश की 35 और स्वास्थ्य इकाइयों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) सर्टिफिकेट मिला है। इसके साथ ही प्रदेश में एनक्वास प्रमाणित स्वास्थ्य इकाइयों की संख्या बढ़कर 217 पहुंच गई है। यह प्रमाण पत्र प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों को गुणवत्तापूर्ण इलाज, स्वास्थ्य के मानकों को पूरा करने एवं उस पर खरा उतरने पर मिला है।

बता दें कि एनक्वास के तहत स्वास्थ्य इकाइयों की सेवा गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिए किए गए ठोस प्रयासों से प्रेरित होकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक डा. पिंकी जोवल ने हाल ही में प्रदेश के सभी अपर निदेशकों व सीएमओ को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि वर्ष 2025 तक 50 प्रतिशत और वर्ष 2026 तक सभी स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास प्रमाणित कराने के निर्धारित लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र में अपने कार्य को गति दें। एनएचएम की मिशन निदेशक ने बताया कि सीएम योगी की नीतियों का असर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में दिखने लगा है। इसके तहत प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों में प्रदेशवासियों को सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज दिया जा रहा है। यही वजह है कि पिछले पांच माह में 35 स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास प्रमाण पत्र मिला है, जिसमें 32 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। एनएचएम के महाप्रबंधक क्वॉलिटी एश्योरेंस डॉ. निशांत कुमार जायसवाल ने बताया कि इस वर्ष एनक्वास पाने वाली सीएचसी में वाराणसी की चोलापुर और रामपुर की बिलासपुर सीएचसी शामिल हैं।



■ स्वास्थ्य इकाइयों को गुणवत्तापूर्ण इलाज करने पर मिला राष्ट्रीय प्रमाण पत्र
■ अब तक प्रदेश की 217 स्वास्थ्य इकाइयों को मिल चुका है राष्ट्रीय प्रमाण पत्र

इसके साथ ही प्रदेश में एनक्वास प्रमाणित स्वास्थ्य इकाइयों की संख्या बढ़कर 217 पहुंच गई है। एनक्वास प्रमाण पत्र के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता मूल्यांकनकर्ता डॉ. मुस्तफा खान ने बताया कि एक बार जब किसी स्वास्थ्य इकाई को एनक्वास प्रमाण पत्र मिल जाता है तो यह निश्चित है कि वहां आने वाले सभी रोगियों के लिए अंतरराष्ट्रीय संचालन प्रक्रिया और मानक उपचार दिशानिर्देशों का पालन होगा। इसका मतलब है कि सभी रोगियों को यह विश्वास हो जाता है कि उनका इलाज उसी प्रक्रिया से किया जा रहा है, जिस प्रक्रिया से अमेरिका या ब्रिटेन में किसी अन्य रोगी का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रमाणपत्र रोगी के अधिकारों, जिम्मेदारी और अस्पताल के कर्मचारियों की संतुष्टि को भी सुनिश्चित करता है। प्रदेश में अब तक कुल 95 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और 122 अन्य स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास प्राप्त हो चुका है।

इनमें लखनऊ में अब तक सबसे अधिक 15 स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास मिला है। इस संबंध में बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुणा ने बताया कि एनक्वास मिलने के बाद उनके अस्पताल में मरीजों के लिए सुविधाएं बढ़ी हैं। आईसीयू अपडेट हुआ है। अस्पताल का जो स्टाफ एनक्वास पाने की प्रक्रिया में शामिल था, उन सबमें जिम्मेदारी की भावना बढ़ी है। इनमें पहले स्थान पर राजधानी है। राजधानी के सिविल अस्पताल, झलकारी बाई अस्पताल, अवंती बाई अस्पताल, रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल, लोकबंधु अस्पताल, आरएमएल अस्पताल, बख्शी का तालाब व सरोजनी नगर सीएचसी व पांच आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एनक्वास प्रमाण पत्र मिला है।

वहीं दूसरे नंबर पर प्रयागराज है, जहां 12 स्वास्थ्य इकाइयों को अब तक एनक्वास मिल चुका है। सिर्फ एक स्वास्थ्य इकाई में एनक्वास पाने वाले जिलों में सीतापुर, हरदोई, बरेली, मुरादाबाद, औरैया, बागपत, बहराइच, मैनपुरी, मथुरा, मऊ, सिद्धार्थनगर, बुलंदशहर शामिल हैं।

### इन मानकों पर खरा उतरने पर मिलता है एनक्वास

एनक्वास, भारत सरकार की संस्था 'नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर द्वारा दिया जाने वाला राष्ट्रीय प्रमाणपत्र है जो स्वास्थ्य इकाइयों को विभिन्न मानकों पर परखने और मानक पूरा होने पर प्राप्त होता है। एनक्वास न सिर्फ जिला अस्पताल, बल्कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिल सकता है। इसके तहत सरकारी अस्पतालों के मुख्य आठ विभागों की सेवाएं को मापदंड पर परखा जाता है। इन विभागों में अंतः रोगी विभाग, रेडियोलॉजी विभाग, प्रसूति वार्ड, ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर, प्रयोगशाला, फार्मेसी, प्रशासनिक विभाग, सेवा विभाग का कामकाज देखा जाता है। इनके अलावा बायो मैट्रिक हाजिरी, ई-उपचार, मरीजों को मिलने वाला भोजन भी टीम परखती है। साथ ही सेवा प्रदाताओं के व्यवहार का भी आकलन किया जाता है।

# देश की जनता की सेवा के लिए एनडीए सरकार संकल्पित : योगी

**लखनऊ,** 7 जून (देशबन्धु)। शुक्रवार को नरेंद्र मोदी का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय हो गया है। भाजपा संसदीय दल और एनडीए के संसदीय दल ने पार्लियामेंट के सेंट्रल हॉल में नरेंद्र मोदी को लोकसभा का नेता चुना लिया। इस ऐतिहासिक अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी को बधाई दी। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने की उम्मीद जताई। सीएम योगी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, एक भारत-श्रेष्ठ भारत के शिल्पकार, अमृतकाल के सारथी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से भाजपा संसदीय दल, एनडीए संसदीय दल और लोकसभा के नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए परिवार आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत के निर्माण और 140 करोड़ परिवारीजनों की सेवा के लिए पूर्णत: संकल्पित है। भारत माता की जय। सेंट्रल हॉल में इस कार्यक्रम में सीएम योगी भी उपस्थित थे। जब पीएम मोदी को एनडीए के संसदीय दल का नेता चुना गया तो सभी उपस्थित लोगों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिवादन किया। इस दौरान जैसे ही मुख्यमंत्री योगी ने पीएम मोदी को बुके भेंट किया, पीएम मोदी ने उनकी पीठ थपथपा दी। लोकसभा नतीजों के बाद यह पहला अवसर था, जब मुख्यमंत्री योगी और प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात हो रही थी। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का सीएम योगी की पीठ थपथपाना उनकी हौंसला अफजाई करना था, जो यह स्पष्ट संदेश है कि उत्तर प्रदेश के नतीजों को लेकर पीएम मोदी बहुत ज्यादा चिंतित नहीं हैं और उन्हें सीएम योगी के नेतृत्व और उनकी क्षमता पर पूरा भरोसा है।



■ लोकसभा में लगातार तीसरी बार नेता चुने जाने पर मोदी को दी बधाई

## सार संक्षेप

### जनता व किसानों को पौधे वितरित किए



**किठौर।** कस्बे के मेरठ गढ़ रोड स्थित 50 बेड हॉस्पिटल में लोगों के लिए पौधा वितरण किया गया। जिसमें दर्जनों पौधों को वितरण किया गया। जानकारी देते हुए अस्पताल के मुख्य अधीक्षक डॉक्टर विश्वास चौधरी ने बताया कि भीषण गर्मी में लोग परेशान है। उन्होंने आगे कहा कि इस क्षेत्र मे भीषण गर्मी का होना पेड़ों की कमी से हैं। इसके मुद्देनजर हॉस्पिटल के माध्यम से कई दर्जन पौधों को जनता व किसानों को वितरण किया गया। इन पौधों वितरण में मुख्य रूप से बड़े टिंबर प्लांट, छायादार प्लांट शामिल थे। इस पौधा वितरण के समय डॉ. आलोक नायक, डॉक्टर गायत्री, डॉ. सुनील, डॉक्टर सारिका सर्जन, डॉक्टर सोनी, विनय कुमार, विजेंद्र फार्मासिस्ट डॉक्टर आशा, सोनू फार्मासिस्ट, डॉक्टर मनीषा बंसल एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### नीट परीक्षा परीक्षा अना परवीन का शानदार प्रदर्शन



**किठौर।** कस्बा शाहजहांपुर निवासी अना परवीन पुत्री अंदाज अली ने प्रतियोगी परीक्षा नीट में 672 अंक प्रात करने पर सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव मुमताज आलम ने उनके आवास पर पर जाकर छात्रा व उसके परिजनों को मिठाई खिलाकर फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर मुमताज आलम ने कहा कि ये हमारे कस्बे के लिए गर्व की बात है कि हमारे कस्बे की बेटी ने अपनी कड़ी मेहनत के बल पर नीट जेसी कठिन परीक्षा में उच्च रैंक हासिल की। जिसके लिए छात्रा के माता पिता भी तारीफ के हकदार हैं। इस मौके पर मुमताज आलम, प्रधान युसुफखा, जावेद खघन, जावेद रंगरेज, फहीम खघन, हारून खघन, सरफराज भाई, फराज सलमानी मौजूद रहे।

### भाकियू ने दिया अल्टीमेटम

**मवाना।** मवाना कौल-मुबारिकपुर मार्ग पर निर्माणाधीन ओवरहेड टैंक का मामला गर्म हो गया है। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम को दिये पेत्र में अल्टीमेटम दिया है कि रास्ते की जमीन पर बनाया जा रहा ओवरहेड टैंक हटाया जाए और 12 जून तक रास्ते की जमीन को कब्जा मुक्त किया जाए। इस सम्बंध में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के एनसीआर महासचिव नरेश चौधरी ने एसडीएम को पत्र सौंपा है। मवाना कौल-मुबारिकपुर रोड पर पुनर्गठन पेयजल योजना के तहत पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक व अधिशासी अधिकारी राजीव जैन ने 14 जनवरी 2023 को इस ओवरहेड टैंक के निर्माण का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया था। यहां पर 2500 किलोलीटर क्षमता का ओवरहेड टैंक बनाया जाना था। नगर पालिका मवाना का भूमि रिकार्ड के अनुसार खसरा न. 1581 पालिका का है, जिसका क्षेत्रफल 0.168 हेक्टेयर है, जबकि रास्ते का खसरा 1582 है, जिसका क्षेत्रफल 0.986 हेक्टेयर है।

## एमपीएस की दो छात्राओं ने रजद पदक जीते




■ स्कूल का बढ़ाया गौरव
■ पांचवीं ओपन स्टेट रोलर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में लिया था हिस्सा
■ प्रबंध समिति की ओर से छात्राओं एवं कोच को दी बधाई

**मेरठ,** 7 जून (देशबन्धु)। वेस्ट एण्ड रोड स्थित मेरठ पब्लिक स्कूल मेंन विंग की कक्षा 10 की अनम चौधरी एवं कक्षा 11 की ऐश्वर्या कपूर ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में खेलकूद प्रतियोगिताओं में नित्य नए कीर्तिमान स्थापित करते विद्यालय की सफलता का एक और परचम लहराया है। इन दोनों छात्राओं ने प्रदेश की डर्बी स्केट्स टीम के सदस्य के रूप 2 जून 2024 को लखनऊ में आयोजित पांचवी ओपन स्टेट रोलर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता रजत पदक प्राप्त किया एवं देश ,परिवार व विद्यालय के गौरव में वृद्धि की। छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्या अलका श्रीवास्तव गौड़ ने संपूर्ण प्रबंध समिति की ओर से छात्राओं एवं उनके कोच विजय वीर सिंह को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एक साल में तलाशी नहीं गई जेसीबी की फाइल

**मवाना,** 7 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका मवाना कार्यालय से एक साल से अधिक समय बीत गया लेकिन अफसर भारी भरकम स्टाफ से जेसीबी की फाइल नहीं तलाश करा सके। फाइल रखना किसकी जिम्मेदारी है, यह भी पता नहीं लगा सके। इससे बड़ी बात यह है कि नगर पालिका ने 29 लाख रुपए से अधिक रुपये में खरीदी गई जेसीबी का किस कम्पनी को किस अफसर ने भुगतान किया है, इसका पता लगाने के लिए अफसरों के पास समय नहीं है।

मवाना नगर पालिका के चेयरमैन अखिल कौशिक ने 26 मई 23 को शपथ ली थी। शपथ लेने के कुछ दिनों बाद उन्होंने इस मामले में पालिका अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर जेसीबी की फाइल तलाशने को कहा था। बाद में मौखिक रूप से भी कहा गया लेकिन जेसीबी की फाइल नहीं तलाशी गई। पालिका कार्यालय में यह भी चर्चा है कि पुरानी जेसीबी मशीन पर रंग कराकर पालिका को बेच दी गई और नई जेसीबी खरीदने के नाम पर 29 लाख रुपए से अधिक का भुगतान कर दिया गया। इसी कारण जेसीबी खरीद में शामिल कर्मियों ने फाइल को गायब कर दिया। अब नगर पालिका वाली जेसीबी मशीन भैंसा रोड पर खत्तो पर खड़ी हुई है, जिसमें से एक बड़ा पहिया और बैटरा गायब हो चुका है। इस तरह से बिना सुरक्षा के धीरे-धीरे जेसीबी से कीमती सामान गायब हो जाएगा। नगर पालिका की जेसीबी मशीन के चालक ने 26 मई 22 को लापरवाही से चलाते हुए भैंसा रोड रंगरेजीयरन कब्रिरस्तान के पास बालिका मुस्कान को कुचल दिया था, उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

इसकी रिपोर्ट मोहल्ला मुन्नालाल निवासी मोहम्मद नसीम ने थाने में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में जेसीबी का नम्बर नहीं लिखा गया, केवल चेसिस नम्बर का उल्लेख किया गया। इस घटना के बाद ही इस जेसीबी की फाइल की तलाश करने की बात उठी थी। जेसी बी का परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया, क्योंकि इसकी खरीद में घोटाले की बू आ रही थी। तभी से यह जेसीबी पुलिस की कस्टडी में है, अब उसे पुलिस ने भैंसा रोड खत्तों पर खड़ा करा दिया है। अधिशासी अधिकारी राजीव जैन ने कहा कि जेसीबी खरीद से सम्बंधित फाइल पालिका कार्यालय से गायब है, उसको फिर तलाश करायेंगे। किस अफसर ने किस संस्था को जेसीबी खरीदने पर चेक से भुगतान किया होगा, इन बिन्दुओं की जांच के सवाल पर कहा कि इन बिन्दुओं की जांच कराई जाएगी।



■ मवाना चेयरमैन के आदेश पर ईओ ने नहीं की कार्रवाई

### एक साल से इस मामले की जांच क्यों नहीं हुई : अखिल कौशिक

चेयरमैन अखिल कौशिक ने कहा कि उन्होंने जेसीबी की फाइल तलाशने के ईओ को एक साल पहले आदेश दिए थे, इसके बावजूद एक साल से फाइल नहीं तलाशी गई, इस बाबत सोमवार को अधिशासी अधिकारी से जवाब तलब किया जायेगा। आगे कहा कि जेसीबी खरीदने को पालिका से 29 लाख रुपये का भुगतान किया गया है, किसको किया गया, किसके द्वारा किया गया, यह सब जांच का विषय है। एक साल से इस मामले की जांच क्यों नहीं की गई।

## टिप्पणियां अयोध्या के नाम पर हो रही नीचता को चुनौती

■ **ओम प्रकाश सिंह**

**लखनऊ,** 7 जून (देशबन्धु)। अयोध्या के विनाशकारी विकास और राममंदिर की व्यवस्थाओं में लूट के किस्से जैसे-जैसे सामने आएंगे, अयोध्या के हिस्से तिरस्कार की भावनाएं और तेजी पकड़ेंगी। अयोध्यावासी तो दर्द से कराह ही रहे हैं, हां अभी उनके सब्र का बांध नहीं टूटा है जैसा कि बाहर से आ रही प्रतिक्रियाएं हैं। अयोध्या की तरफ आने वाली प्रतिक्रियाएं न अनायास हैं, न ही अनावश्यक। अयोध्या को अधिक निरपेक्ष होना होगा, वह अपनी पावनता को ढोंगियों का प्रश्रय नहीं बनने दे सकती है। उसे प्रशंसा के साथ पीड़ाएं सुनने का साहस भी साधना होगा। वहीं अयोध्यावासियों को यह अंतर समझना होगा कि देश के अलग हिस्सों से उठीं टिप्पणियां अयोध्या महात्म्य को चुनौती नहीं हैं, बल्कि अयोध्या के नाम पर हो रही नीचता को चुनौती हैं। वैयक्तिक नीचताओं का निग्रह, स्थान की महानता के आग्रहों से नहीं किया जा सकता। राजनीतिक जय पराजय ने उन प्रतिक्रियाओं में नया आयाम जोड़ा है, थोड़ी उत्तेजना दी है लेकिन आधार यह राजनीतिक हार नहीं है। अयोध्या के पुण्यालोक में अंधेरे के जितने आयोजन हो रहे हैं, उसका प्रतिकार उठने को एक बहाना चाहिए था, जिसे भाजपा की हार ने दिया है लेकिन, इस बहाने को निराधार कर देने से भी वह उमस ठंडक नहीं पाएगी। ताजा टिप्पणियों को राजनीतिक आवेश कहकर, अयोध्या की मान रक्षा का आडंबर मात्र यह सिद्ध करने का प्रयास है कि अयोध्या के कथित दरवेशों और दलालों से भक्तों को कोई शिकायत नहीं है बल्कि यह महज भावात्मक ज्वार है, जोकि भाजपा की हार से उपजा है। जहां आज पाकिस्तान है, वह कभी इसी संस्कृति की पुण्यभूमि थी। जो भारत की भूमि आज की है, उससे अधिक महत्व व मान्यता की भूमि थी। लेकिन, वहां के लोगों ने जो पथ व प्रवृत्ति चुना उसने हमें मजबूर किया कि हम उन्हें बस लानतें भेजें।



अब कोई पाकिस्तान की आलोचना का बचाव वितस्ता और विश्वामित्र की भूमि की दुहाई देकर करने लगे तो उसे पाकिस्तान की प्रवृत्ति का संरक्षक ही माना जाएगा।

## राहगीरों को पिलाया जल

**मेरठ,** 7 जून (देशबन्धु)। शुक्रवार को जल निगम (ग्रामीण) कार्यालय के बाहर जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल निगम के समस्त अधिकारियो/कर्मचारियों, संस्था-एक्शन फॉर रूलर डेवलपमेंट ग्रेटर नोएडा के (डीपीसी) पंकज कुमार गुप्ता, (एडीपीसी) अरविंद मिश्रा के द्वारा इस भीषण गर्मी (तपिश) में मीठे एवं शुद्ध पेयजल केंद्र की व्यवस्था जगह-जगह की गई। बता दें कि बढ़ती गर्मी मं सार्वजनिक स्थानों और भाड़ वाले क्षेत्रों में राहगीरों को शुद्ध पेयजल महैया कराने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश के सभी शहरों में करीब 3 हजार से अधिक जल सेवा केंद्रों पर इस अभियान को चलाने की मुहिम जारी है। ये जल सेवा केंद्र एक बड़े प्याऊ की तरह कार्य कर रहे हैं। ये अभियान अधिकतर अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डे बाजारों मंदिरों और धार्मिक स्थानों पर चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला समन्वयक अभिनव कुमार गुप्ता, निशा चौधरी, संदीप कुमार गौतम, प्रीति सिंह, महबूब उल हक, गुलाब, निशांत शर्मा, गौरव चौधरी, सचिन शर्मा उपस्थित रहे।





वेस्ट एण्ड रोड स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के छात्र अर्चित गोयल ने नीट 2024 की परीक्षा सरकारी सीट के लिए 690 अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण की। अर्चित गोयल 2023-24 की कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा के स्कूल टॉपर भी हैं। यह परीक्षा उत्तीर्ण कर उन्होंने स्कूल का ही नहीं वरन अपने माता पिता का भी नाम रोशन किया। अर्चित गोयल की सफलता पर उन्हें मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य डॉ.कर्मेन्द्र सिंह।

फोटो देशबन्धु

**आयोजन** | *सुभारती विश्वविद्यालय में किया गया बुद्ध मेले का शुभारंभ*

## हमारे भारतीय संस्कारों में विशेष महत्व रखता है मेला : डा. अतुल कृष्ण

**मेरठ,** 7 जून (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में सुभारती समूह की संस्थापिका संघमाता डॉ.मुक्ति भटनागर की स्मृति में उनके परिनिर्वाण दिवस पर सुभारती बुद्ध मेले का शुभारंभ हुआ। बुद्ध मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारत सरकार के अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य रिनचेन ल्हामो, सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण, कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड़, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज, प्रतिकुलपति डॉ. हिमांशु ऐरन, मेला समिति के सलाहकार डॉ. हिरो हितो, डॉ. वैभव गोयल भारतीय, मेला अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार ने फीता खोल कर किया।

■ मेले में परिवार के साथ बच्चों ने की मस्ती, झूलों का आनन्द लिया
■ 14 जून तक किया जाएगा आयोजन

अतिथियों ने बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया एवं संघमाता स्मारक तथागत बुद्ध प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। मेले की धार्मिक कार्यक्रम के साथ शुरुआत हुई। शोभा यात्रा अनागारिक धर्मपाल संघा छात्रावास से निकाल गई, जो बोधि वृक्ष पर पहुंच कर समाप्त हुई। इसके उपरान्त तथागत बुद्ध के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि हुई। इस दौरान बौद्ध विद्वानों द्वारा थेरावादी व महायानी परम्परा द्वारा मंत्रोच्चारण किया। साथ ही तथागत बुद्ध के बाल स्वरूप का स्नान संस्कार हुआ। सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने मेला आगंतुकों का सुभारती परिवार की ओर से स्वागत किया।



उन्होंने बताया कि संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में संघमाता डॉ.मुक्ति भटनागर परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर मैत्री एवं सद्भावना सम्मेलन के साथ बुद्ध मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि मेला हमारे भारतीय संस्कारों में विशेष महत्व रखता है, जिसमें ज्ञानवर्द्धन के साथ सद्भावना व सामाजिक एकता को बल मिलता है।

उन्होंने कहा कि मानव कल्याण हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली सुभारती समूह की संस्थापिका संघमाता डॉ.मुक्ति भटनागर हमेशा समाज को उन्नति, सद्भावना व एकता का संदेश देकर उत्साह व उमंग के साथ खुशियां बांटने हेतु प्रेरित करती रही। उन्हीं की प्रेरणा से सुभारती बुद्ध मेला प्रेम, करुणा, मैत्री के भाव से आयोजित किया गया है। उन्होंने संघमाता डॉ.मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन द्वारा बौद्ध धर्म को पल्लवित करने हेतु मानवता के हित में किए जा रहे कार्यों से सभी को रूबरू कराया। इस अवसर पर भंते डॉ. चन्द्रकीर्ति, भंते विमल बोधी, कुलसचिव एम याकूब, डॉ. जी.सी. श्रीवास्तव, मेला समिति के सलाहकार डॉ. हिरो हितो, डॉ. वैभव गोयल भारतीय, मेला अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष डा. विवेक कुमार, डॉ. निखिल श्रीवास्तव, पूर्व न्यायाधीश राजेश राजेश चंद्रा, राजकुमार सागर, डॉ. सत्यम खरे, सीटीओ विवेक तिवारी, पीपीडी निदेशक ई. आकाश भटनागर, डॉ. शशि राज तेवतिया, डॉ. मनोज कपिल, कर्नल राजेश त्यागी, डॉ. पिन्टू मिश्रा, डॉ. संचित प्रधान, डॉ. संदीप कुमार, डॉ एससी थलेड़ी, हर्षवर्धन कौशिक, डॉ. सुधीर त्यागी, अनुज प्रधान, इन्द्रपाल बौद्ध, नरेश कुमार, दीपक गुप्ता, अशोक टकसालिया आदि सहित आयोजन समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।




देशबन्धु नई दिल्ली, शनिवार, 8 जून, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## वरुण धवन की फिल्म जुग जुग जियो का बनेगा सीक्वल

**मुंबई।** बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरुण धवन की सुपरहिट फिल्म जुग जुग जियो का सीक्वल बनाया जा सकता है। करण जौहर निर्मित फिल्म वर्ष 2022 में रिलीज हुई थी। 'जुग जुग जियो' में वरुण धवन, कियारा आडवाणी, अनिल कपूर और नीतू कपूर जैसे सितारे थे। इस फिल्म में दो अलग-अलग जेनरेशन के कपल को दिखाया गया था। 'जुग जुग जियो 2' पर काम किया जा रहा है। इस बार यह फिल्म नए टाइटल के साथ आ सकती है। चर्चा है कि जुग जुग जियो के सीक्वल में एक बार फिर वरुण धवन नजर आ सकते हैं। संभव है कि टाइगर श्रॉफ भी इस फिल्म का हिस्सा बने। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन फिल्म होने वाली थी, जिसमें वरुण और टाइगर लीड रोल में होंगे।

# सिर की मालिश से माइग्रेन में राहत



**मुंबई,** 7 जून (एजेंसियां)। अपनी आंखें बंद करिए और एक दृश्य की कल्पना करिए। आप दिन भर के काम से थके-हारे आकर एक आरामदायक कुर्सी पर बैठे हैं। दो मजबूत हथेलियां आपके सिर और गर्दन की मसाज कर रही हैं। आपकी गर्दन से होते हुए सिर के ऊपर तक हल्के हाथों से प्रेशर पॉइंट्स को प्रेस किया जा रहा है। आपके माथे पर हल्के हाथों से टैपिंग की जा रही है और आप रिलैक्स मोड में चले गए हैं। इस एहसास के बारे में सोचकर ही कितना अच्छा लग रहा है न। सिर मसाज होता ही है इतना रिलैक्सिंग।

हम बात कर रहे हैं सिर की मालिश की। हर कोई चाहता है कि एक थकान भरे दिन के बाद सिर मसाज मिल जाए तो सारी थकान उतर जाए। सिर मसाज सिर्फ रिलैक्सिंग ही नहीं होता, बल्कि ये हमारी सेहत के लिए भी उतना ही फायदेमंद है।

क्या आप जानते हैं कि हमारे सिर का कनेक्शन पूरी बॉडी से होता है। जब सिर स्वस्थ रहेगा, तभी हमारा शरीर भी स्वस्थ रहेगा। मस्तिष्क से ही हम सोचते हैं, तर्क करते हैं, सीखते है और चीजों को याद रखते हैं। हमारे लिए क्या सही है और क्या गलत, यह हमारा दिमाग ही हमें बताता है।

लेकिन कई बार हम एक साथ कई चीजों में इतना उलझ जाते हैं कि ढंग से सोच नहीं पाते, पैनिक कर जाते हैं, बातों का तनाव ले लेते हैं या वक्त पर खाना नहीं खाते। यही चीजें सिर दर्द का कारण बनती हैं। वहीं कुछ लोगों का लगातार सिर दर्द माइग्रेन का रूप ले लेता है। जब ब्रेन तक ब्लड फ्लो सही तरीके से नहीं होता तो ये ब्रेन स्ट्रोक का भी खतरा बन जाता है।

ये सब चीजें हमारे ब्रेन से ही कनेक्टेड हैं। अब आप समझ ही गए होंगे कि हमारे मस्तिष्क का स्वस्थ रहना कितना जरूरी है। इसे स्वस्थ रखने का एक तरीका है सिर मसाज। इसलिए आज 'सेहतनामा' में बात करेंगे कि कैसे सिर मसाज हमारे सिर को राहत देता है। साथ ही जानेंगे -

### कुर्सी पर बैठकर काम करने वालों के लिए फायदेमंद

### सिर मसाज से बेहतर होता है ब्लड सर्कुलेशन

सिर की मालिश मस्तिष्क में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाती है। जब प्रेशर पॉइंट्स को दबाया जाता है तो उस जगह ब्लड फ्लो तेज हो जाता है। ऐसा करने से बालों की ग्रोथ अच्छी होती है।

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित वर्ष 2015 की एक स्टडी के मुताबिक सिर के पिछले हिस्से में गर्दन के ऊपर कुछ प्रेशर पॉइंट्स को प्रेस करने से सिरदर्द की फ्रीक्वेंसी और इंटेंसिटी में कमी आई।

### सिरदर्द और माइग्रेन से दिलाए राहत

माइग्रेन के दर्द को रोकने और उसका इलाज करने के लिए दवाएं एक आम तरीका हैं, लेकिन कुछ शोध बताते हैं कि सिर मसाज कुछ लोगों के लिए मददगार हो सकता है। यदि आप सिरदर्द या माइग्रेन से पीड़ित हैं तो सिर की मालिश दर्द को कम कर सकती है। यह उन लोगों के लिए विशेष रूप से अच्छी खबर है, जो माइग्रेन की दवाओं के दुष्प्रभाव से जूझ रहे हैं।

इसी तरह नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित वर्ष 2016 की एक अध्ययन में देखा गया कि रोज सिर्फ 15 से 25 मिनट हेड मसाज से महिलाओं के सिस्टोलिक और डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर में कमी आई।

### अनिद्रा करे दूर, आएगी अच्छी नींद

कई लोगों को यह शिकायत रहती है कि उन्हें रात भर नींद नहीं आती है। ऐसे में सिर की मालिश इस समस्या से निजात दिला सकती है। रात में सोने से पहले गर्म तेल की मालिश करने से आपको अच्छी नींद आने में मदद मिल सकती है।

### दिन भर के तनाव का सबसे कारगर इलाज- सिर मसाज

भागदौड़ भरी जिदंगी, अनहेल्दी डाइट, परेशानियों और थकावट भरा दिन, यह सब तनाव पैदा करता है। ऐसे में सिर मसाज इस तनाव को दूर करने के लिए काफी कारगर उपाय हो सकता है। सिर की मालिश करवाना काफी आनंददायक लगता है। मसाज से स्ट्रेस हॉर्मोन कोर्टिसोल कम होता है और 'फील गुड' हॉर्मोन सेरेटोनिन और डोपामिन लेवल बढ़ता है। इससे हमें तनाव में आराम मिलता है।

### इम्यून सिस्टम को करे बूस्ट

सिर की मालिश सिर्फ सिरदर्द में ही फायदेमंद नहीं है। ये हमारे इम्यून सिस्टम को भी सही रखती है। इससे इम्यूनिटी बढ़ती है। सिर की मालिश से शरीर से टॉक्सिन्स रिलीज होते हैं और बीमारी के जोखिम को कम करते हैं।

# 'गांठ' के कलाकारों के साथ सलोनी बत्रा ने की खूब मस्ती

## दिल्ली के टेस्टी खानों का उठाया लुत्फ



**मुंबई,** 7 जून (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस सलोनी बत्रा अपनी अपकमिंग मर्डर मिस्ट्री सीरीज 'गांठ चैप्टर 1जमनापार' को लेकर काफी चर्चाओं में है। वह इस सीरीज में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने प्रोडक्शन टीम के साथ अपनी बॉन्डिंग के बारे में बात की। टीम के साथ अपने एक्सपीरियंस को शेयर करते हुए सलोनी ने कहा कि मुझे ऐसी अद्भुत टीम के साथ काम कर बेहद खुशी हुई। हर एक व्यक्ति अपने काम में माहिर है। इससे कैमरे के पीछे काम करना आसान हो गया है।

उन्होंने कहा कि हमारी टीम में गहरी दोस्ती है, हम अक्सर मजाक करते हैं, अलग-अलग टॉपिक पर बात करते हैं, और एक-दूसरे पर जोक्स बनाते हैं। हम खूब मस्ती करते हैं - जैसे एक साथ दिल्ली के टेस्टी खाने का लुत्फ उठाना और पैक-अप के बाद रिलैक्स करना।

उन्होंने आगे कहा कि हंसी और रिलैक्स के इन पलों ने एक अलग जोश भरा और फैमिली की तरह माहौल बनाया, जिससे हमने जिस भी प्रोजेक्ट पर काम किया, वह एक सुखद और यादगार अनुभव बन गया। बता दें कि फिल्म की शूटिंग दिल्ली में हुई।

इस शो में मानव विज और मोनिका पंवार लीड रोल में हैं। 'गांठ' का ट्रेलर जारी हो चुका है, जिसमें पुलिस इंस्पेक्टर गदर सिंह और साइकियाट्रिक साक्षी मुर्मू एक साथ मिलकर सामूहिक आत्महत्या मामले को सुलझाते हुए दिख रहे हैं। उन्हें एक घर में सात शव लटके हुए मिले। उनकी जांच में कई पहलू सामने आए, जिनमें गंभीर अपराध, धार्मिक विश्वास, अंधविश्वास और सामाजिक मनोविकृति है।

कनिष्क वर्मा द्वारा निर्देशित, यह सीरीज 11 जून को जियो सिनेमा पर प्रीमियर होगी। सलोनी ने इससे पहले संदीप रेड्डी वांगा की डायरेक्शन में बनी एक्शन क्राइम थ्रिलर 'एनिमल' में रणबीर सिंह की बहन रीत का किरदार निभाया था। इस फिल्म में रणबीर कपूर, बॉबी देओल, अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, सुरेश ओबेरॉय और सलोनी बत्रा समेत कई कलाकारों ने अहम रोल प्ले किया था।

# प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्ट्रेलिया में शुरू की 'द ब्लफ' की शूटिंग



**मुंबई,** 7 जून (एजेंसियां)। मशहूर एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी अपडेट फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। इस कड़ी में एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने 'द ब्लफ' की शूटिंग शुरू कर दी है। प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म के क्लैपबोर्ड की एक फोटो शेयर की और कैप्शन में लिखा, 'लेट्स गो! डे वन' 'द ब्लफ' की शूटिंग से पहले प्रियंका ने फिल्म के कलाकारों और क्रू के साथ एक यॉट पार्टी का वीडियो शेयर किया था, जिसमें उनकी बेटी मालती मैरी जोनस भी नजर आयीं। वीडियो में प्रियंका अपनी बेटी मालती के साथ मस्ती करती दिखीं। इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा कि जब मैं कोई नया प्रोजेक्ट शुरू करती हूं, तो मेरे लिए यह जानना बहुत जरुरी होता है कि इसे बनाने के लिए साथ आने वाले लोग कैसे हैं। हम अपने परिवार और घरों से दूर, एक साथ बहुत समय बिताते हैं, सोचते हैं, खाते हैं और उस कला में सांस लेते हैं जिसमें हम योगदान दे रहे हैं। फिल्म की कहानी एक पूर्व महिला समुद्री डाकू के ईद-गिर्द घूमती है, जिसका किरदार प्रियंका ने निभाया है, जो अपने परिवार की रक्षा के लिए एक यात्रा पर निकलती है।

'द ब्लफ' की शूटिंग ऑस्ट्रेलिया में चल रही है। यह फ्रैंक ई. फ्लावर्स द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म मशहूर एक्टर कार्ल अर्बन भी हैं।

प्रियंका की 'हेड्स ऑफ स्टेट' भी रिलीज होने वाली है, जिसमें जॉन सीना और इदरीस एल्बा लीड रोल हैं। प्रियंका को 'देसी गर्ल' कहा जाता है। बॉलीवुड में उन्होंने कई हिट फिल्में दी, जिसमें 'बर्फी', 'डॉन', 'मैरी कॉम' और 'बाजीराव मस्तानी' जैसी मूवीज शामिल है। बॉलीवुड के बाद वह अब हॉलीवुड में अपना जलवा दिखा रही हैं।

### चिकित्सकों ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

# समय से पहले 25 सप्ताह में जन्मी बच्ची को दिया जीवनदान



- जन्म के समय मासूम का वजन मात्र 750 ग्राम
- मां में गर्भाशय-ग्रीवा और गंभीर यूरिनरी इंफेक्शन की पहचान की

**बेंगलुरू,** 7 जून (एजेंसियां)। एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए डॉक्टरों ने समय से पहले जन्मी 25 सप्ताह की एक बच्ची को जीवनदान दिया। जन्म के समय मासूम का वजन मात्र 750 ग्राम था। बेंगलुरु के क्लाउडनाइन ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चिकित्सकों ने 25 सप्ताह की अवधि में मां में गर्भाशय-ग्रीवा और गंभीर यूरिनरी इंफेक्शन (यूटीआई) की पहचान की।

अक्षम गर्भाशय ग्रीवा डिजीज गर्भाशय ग्रीवा को छोटा और कमजोर कर सकती है या गर्भावस्था के दौरान इसे बहुत जल्दी खोल सकती है। वहीं, यूटीआई सूजन संबंधी परेशानियों का कारण बनती है, जिससे गर्भाशय में संकुचन होता है और समय से पहले प्रसव का खतरा बढ़ जाता है। गंभीर यूटीआई के कारण 25 सप्ताह में प्रसव के दौरान झिल्ली का फटना शुरू हो गया, जिसके कारण बेंगलुरु की इस महिला ने 750 ग्राम वजन की एक बच्ची को जन्म दिया।

25 सप्ताह की उम्र में, भ्रूण के अधिकांश अंग ठीक से विकसित नहीं होते हैं, और इसलिए समय से पहले जन्मे ऐसे बच्चों के बचने की संभावना बहुत कम होती है। क्लाउडनाइन में कंसल्टेंट नियोनेटोलॉजिस्ट और बाल रोग विशेषज्ञ मोहित सिंघल ने बताया कि जब मां 25 सप्ताह की गर्भवती थी और उसे अक्षम गर्भाशय ग्रीवा और गंभीर यूरिनरी संक्रमण (यूटीआई) का पता चला तो हम परिणाम और बच्चे के जीवित रहने के संभावना को लेकर काफी संदेह में थे। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों में 24 से 26 सप्ताह के बीच जन्म लेने वाले लगभग 50-60 प्रतिशत बच्चे जीवित रह सकते हैं। 4 में से केवल 1 बच्चे (25 प्रतिशत) का ही जीवित रहना संभव है। लगभग 50 प्रतिशत में हल्की विकासात्मक कमियां हो सकती हैं और 25 प्रतिशत को गंभीर न्यूरो डेवलपमेंट समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है जैसे कि मूवमेंट सेरेब्रल पाल्सी, सुनने की क्षमता में कमी, दृष्टि में कमी और सीखने में गंभीर कठिनाई होना शामिल है। जन्म के तुरंत बाद बच्चे को सांस लेने में तकलीफ होने लगी, जिसके कारण उसे इनट्यूबेशन और वेंटिलेटर सपोर्ट की जरूरत पड़ी। दूसरे दिन, बच्चे को हाइपोटेंशन या लो ब्लड प्रेशर का अनुभव हुआ और उसे रक्त संचार को स्थिर करने और ऑक्सीजन की आपूर्ति को अनुकूल बनाने के लिए दवाओं की जरूरत पड़ी। इसके अलावा, हृदय की स्थिति का आकलन करने के लिए किए गए ईसीएचओ स्कैन से एक महत्वपूर्ण पेटेंट डक्टस आर्टेरीओसस नामक अतिरिक्त रक्त वाहिका का पता चला, जिसे दवा देकर हटा दिया गया।

# सोनी सब ने 'बादल पे पांव है' की घोषणा की

**मुंबई,** 7 जून (एजेंसियां)। अगर महिलाएं अपने जीवन में महत्वाकांक्षा रखती हैं, तो उन्हें अक्सर 'लालची' करार दिया जाता है, और सोनी सब का आगामी और बहुप्रतीक्षित शो बादल पे पांव है बानी (अमनदीप द्वारा अभिनीत) की प्रेरक कहानी से इस पुरानी सोच को तोड़ने के लिए तैयार है, जो सभी बाधाओं के बावजूद अपने परिवार को बेहतर जीवन देने के लिए कड़ी मेहनत करती है। टेलीविज़न पर एक परिवर्तनकारी शो, जो व्यक्ति द्वारा अपनी नई सीमाएं गढ़ने और बेहतर जीवन पाने का प्रयास करने के एक साहसिक और प्रासंगिक विषय पर प्रकाश डालता है, 'बादल पे पांव है' का निर्माण पावरहाउस निर्माता जोड़ी, सरगुन मेहता और रवि दुबे किया है। यह शो एक मध्यमवर्गीय लड़की बानी की कहानी है, जो अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष करती है, फिर भी उसकी आकांक्षाएं उनके जीवन में आने वाली बाधाओं से बड़ी हैं। एक उत्साही और महत्वाकांक्षी लड़की, बानी का मानना है कि बेहतर जीवन चाहना कोई नकारात्मक गुण नहीं है, बल्कि व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाने और अपने सपनों को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। जैसे-जैसे बानी की आकांक्षाएं बढ़ती हैं, वह अनजाने में शेयर मार्केट और ट्रेडिंग की डायनेमिक व अक्सर पुरुष-प्रधान दुनिया में कदम रखती है। 'बादल पे पांव है' उसके बलिदानों, संघर्षों और एक बार में एक साहसिक कदम उठाते हुए अपने सपनों को हकीकत में बदलने की दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है। पंजाब की उत्साही और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध पृष्ठभूमि पर आधारित, बानी का किरदार उसकी मातृभूमि की परंपराओं और आदर्शों पर गहनता से निहित है। बानी अपने प्रभावशाली आशावाद और दृढ़ भावना से दर्शकों को इस बात के लिए प्रेरित करेगी कि उन्हें अपने सामने आने वाली बाधाओं से हारे बिना अपने सपनों को फॉलो करने के लिए प्रेरित करेगी। 'बादल पे पांव है' देखते रहें, जो 10 जून से हर सोमवार से शनिवार शाम 7:30 बजे प्रसारित होगा, केवल सोनी सब पर।




# हीट वेव, भीषण गर्मी से केले की फसल को नुकसान

- 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर का तापमान, केले की खेती के लिए खतरा
- लंबी और बौनी दोनों प्रजातियों के केले की खेती का उत्पादन



**पटना,** 7 जून (एजेंसियां)। बिहार के हाजीपुर और कोसी क्षेत्र की पहचान केले के उत्पादक के रूप में होती है। इन इलाकों में लंबी और बौनी दोनों प्रजातियों के केले की खेती की जाती है। हाल के वर्षों में हीट वेव और भीषण गर्मी ने केले की फसल को नुकसान पहुंचाया है। वैज्ञानिकों का भी मानना है कि कई वर्षों से हीट वेव (लू) की साल दर साल बढ़ती आवृत्ति और तीव्रता, विशेष रूप से 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर का तापमान, केले की खेती के लिए महत्वपूर्ण खतरा पैदा कर रहा है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि अत्यधिक तापमान केले की वृद्धि और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

डॉ राजेंद्र प्रसाद सेंट्रल एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, पूसा, समस्तीपुर के विभागाध्यक्ष और अखिल भारतीय फल अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक प्रोफेसर डॉ. एस के सिंह ने कहा कि उच्च तापमान केले में फूल और फल लगने के लिए आवश्यक हार्मोनल संतुलन को बाधित करता है। वे कहते हैं कि फूल को बढ़ावा देने वाले हार्मोन, गर्मी के तनाव से नकारात्मक रूप से प्रभावित हो जाते हैं, जिससे पुष्पक्रम का खराब विकास होता है। इसके अलावा, फूल लगने की महत्वपूर्ण अवधि के दौरान गर्मी के चलते असामान्य फूल होंगे जिससे कम फल लग सकते हैं।

कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बिहार में केले की खेती 42.92 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में होती है, जिससे कुल 1968.21 हजार टन उत्पादन होता है। बिहार की उत्पादकता 45.86 टन प्रति हेक्टेयर है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर केला 924 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में उगाया जाता है, जिससे कुल 33,062 टन उत्पादन प्राप्त होता है।

बताया जाता है कि इसकी खेती के लिए आवश्यक है कि तापक्रम 13 से 40 डिग्री के बीच हो। सर्दी में न्यूनतम तापमान जब 10 से डिग्री नीचे जाता है तब केला के पौधे के अंदर द्रव का प्रवाह रुक जाता है, जिससे केला के पौधे का विकास रुक जाता है और कई तरह के विकार दिखाई देने लगते हैं।

सिंह बताते हैं कि हीट वेव से केले के पकने की प्रक्रिया तेज हो जाती है, जिससे समय से पहले फल पक जाते हैं और फलों की 'शेल्फ लाइफ' कम हो जाती है। उच्च तापमान पर श्वसन दर में वृद्धि के कारण स्टार्च का शर्करा में तेजी से कमी आ जाती है, जिससे फल अधिक पके और अक्सर फट जाते हैं। किसान भी मानते है कि हीट वेव से केले की फसल प्रभावित हुई है। इधर, वैज्ञानिकों का मानना है कि सिंचाई के जरिए मिट्टी की नमी के स्तर को बनाए रखा जा सकता है।

# ब्रेन ट्यूमर से बचने के लिए जागरूकता है जरूरी



**ग्रेटर नोएडा,** 7 जून (देशबन्धु)। हर साल 8 जून को विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस मनाया जाता है। इस दिन दुनिया भर के स्वास्थ्य विशेषज्ञ ब्रेन ट्यूमर के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एकजुट होते हैं। ब्रेन ट्यूमर दिमाग में सेल्स का असामान्य रूप से बढ़ना होता है। यह या तो दिमाग में ही बन सकता है या शरीर के दूसरे हिस्सों से फैलकर दिमाग तक पहुंच सकता है। हालांकि, ब्रेन ट्यूमर होने के सही कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के न्यूरोसर्जन डॉक्टर प्रशांत अग्रवाल ब्रेन ट्यूमर के कुछ मुख्य पहलुओं पर रोशनी डालते हुए बताया। डॉक्टर अग्रवाल बताते हैं कि ब्रेन ट्यूमर मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं, पहला इंट्रा-एक्सियल और दूसरा एक्स्ट्रा-एक्सियल। इंट्रा-एक्सियल ट्यूमर मस्तिष्क के 'अंदर' होते हैं। इनमें सबसे आम प्रकार है ग्लियोमा। वहीं एक्स्ट्रा-एक्सियल मस्तिष्क के बाहर होता है और इसमें मेनिनजियोमा सबसे ज्यादा पाया जाता है। ब्रेन ट्यूमर होने का कोई स्पष्ट कारण तो नहीं पता चला है, लेकिन कुछ संभावित जोखिम कारकों में रेडिएशन के संपर्क में आना और सिर पर चोट लगना शामिल है। उम्रदराज लोगों में हाई-ग्रेड ग्लियोमा होने का खतरा ज्यादा होता है। पी 53 जैसे जेनेटिक म्यूटेशन का संबंध भी ब्रेन ट्यूमर से हो सकता है। ब्रेन ट्यूमर के खतरे को कम करने के लिए रेडिएशन के संपर्क को कम करना जरूरी है, खासकर बिना वजह के सीटी स्कैन करवाने से बचना चाहिए। फिलहाल शोधों से यह साफ नहीं हो पाया है कि खानपान और व्यायाम का ब्रेन ट्यूमर के खतरे से सीधा संबंध है। इलाज की बात करें तो साधारण ट्यूमर का ऑपरेशन करके ठीक किया जा सकता है। गंभीर ट्यूमर को पूरी तरह से ठीक करना हमेशा संभव न हो, लेकिन सर्जरी, कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी से मरीजों की उम्र और जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार किया जा सकता है। डॉक्टर अग्रवाल ब्रेन ट्यूमर के इलाज के लिए विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन से सलाह लेने की सलाह देते हैं। घरेलू नुस्खे कारगर नहीं होते और इलाज में देरी से मरीज की स्थिति खराब हो सकती है। आधुनिक सर्जरी तकनीक, जैसे हाई-डेफिनिशन माइक्रोस्कोप, न्यूरो-मॉनिटरिंग और सीयूएसए उपकरणों का इस्तेमाल ऑपरेशन के बाद होने वाली परेशानियों को कम करता है, जिससे मरीजों के जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 5.83 प्रतिशत |
| विप्रो | 5.09 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 4.50 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 4.13 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 4.04 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एफ़टीएसई | 0.56 प्रतिशत |
| डैक्स | 0.84 प्रतिशत |
| निक्केई | 0.05 प्रतिशत |
| हैंगसेंग | 0.59 प्रतिशत |
| कम्पोजिट | 0.08 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 74,220 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# डिजिटल भुगतान खुफिया प्लेटफॉर्म बनाएगा आरबीआई

**मुंबई,** 7 जून (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ग्राहकों को ऑनलाइन लेनदेन में धोखाधड़ी से बचाने के लिए एक डिजिटल खुफिया प्लेटफॉर्म स्थापित करेगा।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए बताया कि पिछले कुछ वर्षों में रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान प्रणालियों में लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए डिजिटल भुगतानों की सुरक्षा और संरक्षा के लिए कई उपाय किए हैं। इस तरह के विश्वास को बनाए रखने के लिए धोखाधड़ी की घटनाओं को कम करना होगा। कई धोखाधड़ी पीड़ितों को भुगतान करने या क्रेडेंशियल साझा करने के लिए प्रभावित करके की जाती हैं जबकि भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र (बैंक, एनपीसीआई, कार्ड नेटवर्क, भुगतान एग्रीगेटर और भुगतान ऐप) ग्राहकों को इस तरह की धोखाधड़ी से बचाने के लिए निरंतर आधार पर विभिन्न उपाय करते हैं।



**भुगतान प्रणालियों में नेटवर्क-स्तरीय खुफिया और वास्तविक समय में डेटा साझा करने की आवश्यकता है : शक्तिकांत दास**

श्री दास ने बताया कि भुगतान प्रणालियों में नेटवर्क-स्तरीय खुफिया और वास्तविक समय में डेटा साझा करने की आवश्यकता है। इसलिए, एक डिजिटल भुगतान खुफिया प्लेटफॉर्म स्थापित करने का प्रस्ताव है, जो भुगतान धोखाधड़ी के जोखिमों को कम करने के लिए उन्नत तकनीकों का उपयोग करेगा। इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए रिजर्व बैंक ने एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा स्थापित करने के विभिन्न पहलुओं की जांच की खातिर एनपीसीआई के पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए. पी. होता की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है।

समिति से दो महीने के भीतर अपनी सिफारिशें देने की उम्मीद है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि रेकरिंग लेन-देन के लिए ई-मैंडेट की प्रोसेसिंग के लिए 10 जनवरी 2020 को रिजर्व बैंक द्वारा जारी किया गया फ्रेमवर्क वर्तमान में दैनिक, साप्ताहिक, मासिक आदि जैसे निश्चित अवधि के साथ रेकरिंग भुगतान सक्षम बनाता है। अब फास्टैग, एनसीएमसी में शेष राशि की पुन:पूर्ति जैसे भुगतानों को ई-मैंडेट फ्रेमवर्क में शामिल करने का प्रस्ताव है।

## आरबीआई के रिजर्व बफर में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को अधिशेष के रूप में 2.11 लाख करोड़ रुपये हस्तांतरित करने के साथ ही रिजर्व बफर को भी 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद उसके निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि चूंकि अर्थव्यवस्था मजबूत और लचीली बनी हुई है, इसलिए केन्द्रीय बोर्ड ने इस अवसर का उपयोग आकस्मिक रिजर्व बफर (सीआरबी) के तहत जोखिम प्रावधान को 2022-23 के 6.0 प्रतिशत से बढ़ाकर 2023-24 के लिए रिजर्व बैंक की बैलेंस शीट का 6.5 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इससे रिजर्व बैंक की बैलेंस शीट और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) द्वारा चालू वित्त वर्ष में पांच जून तक 5 अरब डॉलर की निकासी किए जाने के दबाव में कारोबार करने के बावजूद भारतीय रुपया 2024-25 के दौरान अब तक (5 जून तक) कम अस्थिरता के साथ सीमित दायरे में है।

## निकट भविष्य में निवेशकों का भरोसा हो सकता है कम : मूडीज

**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। गठबंधन सरकार में राजनीतिक स्थिरता की कमी और आम सहमति बनाने की जरूरत के चलते निर्णय लेने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है। मूडीज एनालिटिक्स ने शुक्रवार को यह अनुमान जताते हुए कहा कि ऐसे में निकट भविष्य में निवेशकों का भरोसा कम हो सकता है। मूडीज एनालिटिक्स ने चुनाव के बाद एक टिप्पणी में कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों का मतलब है कि संसद में समीकरण बदलने वाले हैं, क्योंकि गठबंधन के सहयोगी नीतिगत निर्णयों में प्रभाव डालेंगे और फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। टिप्पणी के मुताबिक, हालांकि इससे शासन के लिए अधिक समावेशी दृष्टिकोण पाने में मदद मिलेगी। मतदाताओं ने भाजपा को गठबंधन सरकार चलाने के लिए मजबूर किया' शीर्षक वाली समीक्षा में कहा गया कि भाजपा को सरकार बनाए रखने के लिए बातचीत और समझौते की मदद लेनी होगी। इससे निर्णय लेने की



■ **गठबंधन सरकार में निर्णय लेने की प्रक्रिया होगी धीमी**

प्रक्रिया धीमी हो सकती है और शायद पार्टी की कुछ प्रमुख नीतिगत पहल धीमी हो सकती हैं। भाजपा ने 2024 के आम चुनाव में 240 सीटें जीतीं हैं, जबकि इससे पहले उसे 2019 में 303 सीटें मिलीं थीं। इस बार के आम चुनावों में हालांकि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को लोकसभा में 293 सीटें मिलीं, जो बहुमत के आंकड़े 272 से अधिक है। मूडीज एनालिटिक्स ने कहा कि हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार सत्ता में वापसी की है, लेकिन भाजपा की कमजोर स्थिति राजनीतिक समीकरण में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है।

## वार्डविजर्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी को मिला 1.29 अरब डॉलर का ऑर्डर

**वड़ोदरा,** 7 जून (एजेंसियां)। भारत में 'जॉय ई-बाईक' ब्राण्ड के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 'जॉय ई-रिक' के तहत तिपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड को बेउला इंटरनेशनल डेवलपमेन्ट कॉर्पोरेशन से 1.29 अरब डॉलर का ऑर्डर मिला है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि बेउला फिलीपीन्स में आरपी कनेक्ट द्वारा समर्थित फुल सर्विस बिज़नेस इंटीग्रेशन कंपनियों और ईपीसी फर्मों में से एक है। इसके साथ वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड अपने मौजूदा पोर्टफोलियो से प्रोडक्ट्स डिलीवर करेगी, जिसमें कमर्शियल एवं पैसेंजर व्हीकल सेगमेन्ट में इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहन शामिल होंगे। साथ ही फिलीपीन्स मार्केट के लिए कमर्शियल वाहनों हेतु चार-पहिया वाहन भी विकसित करेगी। कंपनी को यह ऑर्डर एक सामरिक साझेदारी के तहत मिला है, जिसे फिलीपीन्स की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ बदलाव लाने के लिए समझौता ज्ञापन के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया। इस साझेदारी का उद्देश्य फिलीपीन्स में इलेक्ट्रिक वाहनों की नई तकनीकों के माध्यम से सार्वजनिक परिवहन में बदलाव लाना, नौकरियों के नए अवसर उत्पन्न करना और स्थानीय अर्थव्यवस्था में सहयोग प्रदान करना है।

## पेटीएम ने यूपीआई लेनदेन में सुधार के दिखाए संकेत

**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। भारत में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का चलन बढ़ता जा रहा है। हर कोई पेमेंट के लिए यूपीआई का उपयोग करता है। इस बीच पेमेंट एंड फाइनेंशियल सर्विस कंपनी पेटीएम को अपने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) बिजनेस में सुधार और मजबूत स्थिरता के शुरुआती संकेत मिल रहे हैं। यह कंपनी के लिए जबरदस्त वापसी का संकेत है।

मई में पेटीएम प्लेटफॉर्म पर प्रोसेस्ड यूपीआई ट्रांसक्शन्स (लेनदेन) का कुल मूल्य बढ़कर 1.24 ट्रिलियन रुपए हो गया। इसका श्रेय कंपनी द्वारा शुरू की गई कई पहलों को जाता है - यूपीआई पर क्रेडिट कार्ड, यूपीआई लाइट आदि।

मई में प्लेटफॉर्म पर कुल लेनदेन 1.14 बिलियन पर स्थिर होने के साथ




■ **पेटीएम एकमात्र भारतीय कंपनी है जो गूगल पे व फोनपे के अधिकार को दे रही है चुनौती**

पेटीएम मार्केट हिस्सेदारी के मामले में तीसरा सबसे बड़ा प्लेयर बन गया। जबकि यह मार्च में एक थर्ड-पार्टी एप्लीकेशन प्रदाता (टीपीएपी) बन गया था। पेटीएम मार्केट हिस्सेदारी के मामले में तीसरी सबसे बड़ी कंपनी बनी हुई है। इसके अलावा, अपने मर्चेंट बेस के विस्तार को देखते हुए कंपनी पीयर-टू-मर्चेंट (पी2एम) यूपीआई लेनदेन में सबसे आगे बनी हुई है।

पेटीएम एकमात्र भारतीय कंपनी है जो गूगल पे और फोनपे के अधिकार (डुओपोली) को चुनौती दे रही है। यूपीआई ने मई 2024 में करीब 14 बिलियन लेन-देन संभालकर एक मील का पत्थर हासिल किया। यह 49 प्रतिशत साल-दर-साल की वृद्धि है और 20.45 ट्रिलियन रुपए के लेनदेन संसाधित (प्रोसेस्ड) किए गए, जो 2016 में लॉन्च होने के बाद से सबसे ज्यादा है। यह उछाल भारतीय उपभोक्ताओं और व्यवसायों के बीच डिजिटल पेमेंट के लिए बढ़ती प्राथमिकता को रेखांकित करता है।

# लिवाली की बदौलत नए शिखर पर शेयर बाजार

■ **सेंसेक्स 2.16 प्रतिशत की छलांग लगाकर सार्वकालिक उच्चतम स्तर 76,693.36 पर**

■ **निफ्टी 2.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,290.15 अंक के नए रिकॉर्ड पर बंद**

**मुंबई,** 7 जून (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर को लगातार आठवीं बार यथावत रखने से निर्णय से ऑटो, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और रियल्टी समेत दर संवेदनशील समूहों में जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार नये शिखर पर पहुंच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1618.85 अंक अर्थात 2.16 प्रतिशत की छलांग लगाकर सार्वकालिक उच्चतम स्तर 76,693.36 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 468.75 अंक यानी 2.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,290.15 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.28 प्रतिशत उछलकर 44,111.44 अंक और स्मॉलकैप 2.18 प्रतिशत मजबूत होकर 48,731.55 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3952 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2890 में लिवाली जबकि 970 में बिकवाली हुई वहीं 92 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 48 कंपनियों में तेजी जबकि शेष दो में गिरावट रही।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को




चालू वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा में आर्थिक गतिविधियों में जारी तेजी एवं महंगाई पर कड़ी नजर रखने का हवाला देते हुए लगातार आठवीं बार नीतिगत दरों को यथावत रखने का फैसला किया है। इससे निवेश धारणा मजबूत हुई और बीएसई के सभी 20 समूह चढ़ गए।

इस दौरान कमोडिटीज 1.80, सीडी 1.94, ऊर्जा 1.99, एफएमसीजी 1.13, वित्तीय सेवाएं 1.27, हेल्थकेयर 1.65, इंडस्ट्रियल्स 1.85, आईटी 3.38, दूरसंचार 3.78, यूटिलिटीज 2.18, ऑटो 2.53, बैंकिंग 1.09, कैपिटल गुड्स 1.42, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.22, धातु 2.15, तेल एवं गैस 1.84, पावर 1.94, रियल्टी 1.89, टेक 3.33 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.82 प्रतिशत की तेजी पर रहे।

इसी तरह निफ्टी 22,821.85 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 22,789.05 अंक के निचले जबकि 23,320.20 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,821.40 अंक की तुलना में 2.05 प्रतिशत चढ़कर 23,290.15 अंक हो गया।

इस दौरान सेंसेक्स की सभी तीस कंपनियां लाभ में रहीं। इन कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 5.83, विप्रो 5.09, टेक महिंद्रा 4.50, इंफ़ोसिस 4.13, टाटा स्टील 4.04, भारती एयरटेल 3.94, बजाज फाइनेंस 3.86, अल्ट्रासिमको 3.63, टाइटन 3.61, टाटा मोटर्स 3.44, एनटीपीसी 3.06, पावरग्रिड 2.95, रिलायंस 2.64, बजाज फिन सर्व 2.51, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.49, एचसीएल टेक 2.38, सन फार्मा 2.31, टीसीएस 1.62, एसबीआई 1.59, एलटी 1.35, एक्सिस बैंक 1.29, नेस्ले इंडिया 1.20, आईसीआईआई बैंक 1.01, मारुति 0.94, एचडीएफ़सी बैंक 0.88 और आईटीसी शामिल रही।

वहीं, विश्व बाजार में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.56, जर्मनी का डैक्स 0.84, जापान का निक्केई 0.05 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.59 प्रतिशत गिर गया। वहीं, चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.08 प्रतिशत मजबूत रहा।

## अडाणी पोर्ट्स को कंटेनर टर्मिनल के परिचालन के लिए मिला पांच साल का अनुबंध

**अहमदाबाद,** 7 जून (एजेंसियां)। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने शुक्रवार को बताया कि उसे कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर नेताजी सुभाष डॉक कंटेनर टर्मिनल का पांच साल परिचालन करने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट मिला है। इसके साथ ही देश के सबसे बड़े पोर्ट डेवलपर-सह-ऑपरेटर कंपनी ने पूर्वी तट के सबसे बड़े कंटेनर टर्मिनल पर अपनी उपस्थित दर्ज करा ली है। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्विनी गुप्ता ने कहा कि नेताजी सुभाष डॉक के कंटेनर हैंडलिंग केंद्र का अनुबंध एपीएसईजेड को मिलना देश भर में बंदरगाह और लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता और पश्चिम बंगाल में हमें जो संभावनाएं नजर आती हैं, उन्हें रेखांकित करता है। गुप्ता ने कहा कि देश और विदेशों में विभिन्न कंटेनर टर्मिनलों के संचालन के दो दशक से ज्यादा के हमारे अनुभव से ग्राहकों और राज्य के लोगों को फायदा होगा। एपीएसईजेड को प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के जरिए यह पांच साल का अनुबंध मिला है। सफलतापूर्वक बोली लगाने वाले को स्वीकृति पत्र (एलओए) जारी करने के सात महीने के भीतर कार्गो हैंडलिंग के लिए जरूरी उपकरण लगाने होंगे। नेताजी सुभाष डॉक देश के पूर्वी तट पर सबसे बड़ा कंटेनर टर्मिनल है। इसने वित्त वर्ष 2023-24 में 6.3 लाख टीईयू (ट्वेंटी फुट इक्विवेलेंट) कंटेनरों की आवाजाही को हैंडल किया था।



### सार संक्षेप

## मुथूट फिनकॉर्प ने किया 'बुक माई गोल्ड लोन' कैंपेन शुरू

**नई दिल्ली।** देश में 137 साल पुराने मुथूट पप्पाचन ग्रुप की प्रमुख कंपनी मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड (एमएफएल) ने शुक्रवार को बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ अपना 'बुक माई गोल्ड लोन' अभियान (कैंपेन) शुरू किया। मुथूट पप्पाचन ग्रुप को मुथूट ब्लू के नाम से भी जाना जाता है। यह कैंपेन भारत में अपनी तरह की पहली सर्विस पेश करता है किसी भी समय, कहीं से भी तुरंत गोल्ड लोन बुक करें। नई लॉन्च की गई सुविधा ग्राहकों को एडवांस टेक्नोलॉजी और असाधारण ग्राहक सेवा को एकीकृत करते हुए एक साधारण मिस्ड कॉल के साथ लोन प्राप्त करने की सुविधा देती है। मुथूट फिनकॉर्प के सीईओ शाजी वर्गीस ने कहा कि शाहरुख खान के साथ साझेदारी में बुक माई गोल्ड लोन अभियान हमारे लिए एक बड़ी छलांग है। बुक माई गोल्ड लोन सर्विस के साथ हमारा लक्ष्य अपने सभी ग्राहकों के जीवन को आसान बनाना है।

## अमेजन ने प्राइम शॉपिंग एडिशन को पेश किया

**नई दिल्ली।** अमेजन पिछले 15 महीनों से अलग-अलग कीमत वाले प्राइम मेंबरशिप प्लान का परीक्षण कर रहा है ताकि भारत में ग्राहकों को परेशानी मुक्त, फायदेमंद खरीदारी अनुभव प्रदान किया जा सके जो उनकी खरीदारी वरीयताओं के लिए अनुकूलित है। यहां कई मेंबरशिप प्लान हैं जो हर तरह के ग्राहकों और आय वर्ग के लोगों की जरूरतों को पूरा करते हैं : योग्य अमेजन ग्राहक अपनी आवश्यकता के लिए सबसे उपयुक्त प्राइम प्लान को चुन सकते हैं।

अमेजन ने प्राइम शॉपिंग एडिशन को पेश किया है, जो एंड्रॉयड मोबाइल यूजर्स के लिए 399 रुपए पर एक वार्षिक मेंबरशिप प्लान है। प्राइम शॉपिंग एडिशन का वर्तमान में उन ग्राहकों के लिए परीक्षण किया जा रहा है जो केवल शिपिंग और शॉपिंग बेनेफिट्स चाहते हैं। इस मेंबरशिप प्लान में प्राइम वीडियो या अमेजन म्यूजिक जैसा कोई भी डिजिटल या एंटरटेनमेंट बेनेफिट्स नहीं मिलता है। जमील घानी, वाइस प्रेसिडेंट, अमेजन प्राइम, ने कहा, 'प्राइम शॉपिंग एडिशन कई भारतीय ग्राहकों के लिए ऑनलाइन शॉपिंग की पेशकश करेगा, जो वर्तमान में डिजिटल या एंटरटेनमेंट बेनेफिट्स के लिए अनिच्छुक हो सकते हैं।

## दूरसंचार तकनीकी विकास कोष का विस्तार तय

**नई दिल्ली।** दूरसंचार उपकरणों का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए दूरसंचार के शोध व विकास से जुड़े एक कोष का विस्तार किया जा सकता है। दूरसंचार विभाग के अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल दूरसंचार तकनीक विकास कोष सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि के पांच फीसदी या करीब 500 करोड़ रुपए है। इसे बढ़ाकर करीब 3,000 करोड़ रुपए किया जा सकता है। इस लक्ष्य में ग्रामीण क्षेत्र संचार विस्तार के अलावा 'भारत में निर्मित' नेटवर्किंग और दूरसंचार उपकरण के शोध व विकास को शामिल किया जा सकता है।

# सरसों व मूंगफली तेल महंगा दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल और मूंगफली तेल महंगा हो गया जबकि



दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा आठ रिंगिट बढ़कर 3943 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.40 सेंट की गिरावट के साथ 43.95 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल 73 रुपए और मूंगफली तेल की 152 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 200 रुपये और दाल चना 200 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

# विदेश गए स्टार्टअप कर रहे देश का रुख : बर्थवाल

■ **15 से अधिक भारतीय फर्मों ने की भागीदारी**

■ **बैठक में 60 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग**

**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर उल्लेखनीय रूप से ऊंची बने रहने से पहले विदेश जाने वाले स्टार्टअप उद्यमी वापस भारत का रुख कर रहे हैं।

श्री बर्थवाल ने भारत-प्रशांत क्षेत्र आर्थिक समृद्धि समझौता (आईपीईएफ) के तत्वावधान में स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक मंच की बैठक के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अन्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में




लगभग दोगुनी है और यह विचारणीय विषय है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री बर्थवाल ने बैठक में कहा कि देश की मजबूत विकास के कारण ही अब भारत के लिए सकारात्मक उल्टे प्रवाह की परिस्थितियां तैयार हो रही हैं। जो भारतीय स्टार्ट-अप कभी पूंजी पहुंच और कर लाभों के लिए विदेशों का रूख कर गए थे, अब स्वदेश वापसी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ-साथ एआई

**भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अन्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में लगभग दोगुनी है : बर्थवाल**

जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियां और डेटा सेंटर का उदय भविष्य के भारतीय विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। सिंगापुर में भारतीय उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने कहा कि भौतिक और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश का भारतीय अर्थव्यवस्था पर गुणात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विधायी नियामक परिवर्तनों ने इसे बाजार अनुकूल क्षेत्र बनाया है। यह अनुकूल और पूर्वानुमानित नीतिगत वातावरण प्रदान करता है। इस सम्मेलन में भारत की ओर से देश में नए क्षेत्रों में उभरते अवसरों पर प्रस्तुति दी गई। इस बैठक में वैश्विक निवेशकों और वित्तीय संस्थानों के 60 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने के लिए 15 से अधिक भारतीय फर्मों ने भागीदारी की। सिंगापुर के मरीना बे सैंड्स में आयोजित इस बैठक में 60 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें अमेरिका, सिंगापुर, जापान, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया और अन्य देशों के वैश्विक निवेशकों के साथ-साथ भारत के निजी क्षेत्र और सरकारी विभागों के अधिकारी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में टेमासेक, ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स, गारंटको, प्राइवेट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट ग्रुप (पीआईडीजी), गोल्डमैन सैक्स, आई स्क्वैयर्ड कैपिटल, मिजुहो बैंक लिमिटेड, एडवांटेज पार्टनर्स, नोमुरा, डीबीएस बैंक और सिटी बैंक जैसे आईपीईएफ सदस्य देशों के निवेशक उपस्थित थे।

# खेल जगत

## बोपना/एब्डेन फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में बाहर

**पेरिस।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन गुरूवार को फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में हारकर बाहर हो गए। ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन बोपन्ना और एब्डेन की दूसरी सीड जोड़ी को 11वीं सीड इटली के साइमन बोलेली और एंड्रिया वावासोरी से तीन सेटों के सेमीफाइनल में 5-7, 6-2, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल मुकाबले में 44 वर्षीय बोपन्ना और 36 वर्षीय एब्डेन ने अच्छी शुरुआत की लेकिन पहला सेट हार गए। उन्होंने चौथे गेम में ब्रेक हासिल किया और आगे बढ़ गए लेकिन इटालियन जोड़ी ने दो ब्रेक के साथ जवाब दिया - दूसरा और 11वें गेम में निर्णायक ब्रेक के साथ उन्हें 48 मिनट में पहला सेट जीतने में मदद की। बोपन्ना/एब्डेन ने दूसरे सेट की सकारात्मक शुरुआत की और दूसरे गेम में अपने विरोधियों की बढ़त को तोड़ते हुए 3-0 की बढ़त बना ली।



# मोनांक व नेत्रवलकर रहे अमेरिका की पाक पर उलटफेर भरी पहली जीत के नायक



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 7 जून (देशबन्धु)। भारत में जन्में कप्तान विकेटकीपर बल्लेबाज मोनांक पटेल के बेहतरीन अर्द्धशतक तथा भारत के लिए अंडर 19 विश्व कप खेलने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर के निर्धारित 20 ओवर में मैच के टाई' रहने के बाद सुपर ओवर में सटीक गेंदबाजी की बदौलत सह मेजबान अमेरिका ने डलास में 2009 के चैंपियन पाकिस्तान के इफ्तिखार अहमद (4) को बोल्ड कर 13 रन पर रोक नौवें आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के खिलाफ पहली जीत दिला क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा उलटफेर किया। अमेरिका की पाकिस्तान पर इस ऐतिहासिक जीत में मोनांक पटेल, सौरभ नेत्रवलकर, बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ,तेज गेंदबाज जसजीत सिंह और हैरिस रउफ की अंतिम गेंद पर चौका जड़ मैच को टाई' कराने वाले नीतिश कुमार तथा बतौर सब्सिटयूट फील्डर सुपर ओवर में इफ्तिखार का कैच लपकने वाले मिलिंद कुमार सहित आधार आधा दर्जन भारतीयों का अहम योगदान रहा।

अमेरिका के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर (2/18) और बाएं हाथ के स्पिनर नौतुश केनजी (3/30) ,भारतीय मूल के तेज गेंदबाज जसजीत सिंह (1/37) व पाकिस्तान के अटक में जन्में अली खान(1/30) ने धारदार गेंदबाजी कर कप्तान बाबर आजम (44 रन, 43 गेंद, 2 छक्के, तीन चौके ) और शादाब खान (40 रन, 25 गेंद, एक तीन छक्के व एक चौका) की उपयोगी पारियों के बावजूद पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी की दावत दे निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 159 रन पर रोक दिया। कप्तान आणंद (गुजरात) में जन्में मोनांक पटेल (50 रन, 38 गेंद, एक छक्का, सात चौके) और आंद्रियाज गौस (35 रन, 26 गेंद,एक छक्का व पांच चौके) की दूसरी विकेट की 68 रन की भागीदारी तथा एरोन जोंस (अविजित 36 रन,26 गेंद, दो छक्के, दो चौके) और नीतिश कुमार (अविजित 14 रन, 14 गेंद, एक चौका) की 48 रन की चौथे विकेट की असमाप्त भागीदारी की बदौलत अमेरिका ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बना मैच को टाई करा दिया और मैच सुपर' ओवर में खिंच गया।

### पाक के खिलाफ यह कामयाबी पूरे टीम प्रयास से मिली : मोनांक पटेल



पाकिस्तान के खिलाफ पहली बार खेलते हुए उसे टी-20 विश्व कप में हराना वाकई एक शानदार प्रदर्शन है। हमने स्थितियों का बढ़िया इस्तेमाल कर पाकिस्तान को 159 रन पर रोक दिया और यह ऐसा स्कोर था जिसका पीछा कर इसे पार किया जा सकता था। मैं अपने योगदान से खुश हूं और इससे भी ज्यादा खुशी इस बात की है कि हम यह मैच जीतने में कामयाब रहे। टॉस जीत कर हमने शुरू के छह ओवर में जिस तरह बढ़िया गेंदबाजी वही हमारी पाकिस्तान की जीत में निर्णायक साबित हुए। हमने इस दौरान विकेट चटकाए और 12वें ओवर तक वाकई बढ़िया गेंदबाजी की। हमें मालूम था कि पाकिस्तान के क्पतान बाबर आजम और शादाब जोखिम लेंगे। बावजूद इसके हमें यह मालूम था कि हम पाकिस्तान द्वारा बनाए स्कोर को पार कर सकते हैं और इसके लिए हमारे शीर्ष तीन बल्लेबाजों में एक अच्छी भागीदारी की जरूरत थी। मैं और गौस 12 वें ओवर तक क्रीज पर रहे और हमने मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी। जहां तक विश्व कप की बात है तो इसमें आपको खेलने का मौका हर साल नहीं मिलता है। हम यह जानते थे कि पाकिस्तान के खिलाफ हमें हर एक गेंद तक पूरी प्रतिबद्धता से खेलना है। हमें पकिस्तान के खिलाफ यह कामयाबी पूरे टीम प्रयास से मिली।

### अमेरिका इस जीत का हकदार है : बाबर आजम



हम बल्लेबाजी करते हुए शुरू के छह ओवरों का लाभ नहीं उठा सके। गेंदबाजी करते हुए लगातार विकेट चटका कर हमने मैच में वापसी की। गेंदबाजी में शुरू के छह ओवर में अमेरिका का कोई विकेट नहीं चटका पाए । हमारे स्पिनरों ने भी अच्छी गेंदबाजी नहीं की। हम पारी के आखिरी में अच्छी वापसी की लेकिन निर्धारित ओवरों में मैच जीतने में नाकाम रहे। उम्मीद करते हैं कि हम भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हमारे लिए अमेरिका के हाथों इस हार को स्वीकारना मुश्किल है। अमेरिका इस जीत का हकदार है क्योंकि उसने बढ़िया बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण किया। अमेरिका की जीत का सबब भी यह है। जब हमने बल्लेबाजी की तब पिच में कुछ नमी थी और दोहरा उछाल भी था। बतौर पेशेवर क्रिकेटर हमें स्थितियों को बेहतर ढंग से पढ़ना चाहिए था।

## बांग्लादेश के सामने हसरंगा तो श्रीलंका के सामने शाकिब की ऑलराउंड चुनौती

**डलास ( अमेरिका ),** 7 जून (एजेंसियां)। टी20 विश्व कप 2024 में शनिवार को बांग्लादेश का सामना चिर प्रतिद्वंदी श्रीलंका से होगा। यह मुक़ाबला भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे से डलास के ग्रैंड प्रायरी स्टेडियम में खेला जाएगा। बांग्लादेश का इस टूर्नामेंट में यह पहला मुक़ाबला होगा, जबकि श्रीलंका को अपने पहले ग्रुप मुक़ाबले में दक्षिण अफ़्रीका के खिलाफ 6 विकेट की करारी हार मिली थी। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 16 टी20 मुक़ाबले खेले जा चुके हैं, जिसमें श्रीलंका को 11 जबकि बांग्लादेश को पांच में जीत मिली है। टी20 विश्व कप में दोनों टीमों के बीच दो मुक़ाबले हुए हैं, दोनों में श्रीलंका विजेता बनकर उभरा है। 2021 से दोनों देशों के बीच हुए अंतिम पांच मुक़ाबलों में भी श्रीलंका को चार जबकि बांग्लादेश को सिर्फ़ एक में जीत मिली है। मार्च, 2024 में जब श्रीलंका ने बांग्लादेश का दौरा किया था, तो उन्हें तीन मैचों की सीरीज़ में 2-1 से हराया था। कुल मिलाकर पलड़ा श्रीलंका के पक्ष में है, लेकिन बांग्लादेश ने जिस तरह से बड़े टूर्नामेंट्स में उलटफेर किए हैं, इससे उनका दावा कहीं से भी कमज़ोर नहीं कहा जा सकता। हालांकि टूर्नामेंट के एकमात्र अभ्यास मैच में बांग्लादेश को भारत के हाथों 60 रन से हार का सामना करना पड़ा था।



■ श्रीलंका को चार जबकि बांग्लादेश को सिर्फ़ एक में जीत मिली है

**हालिया फ़ॉर्म:** हालिया फ़ॉर्म की बात करें तो मई 2024 में बांग्लादेश, अमेरिका के दौरे पर थी, जहां अमेरिका ने तीन मैचों की टी20 सीरीज़ में उन्हें 2-1 से अप्रत्याशित ढंग से हराया। हालांकि इससे पहले जब ज़िम्बाब्वे, बांग्लादेश के दौरे पर आया था, तब मेज़बान टीम ने उन्हें पांच मैचों की टी20 सीरीज़ में 4-1 से हराया था। वहीं श्रीलंका ने बांग्लादेश दौरे से पहले ज़िम्बाब्वे को भी अपने घर में 2-1 से हराया था। हालांकि उन्हें अभ्यास मैच में नीदरलैंड्स और पहले मुक़ाबले में दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ हार का सामना करना पड़ा, जो उनके लिए चिंता का विषय है।

**प्रमुख खिलाड़ी:** श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा का टी20 विश्व कप रिकॉर्ड बहुत शानदार रहा है और उन्होंने 16 विश्व कप मुक़ाबलों में 31 विकेट लिए हैं। उनकी इकॉनमी भी छह से कम की रही है।

## एसए-20 सत्र 3 अगले वर्ष नौ जनवरी से शुरू होगा, फाइनल 8 फरवरी को

**जोहानसबर्ग,** 7 जून (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के घरेलू टी 20 टूर्नामेंट एसए20 का तीसरा सत्र अगले वर्ष 9 जनवरी से शुरू होगा जिसका फ़ाइनल 8 फरवरी को खेला जाएगा। लीग कमिश्नर ग्रीम स्मिथ नेयह घोषणा की। सनराइजर्स ईस्टर्न केप पहले दो संस्करण जीतने के बाद अपने तीसरे खिताब के लिए उतरेगी। स्मिथ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि फ्रेंचाइजी 2025 के संस्करण के लिए कुछ बड़े नामों को हासिल करने के लिए अपनी योजना को अंजाम दे रही हैं। स्मिथ ने कहा कि दो सफल सत्रों के बाद हम तीसरे सत्र की योजना बना रहे हैं और हर किसी को विश्व क्रिकेट के कुछ बड़े नामों को देखने का मौका देना चाहते हैं चाहे वो खचाखच भरे स्टेडियम के जरिये हो या फिर वैश्विक प्रसारण के जरिये हो। उन्होंने कहा कि हमारे फिक्स्चर, नीलामी और खिलाड़ियों की घोषणाएं आने वाले महीनों में सामने आ जाएंगी और योजना पहले से ही पूरी तरह से गति में है।




# बटलर और वॉर्नर पर होंगी सबकी निगाहें

**बारबाडोस,** 7 जून (एजेंसियां)। शनिवार को टी-20 विश्व कप 2024 में एक धमाकेदार मैच देखने को मिलेगा जब ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत इंग्लैंड से होगी। यह मुक़ाबला भारतीय समयानुसार रात 10:30 बजे से बारबाडोस के ब्रिजटाउन क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

■ रात 10:30 बजे से बारबाडोस के ब्रिजटाउन क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा



इन दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जा चुके हैं जिसमें से 10 में ऑस्ट्रेलिया और 11 में इंग्लैंड को जीत मिली है। दो मैचों के परिणाम नहीं निकल पाए हैं। वर्तमान टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया ने ओमान के ख़िलाफ़ आराम से जीत हासिल की थी, लेकिन इंग्लैंड का पहला मैच बारिश के कारण रद्द हुआ था।

**हालिया फॉर्म :** फरवरी में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीन मैचों की टी20 सीरीज़ में वेस्टइंडीज़ को 2-1 जबकि न्यूज़ीलैंड को 3-0 से मात दी थी। इसके बाद टीम के अधिकतर खिलाड़ी आईपीएल 2024 में व्यस्त हो गए थे। टी20 विश्व कप के अभ्यास मैचों में ऑस्ट्रेलिया को नामीबिया के खिलाफ जीत और वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ हार मिली थी। गौर करने वाली बात ये भी है कि दोनों अभ्यास मैचों में ऑस्ट्रेलिया अपने मुख्य छह खिलाड़ियों के बिना उतरी थी। इंग्लैंड ने विश्व कप से ठीक पहले मई के अंत में पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की टी-20 सीरीज़ में 2-1 से जीत दर्ज की थी। इंग्लैंड के पिछले तीन में से दो मैच बारिश की भेंट चढ़े हैं।

**दोनों टीमों के अहम खिलाड़ी :** ऑस्ट्रेलिया के लिए डेविड वॉर्नर अहम होंगे तो वहीं अहमियत और जरूरत को देखते हुए एश्टन एगर को भी लाया जा सकता है। वॉर्नर ने ओमान के ख़िलाफ़ अर्द्धशतक लगाया था और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इंग्लैंड के टॉप-7 में से छह बल्लेबाज़ दाएं हाथ के हैं तो ऐसे में बाएं हाथ के स्पिनर एगर को लाया जा सकता है। 2022 टी20 विश्व कप से इंग्लैंड के बल्लेबाजों का बाएं हाथ के स्पिनर्स के खिलाफ स्ट्राइक-रेट 127.64 और औसत 29.15 का है।

इंग्लैंड के लिए उनके कप्तान जॉस बटलर अहम होंगे क्योंकि उनका बल्ला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ खूब चलता है। बटलर ने इस टीम के ख़िलाफ़ 15 पारियों में 45.16 की औसत और 151 की स्ट्राइक-रेट से रन बनाए हैं। 2020 सितंबर से अब तक बटलर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच पारियों में चार अर्धशतक लगाए हैं। ख़ास बात यह है कि इनमें से दो बार उनकी स्ट्राइक-रेट 210 से भी अधिक की रही है।

**टीमें: ऑस्ट्रेलिया :** डेविड वॉर्नर, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉयनिस, टिम डेविड, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, एडम ज़म्पा, जोश हेज़लवुड, एश्टन एगर, कैमरन ग्रीन, जोश इंगलिस , नाथन ऐलिस।

**इंग्लैंड :** जॉस बटलर (कप्तान), फ़िल सॉल्ट, विल जैक्स, जॉनी बेयरस्टो, बेन डकेट, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टन, मोईन अली (उपकप्तान), सैम करन, क्रिस जॉर्डन, टॉम हार्टली, आदिल रशीद, मार्क वुड, जोफ़्रा आर्चर, रीस टॉप्ली।

## सार संक्षेप

### डीएसए ए डिवीजन लीग : यंग ब्वायज और यूनाइटेड की जीत

**नई दिल्ली।** प्लेयर ऑफ द मैच दिशान शबीर के दो बेहतरीन गोलों की मदद से यंग ब्वायज एफसी ने जुबा सांघा को 4-1 से हरा कर डीएसए ए डिवीजन लीग में पूरे अंक अर्जित किए। दो गोल सूरज सिंह और डाउंजल ने बांटे। पराजित टीम का इकलौता गोल आशीष शॉ के नाम रहा। नेहरू स्टेडियम में खेले गए एक अन्य मैच में दिल्ली यूनाइटेड ने शिमला यंग एफसी को 2-0 से पराजित किया। सौरभ दलाल और हिमांशु यादव ने यूनाइटेड के लिए गोल जमाए। यंग ब्वायज ने कागजों पर मजबूत टीम के विरुद्ध अभियान की शुरुआत तेज गति के साथ की और जुबा सांघा की कमजोर रक्षा पंक्ति को आसानी से झकझोरते हुए पहले हाफ में चार गोल की बढ़त बना ली। इससे पहले कि जुबा सांघा के रक्षक कुछ समझ पाते विजेता टीम ने मजबूत बढ़त बना ली। हालांकि दूसरे हाफ में पराजित टीम एक गोल उतार पाई लेकिन तब तक उसकी हार पर मुहर लग चुकी थी।

### स्कॉटलैंड ने नामीबिया को पांच विकेट से हराया

**ब्रिजटाउन।** ब्रैड व्हील के तीन विकेट, माइकल लीस्क के हरफनमौला प्रदर्शन तथा कप्तान रिची बेरिंगटन की नाबाद 47 रन की पारी के दम पर स्कॉटलैंड ने टी-20 विश्वकप के 12वें मुकाबले में नामीबिया को पांच विकेट से हरा दिया है। नामीबिया ने गुरुवार को खेले गये मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। नामीबिया की शुरुआत खराब रही और एक समय उसने 37 रन अपने तीन गवां दिये थे। इसके बाद कप्तान गेरहार्ड इरासमस ने पारी को संभाला। उन्होंने 31 बॉल पर (52) की अर्द्धशतकीय पारी। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 10वां अर्धशतक था। जेन ग्रीन (28), निकोलस डेविन (20), डेविड वीजा (14), यान फ्रायलिंक (12) जेजे स्मिट (11) के योगदान से निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 155 रन बनाए। बनाए। स्कॉटलैंड की ओर से ब्रैड व्हील ने चार ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट लिया। ब्रैडली करी को दो विकेट मिले। क्रिस सोल, क्रिस ग्रीव्स और माइकल लीस्क ने एक -एक बल्लेबाज को आउट किया।

### प्रदेश में 14 जून को सभी जिलों में आयोजित होगी मॉकड्रिल

**शिमला।** प्रदेश के सभी जिलों में 14 जून को होने जा रही आठवीं मॉकड्रिल को लेकर शिमला में आज राज्य आपदा प्रबंधन के निदेशक व विशेष सचिव डी.सी. राणा की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि व सभी जिलों के उपायुक्त शामिल हुए। प्रदेश भर के सभी जिलों में 12 जून को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा टेबल टॉप अभ्यास किया जाएगा।

# भारतीय तीरंदाजों ने टीम स्पर्धाओं में जीते चार पदक

**सुवोन,** 7 जून (एजेंसियां)। भारतीय तीरंदाजों ने तीरंदाजी एशिया कप 2024 स्टेज 3 में दो रजत और दो कांस्य समेत चार पदक जीते। दक्षिण कोरिया के सुवोन आयोजित स्पर्धा में भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी और मिश्रित टीमों ने रजत पदक जीते, जबकि पुरुष कंपाउंड और महिला रिकर्व टीमों को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम में कुमुद सैनी, माया बिश्नोई और 16 वर्षीय तेजल साल्वे की तिकड़ी फाइनल में सिम सूइन, पार्क जुंगयून और पार्क येरिन की दक्षिण कोरियाई टीम से 234-232 से हार गई। इससे पहले भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में कजाकिस्तान को और क्वार्टरफाइनल में मंगोलिया को हराया था। कंपाउंड मिश्रित टीम के फाइनल में भारत की 17 वर्षीय कुमुद सैनी और 15 वर्षीय मानव जाधव दक्षिण कोरिया के सिम सूइन और कांग डोंगह्योन से 157-155 से हार गए। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में हांगकांग चीन को और सेमीफाइनल में कजाकिस्तान को हराकर फाइनल में पहुंची थी। वहीं पुरुषों की कंपाउंड टीम स्पर्धा में मानव जाधव, गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु और कुशल दलाल ने चीनी ताइपे के हान टिंग लिन, चेंग एन काओ और हाओ-एन लू को 236-229 के स्कोर से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत ने सेमीफाइनल में मलेशिया से हारने से पहले क्वार्टरफाइनल में हांगकांग चीन को हराया था। भारत की रिकर्व महिला तीरंदाजी टीम ने प्लेऑफ में उज्बेकिस्तान को 5-3 से हराकर कांस्य पदक जीता। भार्गवीबेन भगोरा, बसंती महतो और 14 वर्षीय शारवरी सोमनाथ शेंडे ने ज़ियोदाखोन अब्दुसत्तोरोवा, निलुफर हमरोएवा और ओमिना एर्गाशोवा की विपक्षी टीम को शिकस्त दी। क्वार्टरफाइनल में भारतीय महिला रिकर्व टीम ने कजाकिस्तान को हराया था, लेकिन सेमीफाइनल में स्वर्ण पदक विजेता दक्षिण कोरिया से हार गई थी। सुवोन में एशिया कप के लिए भेजी गई युवा भारतीय टीम के पास शनिवार को अपने पदकों की संख्या बढ़ाने का अवसर होगा। कुमुद सैनी महिला कंपाउंड फाइनल में दक्षिण कोरिया की पार्क येरिन से भिड़ेंगी, जबकि तेजल साल्वे इसी स्पर्धा के कांस्य पदक फाइनल में दक्षिण कोरिया की चो यूजू का सामना करेंगी।



■ भारत की रिकर्व महिला तीरंदाजी टीम ने प्लेऑफ में उज्बेकिस्तान को 5-3 से हराकर कांस्य पदक जीता

## प्राग्नानंदा, वैशाली हारे ; कार्लसन, तिंगजी ने महत्वपूर्ण जीत हासिल की

**स्टावेंजर ( नॉर्वे ),** 7 जून (एजेंसियां) नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट रोमांचक फिनिश की तरफ बढ़ रहा है। टूर्नामेंट के नौवें राउंड में सभी क्लासिकल बाजियां ड्रा रहीं और विजेता का फैसला आर्मगेडन टाई-ब्रेकर के जरिये हुआ। भारत के प्राग्नानंदा आर को फाबियानो कारूआना के खिलाफ आर्मगेडन में हार झेलनी पड़ी। प्राग्नानंदा के पास इस हार के बावजूद खिताब जीतने का मौका है। उन्हें आखिरी राउंड में हिकारू नाकामूरा को हराना होगा और उम्मीद करनी होगी कि स्थानीय हीरो मैग्नस कार्लसन अपनी बाजी कारूआना से हार जाएं। पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन ने नौवें राउंड में अलीरेजा फ़िरोजा पर आर्मगेडन में जीत से अपनी बढ़त बढ़ा ली है। इसका मतलब है कि कार्लसन के लिए फ़ाइनल राउंड में जीत खिताब पर उनका कब्ज़ा पूरी तरह सुनिश्चित कर देगी।

■ प्राग्नानंदा के पास इस हार के बावजूद खिताब जीतने का मौका है



नाकामूरा, जो मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से आर्मगेडन में हार गए, को काले मोहरों से खेलने के बावजूद प्राग्नानंदा के खिलाफ जीत की उम्मीद करनी होगी ताकि वह भी खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकें। इस बीच महिला टूर्नामेंट में दिन की एकमात्र क्लासिकल जीत लेई तिंगजी की वैशाली आर के खिलाफ बाजी में रही। चीनी ग्रैंडमास्टर ने सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए 30 चालों में जीत दर्ज की और फ़ाइनल राउंड में खिताब जीतने के अपने मौके बढ़ा लिए। महिला विश्व चैंपियन जू वेन्जुन ने आर्मगेडन में कोनेरू हम्पी को हराकर डेढ़ अंक की बढ़त बना ली है। अन्ना मुजीचुक ने पिया क्रैमलिंग पर टाई ब्रेक में जीत हासिल की।

# अफगानिस्तान की 'विश्व स्तरीय क्षमता' को जानता है न्यूजीलैंड : विलियम्सन

**टी -20 विश्वकप**

**जार्जटाउन,** 7 जून (एजेंसियां)। न्यूज़ीलैंड के टी 20 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ पहले ग्रुप सी मैच से पूर्व कप्तान केन विलियम्सन ने कहा कि उनकी टीम के खिलाड़ी राशिद खान के नेतृत्व वाली अफगान टीम की क्षमताओं और विश्व स्तरीय कौशल से भली भांति परिचित हैं। विलियम्सन ने कहा कि अफगानिस्तान एक संतुलित टीम है जिसके पास मजबूत स्पिन विकल्प है और उसके पास अच्छे तेज गेंदबाज और बल्लेबाज हैं। कीवी कप्तान ने मैच से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस ने कहा कि वे एक ऐसी टीम हैं जो हर साल विकसित और विकसित हुई है और निश्चित रूप से कुछ फ्रेंचाइजी क्रिकेट में शामिल खिलाड़ी अपनी टीम के भीतर मौजूद प्रतिभा और विश्व स्तरीय कौशल से अच्छी तरह से वाकिफ हैं। हमेशा उनके पास वास्तव में मजबूत स्पिन विकल्प थे, लेकिन अब वे सीमर्स और बल्लेबाजी के साथ एक बहुत अच्छी तरह से संतुलित टीम हैं, इसलिए एक ऐसी टीम के खिलाफ खेलना एक कठिन चुनौती है जो अच्छा खेल रही है और बहुत आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए, हम जानते हैं कि इस प्रतियोगिता में मजबूत टीमें हैं और अक्सर हमारे क्रिकेट की बात आती है। हम ऐसा अक्सर कहते हैं, इसलिए यह उस क्रिकेट के बारे में है जिसे हम खेलना चाहते हैं और अपनी योजनाओं और भूमिकाओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो हमारी टीम में हैं। अभ्यास करने और गयाना में होने वाले विश्व कप मैचों पर नजर रखने के बारे में बात की। अफगानिस्तान चुनौती के लिए न्यूजीलैंड की तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर विलियम्सन ने खूब अभ्यास करने और गयाना में होने वाले विश्व कप मैचों पर नजर रखने के बारे में बात की। विलियम्सन ने कहा कि हम मुख्य रूप से दिन में प्रशिक्षण ले रहे हैं और परिस्थितियों के संदर्भ में दिन और रात के बीच कुछ बड़े अंतर हैं। लेकिन जो कुछ मैच खेले गए हैं, उन्हें देखकर ऐसा लगता है कि यह एक उचित विकेट, एक अच्छा विकेट, एक निष्पक्ष विकेट है। साथ ही, यह गेंदबाजों के लिए थोड़ा अच्छा है लेकिन बल्लेबाजों के लिए भी उतना ही अच्छा है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई खिलाड़ी हैं जो आईपीएल में शामिल थे, और केवल कुछ ही नियमित रूप से खेल रहे थे, इसलिए मुझे लगता है कि अभी भी प्रशिक्षण लेने और अपने खेल में समय लगाने के अवसर थे जो अच्छा है।

अफगानिस्तान एक संतुलित टीम है जिसके पास मजबूत स्पिन विकल्प है और उसके पास अच्छे तेज गेंदबाज और बल्लेबाज हैं : विलियम्सन

